वर्ष- 11 अंक-110
लखनऊ, गुरुवार 07 दिसंबर, 2023
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



भारत को कमजोर करने वाले कर रहे बाबा साहब का अपमान : योगी 03

पहाड़ों पर बदला मौसम, ऊपरी इलाकों में हुई जमकर बर्फबारी 12

## पांच साल में 4.76 लाख करोड़ नहीं खर्च कर सके 16 विभाग

समृद्धि न्यूज

▸ कैग रिपोर्ट में खुलासा टॉप में वित्त व बेसिक शिक्षा विभाग शामिल

**लखनऊ।** यूपी सरकार के अधीन 16 विभागों ने पांच साल में 4.76 लाख करोड़ रुपये खर्च ही नहीं किए। यह कैग की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है। टॉप तीन में वित्त विभाग और बेसिक शिक्षा विभाग भी शामिल है। राज्य सरकार के अधीन 16 विभागों ने पांच साल में 4.76 लाख करोड़ रुपये खर्च ही नहीं किए।

विधानसभा में पेश सीएजी रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ है। खर्च न करने वालों में वित्त विभाग पहले और सबसे नीचे आवास विकास विभाग है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुदान के अंतर्गत सतत बचतों का मतलब है कि या तो योजनाओं और कार्यक्रमों पर काम नहीं किया गया अथवा धीमी गति से काम किया गया। इसके परिणामस्वरूप 16 विभाग पांच साल में 4.76 लाख करोड़ रुपये खर्च नहीं कर सके। वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 के बीच के ऑडिट में पाया गया कि बेहद महत्वपूर्ण विभागों ने धीमी गति से काम किया या फिर किया ही नहीं। पांच साल में खर्च न करने वाले विभागों का लेखा-जोखा खुद गवाह है।

## नई शिक्षा नीति के तहत देश में अब बनेगा बच्चों का अपार आईडी कार्ड

### स्कूल की पढ़ाई-लिखाई से लेकर कॉलेज में एडमिशन लेने और नौकरी ढूंढने तक में मदद करेगा यह कार्ड, सरकार ने शुरू किया काम

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** आधार कार्ड अब हमारी जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। राशन की दुकान से लेकर सिम कार्ड लेने तक में ये काम आता है। अब ऐसा ही एक और कार्ड सरकार आपके बच्चों के लिए बनाने जा रही है। ये आने वाले समय में उनकी स्कूल की पढ़ाई-लिखाई से लेकर कॉलेज में एडमिशन लेने और नौकरी ढूंढने तक में मदद करेगा। इसका नाम सरकार ने 'अपार आईडी कार्ड' रखा है।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने 'अपार आईडी कार्ड' बनाने की शुरुआत की है। ये देशभर में स्कूली छात्रों का पहचान पत्र होगा। इसे ' एक राष्ट्र, एक विद्यार्थी कार्ड' भी कहा जाता है। सरकार जो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लाई है उसके हिसाब से ही 'अपार कार्ड' बनाना शुरू किया है।'अपार कार्ड' का फुल फार्म 'ऑटोमेटेड परमानेंट अकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री' है। सरकार स्टूडेंट का 12 अंकों एक ऐसा आईडी कार्ड बनाएगी जो बचपन से लेकर उनकी पढ़ाई खत्म होने तक स्थायी रहेगा।उनके स्कूल बदलने पर भी उनकी 'अपार आईडी' एक ही रहेगी। ये उनके आधार कार्ड से अलग होगा और आपस में लिंक होगा। इसमें सभी जानकारी ऑटोमेटिक तरीके से अपडेट होती जाएगी। इसके लिए सरकार ने 'एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स' लॉन्च किया है। ये शैक्षिक रजिस्ट्री की तरह काम करता है, इसे आप 'डिजिलॉकर' की तरह 'एडुलॉकर' भी समझ सकते हैं।'अपार कार्ड' असल में एक छात्र की सभी तरह की जानकारी को डिजिटली स्टोर करेगा। इसमें उनकी पढ़ाई-लिखाई का सारा हिसाब-किताब होगा, जैसे कि बच्चों ने कितनी कक्षा तक पढ़ाई की है, उनको क्या-क्या इनाम मिला है, उनके पास कौन-कौन सी डिग्री है, उन्हें वजीफा यानि स्कॉलरशिप मिला है या नहीं, अगर मिला है तो कितना और कहां-कहां से मिला है, उनके किस कक्षा में कितने मार्क्स आए हैं, वगैरह-वगैरह सभी जानकारी इस कार्ड में डिजिटली ट्रांसफर होगी।

### अपार कार्ड बनवाने के लिए हैं यह नियम

'अपार कार्ड' बनवाने के लिए विद्यार्थी के पास एक वैलिड आधार कार्ड होना जरूरी है। 'डिजिलॉकर' पर उसका अकाउंट होना भी जरूरी है। विद्यार्थी की ई-केवाईसी पूरी की जाएगी।'अपार कार्ड' छात्र-छात्राओं को उनके स्कूल या कॉलेज जारी करेंगे। यह रजिस्ट्रेशन बच्चों के माता-पिता की सहमति से होगा। माता-पिता किसी भी समय अपनी सहमति को समाप्त यानि विड्रॉल भी कर सकते हैं। स्कूल और कॉलेज विद्यार्थियों को एक फॉरमेट फॉर्म देंगे, जिसे वह अपने माता-पिता से भरवाकर जमा कर सकते हैं। अभिभावकों की सहमति के बाद ही स्कूल या कॉलेज बच्चों का 'अपार कार्ड' बना सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉक्टर ने पत्नी और दो बच्चों को मारकर की आत्महत्या

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के लालगंज स्थित मॉडर्न रेल कोच फैक्टरी में कार्यरत एक नेत्र सर्जन ने मंगलवार रात पत्नी और दो बच्चों को मारकर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने पड़ताल की है। रेल कोच फैक्टरी में 2017 बैच के असिस्टेंट डिवीजन मेडिकल ऑफिसर (आई स्पेशलिस्ट) डॉ. अरुण सिंह परिवार के साथ रह रहे थे। वह मानसिक अवसाद की बीमारी से पीड़ित थे। पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बच्चों को कोई नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश किया गया। उनके सिर पर प्रहार किया गया। आवास से डॉक्टर, उनकी पत्नी अर्चना सिंह, 12 वर्षीय पुत्री अदिवा और चार वर्षीय पुत्र आरव का शव बरामद हुआ है। डॉ. अरुण मिर्जापुर के थाना अहरौरा के फरदहा गांव के निवासी थे।

विस्तृत खबर पृ. 5 पर

### नए भारत का सामवेद पुस्तक का विमोचन आज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संविधान से जुड़े उद्बोधन के संकलन नए भारत का सामवेद नामक पुस्तक का गुरुवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद लोकार्पण करेंगे। प्रभात प्रकाशन की ओर से इनका संकलन किया गया है। दिल्ली के इंदिरा गांधी कला केंद्र में होने वाले लोकार्पण कार्यक्रम में रामनाथ कोविंद के अलावा इंदिरा गांधी कला केंद्र के अध्यक्ष राम बहादुर राय और केंद्रीय विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी शामिल होंगी।

### मप्र को वन्यजीव पर्यटन के लिए सैंक्चुअरी एशिया अवॉर्ड

**भोपाल।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड को टॉफ टाइगर्स वाइल्ड लाइफ टूरिज्म अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ सतत वन्यजीव पर्यटन राज्य (द बेस्ट सस्टेनेबल वाइल्डलाइफ टूरिज्म स्टेट) के लिए सैंक्चुअरी एशिया अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में टूरिज्म बोर्ड की ओर से यह पुरस्कार उप संचालक युवराज पडोले ने ग्रहण किया। मध्यप्रदेश को भारतीय उपमहाद्वीप में प्रकृति, पर्यटन, उद्योग, सतत प्रथाओं और रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है। यह जानकारी बुधवार को पर्यटन और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव एवं टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक शिव शेखर शुक्ला ने दी।

### सीमावर्ती क्षेत्र से बीएसएफ ने दो संदिग्धों को पकड़ा

**जैसलमेर।** राजस्थान के जैसलमेर जिले के सरहदी इलाके से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने दो संदिग्ध कश्मीरी युवकों को पकड़ा है। पकड़े गए दोनों युवक बिना परमिशन के रोजाणियों की बस्ती में घूम रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर बीएसएफ के 108 बीएन बटालियन के जवानों ने दोनों संदिग्धों को पकड़ा और पूछताछ के बाद उनको सम थाना पुलिस को सौंप दिया। पुलिस अब दोनों संदिग्धों को संयुक्त जांच कमेटी के सुपुर्द करेगी जहां सभी सुरक्षा एजेंसियां पूछताछ करेंगी। सम थाना प्रभारी ऊर्जा राम ने बुधवार को बताया कि प्रतिबंधित इलाके में पकड़े गए दोनों संदिग्ध कश्मीरी युवक सरहदी इलाके में आने का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसलिए अब दोनों को संयुक्त जांच कमेटी के सुपुर्द किया जाएगा जहां सभी सुरक्षा एजेंसियां उनसे कड़ाई से पूछताछ करेंगी।

### अमित शाह ने लोकसभा में जम्मू-कश्मीर को लेकर दो बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा

# नेहरू की गलतियों से बना पीओके

एजेंसी

▸ अमित शाह की नेहरू टिप्पणी को लेकर संसद में हुआ हंगामा



**नयी दिल्ली।** अमित शाह ने पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू को लेकर बड़ा बयान दिया है। लोकसभा में जम्मू-कश्मीर को लेकर दो बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए अमित शाह ने पूर्व पीएम नेहरू द्वारा की गई दो भूलों के कारण जम्मू-कश्मीर को होने वाले नुकसान के बारे में बात की - पहले युद्धविराम की घोषणा और फिर कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में ले जाना। उन्होंने कहा, नेहरू जी ने कहा कि यह मेरी गलती थी। यह कोई गलती नहीं थी, इस देश की इतनी जमीन खोना एक भूल थी! अमित शाह की नेहरू टिप्पणी को लेकर संसद में हंगामा शुरू हो गया। विपक्षी सांसदों ने वॉकआउट किया।

गृह मंत्री ने साफ तौर पर कहा कि नेहरू के समय में जो गलतियां हुई थीं, उसका खामियाजा वर्षों तक कश्मीर को उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि पहली और सबसे बड़ी गलती- जब हमारी सेना जीत रही थी, पंजाब का क्षेत्र आते ही सीजफायर कर दिया गया और पीओके का जन्म हुआ। अगर सीजफायर तीन दिन बाद होता तो आज पीओके भारत का हिस्सा होता। दूसरा-संयुक्त राष्ट्र में भारत के आंतरिक मुद्दे को ले जाने की गलती की। उन्होंने कहा कि हमारे देश के आंतरिक मुद्दे कश्मीर मुद्दे को नेहरू द्वारा संयुक्त राष्ट्र में ले जाना कोई गलती नहीं बल्कि एक बड़ी भूल थी, एक ऐतिहासिक भूल!

उन्होंने कहा कि जो लोग कहते हैं कि धारा 370 हटने के बाद क्या हुआ?... 5-6 अगस्त, 2019 को उनकी (कश्मीरी) आवाज, जो वर्षों से नहीं सुनी गई थी, पीएम मोदी ने सुनी और आज उन्हें उनका अधिकार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जब आतंकवाद ने अपना शिकंजा कस लिया, जब हर किसी को निशाना बनाकर भगाया जाने लगा, तो कई लोगों ने इस पर अपनी तथाकथित चिंताएं व्यक्त कीं। कई लोगों ने पीड़ितों की खराब हालत पर घड़ियाली आंसू बहाए और कई लोगों ने उन्हें अच्छे शब्दों से सांत्वना दी, लेकिन पीएम मोदी एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने सही मायने में पीड़ितों के आंसू पोछे हैं। पीएम मोदी ही एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने वास्तव में लोगों के दर्द को समझा और उसे कम करने के लिए अथक प्रयास किया।

### लोकसभा में जम्मू-कश्मीर से जुड़े दो विधेयक पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक-2023 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक-2023 ध्वनिमत से पारित कर दिया। मंगलवार को विधेयक पर विचार हेतु चर्चा आरंभ हुई थी जो आज भी जारी रही। चर्चा का उत्तर देते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि विधेयक सालों से अधिकारों से वंचित विस्थापितों और सम्मान के लिए लड़ रहे वर्ग को अन्य पिछड़ा वर्ग के तहत आरक्षण देने के लिए लाया गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में जम्मू-कश्मीर से जुड़े दो विधेयकों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के चलते जम्मू-कश्मीर में 45 हजार लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। इस अनुच्छेद को नरेन्द्र मोदी सरकार ने 2019 में उखाड़ फेंका है।

## भाजपा ने तृणमूल के 60 विधायकों के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी

एजेंसी

▸ पीएम के खिलाफ असंसदीय भाषा का इस्तेमाल का मामला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल भाजपा ने मौजूदा विधानसभा सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के लिए कथित तौर पर असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करने के लिए 60 तृणमूल कांग्रेस विधायकों के खिलाफ दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई है।

सदन में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसके पहले राज्य की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य द्वारा सोमवार शाम ममता बनर्जी को लेकर आपत्तिजनक भाषा में लिखी टी-शर्ट पहनने के लिए विपक्ष के नेता और कुछ अन्य भाजपा विधायकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। भाजपा के इस कदम को जवाब के रूप में देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि दोनों प्राथमिकी मध्य कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने में दर्ज की गई हैं।

अधिकारी के अनुसार, उन्होंने यह जानते हुए कि मामले में कोई पुलिस कार्रवाई नहीं होगी, रिकॉर्ड के लिए प्राथमिकी दर्ज करने का विकल्प चुना है। उन्होंने कहा, मैं इन सभी अपराधियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि एक दिन आप सभी को इस अपमानजनक व्यवहार के लिए दंडित किया जाएगा। बस उस दिन का इंतजार करें। भाजपा ने जिन दिग्गज मंत्रियों के नाम प्राथमिकी में शामिल कराए हैं उनमें फिरहाद हकीम, अरूप विश्वास, चंद्रिमा भट्टाचार्य, सुजीत बोस, बीरबाहा हांसदा, पुलक रॉय और ब्रात्य बसु शामिल हैं।

## गोगामेड़ी हत्याकांड के विरोध में राजस्थान बंद, ट्रेन रोकी

एजेंसी

▸ मदार-उदयपुर जाने वाली ट्रेन को फाटक के पास रोका गया

**जयपुर।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में बुधवार को राजस्थान बंद रहा। जयपुर, कोटा, जोधपुर, जैसलमेर, चूरू, बीकानेर और उदयपुर समेत प्रदेश के अन्य शहरों में सुबह से ही बाजार बंद रहे। कई शहरों के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई। कई शहरों में समर्थकों ने टायर जलाकर प्रदर्शन किया। भीलवाड़ा में मदार-उदयपुर ट्रेन को 20 मिनट तक रोका गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक और जयपुर पुलिस आयुक्त को राजभवन तलब कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की।

जयपुर के श्याम नगर स्थित घर में घुसकर दो बदमाशों ने मंगलवार को सुखदेव सिंह की गोली मार हत्या कर दी थी। इसके विरोध में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया था। भीलवाड़ा स्टेशन पर मदार-उदयपुर जाने वाली ट्रेन को फाटक के पास रोक दिया गया। इससे ट्रेन करीब 20 मिनट तक खड़ी रही और समझाइश के बाद ट्रेन को रवाना किया गया।

भीलवाड़ा शहर में गोगामेड़ी समर्थकों ने जयपुर से बांद्रा जा रही ट्रेन जब चित्तौड़गढ़ के लिए रवाना हुई तो ट्रेन को रेलवे फाटक पर रोक दिया। करीब 20 मिनट तक ट्रेन को रोकने व आपसी समझाइश के बाद ट्रेन को चित्तौड़गढ़ के लिए रवाना किया गया। ट्रेन को रवाना कराने के लिए रेलवे पुलिस तथा शहर कोतवाली पुलिस का जाब्ता मौके पर पहुंचा। समझाईश के बाद प्रदर्शनकारियों को ट्रेन से नीचे उतारा।

### पीएम कल उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को देहरादून में आयोजित उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 8 दिसंबर को देहरादून, उत्तराखंड का दौरा करेंगे। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री सुबह लगभग 10:30 बजे वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में आयोजित 'उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023' का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। 'उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023' उत्तराखंड को एक नए निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक कदम है। 8 और 9 दिसंबर को आयोजित होने वाले दो दिवसीय शिखर सम्मेलन की थीम - 'शांति से समृद्धि' है। शिखर सम्मेलन में दुनिया भर से हजारों निवेशक और प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसमें केंद्रीय मंत्रियों, विभिन्न देशों के राजदूतों के साथ-साथ प्रमुख उद्योगपतियों सहित अन्य लोग भाग लेंगे।

## तूफान मिचौंग से चेन्नई में मची तबाही

एजेंसी



**चेन्नई।** बंगाल की खाड़ी से 2 दिसंबर को उठा साइक्लोन मिचौंग 5 दिसंबर को आंध्र प्रदेश तट से टकराया। उससे पहले तूफान ने चेन्नई में काफी तबाही मचाई। यहां एक दिन में सबसे ज्यादा 50 सेमी बारिश हुई। बारिश के चलते कई इलाके पिछले दो दिनों से बाढ़ में डूबे हैं। कई इलाकों में 72 घंटे से बिजली नहीं आ रही, इंटरनेट बंद है।

भारतीय वायु सेना के हेलिकॉप्टर से बाढ़ में फंसे लोगों तक खाना पहुंचाया जा रहा है। तमिलनाडु में तूफान की वजह से राज्य में 2 दिनों में 3 महीने की बारिश हुई। चेन्नई शहर पानी में डूब गया, जिससे 20 लोगों की मौत हो गई। सीएम एमके स्टालिन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर 5060 करोड़ रुपए की मदद मांगी। द्रमुक सांसद टीआर बालू ने इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की। राज्य के चेन्नई, चेंगलपट्टू, तिरुवल्लूर और कांचीपुरम जिलों में स्कूलों में होने वाली छमाही परिक्षाएं पोस्टपोन कर दी गईं। पीएम मोदी ने एक्स (पहले ट्विटर) पर चक्रवात के चलते जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना जताई।

### तूफान से निपटने को चेन्नई को दिए गए चार हजार करोड़

तमिलनाडु के चेन्नई शहर में हाल ही में आया शक्तिशाली तूफान 'मिचौंग' के कारण भारी वर्षा से अचानक बाढ़ से शहर में कम तबाही होने पर मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने बुधवार को कहा कि इस तूफान से मचने वाली तबाही से शहर को सुरक्षित रखने के लिए राज्य सरकार ने चार हजार करोड़ रुपये दिए। श्री स्टालिन ने कहा कि राज्य अन्य प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों के लिए, पांच हजार करोड़ रुपये की केंद्र से अंतरिम वित्तीय सहायता की मांग करेगा। उन्होंने कहा कि द्रमुक सांसद केंद्र से पांच करोड़ रुपये की अंतरिम राहत पाने के लिए इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे। मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा कि चक्रवाती तूफान के कारण 2015 की तुलना में इस बार अभूतपूर्व और भारी बारिश के कारण होने वाली मौतें घटकर केवल सात रह गईं, जो कि 199 से अधिक मौतों की तुलना में नहीं होनी चाहिए थी। 2015 में अचानक आई बाढ़ के दौरान हुआ। उन्होंने कहा कि ये सात मौतें भी दुर्भाग्यपूर्ण थीं। श्री स्टालिन ने एक्स पर लिखा, केरल के पिनाराई विजयन के साथ एकजुटता की सराहना करते हैं।

### विस चुनाव जीते भाजपा के 10 सांसदों ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** हाल के चुनावों में विधानसभाओं के लिए निर्वाचित भाजपा के 12 सांसदों में से 10 ने बुधवार को संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। दो और सांसद भी जल्द ही इस्तीफा दे सकते हैं। इस्तीफा देने वाले सांसदों में 9 लोकसभा से और एक राज्यसभा से हैं। इनमें केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और प्रहलाद पटेल शामिल हैं। मध्य प्रदेश से जीतने वाले नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल, राकेश सिंह, उदय प्रताप और रीति पाठक हैं। छत्तीसगढ़ में अरुण साव और गोमती साई ने जीत हासिल की है। राजस्थान से राज्यवर्धन राठौर, महंत बालकनाथ, दीया कुमारी और किरोड़ी लाल मीणा ने जीत दर्ज की है। किरोड़ी लाल मीणा राज्यसभा से सांसद हैं। केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह और सांसद महंत बालक नाथ ने अभी इस्तीफा नहीं दिया। वह जल्द ही इस्तीफा देंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी को हाल ही में संपन्न पांच राज्यों में तीन राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में बहुमत प्राप्त हुआ था।

**प्रस्ताव** गुप्तार घाट पर 75 एकड़ में श्री राम अनुभव केंद्र और पंचवटी द्वीप का निर्माण प्रस्तावित

# वैदिक सभ्यता से रुबरु कराएगा श्री राम अनुभव केंद्र

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के साथ ही योगी सरकार रामनगरी को विश्वस्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में भी विकसित कर रही है। इसी क्रम में सरयू नदी के पास गुप्तार घाट पर 75 एकड़ में श्री राम अनुभव केंद्र और पंचवटी द्वीप का निर्माण किया जाना भी प्रस्तावित है। पंचवटी द्वीप पर राम अनुभव केंद्र के निर्माण का उद्देश्य भारतीय जन मानस को अपनी वैदिक सभ्यता पर गौरव करने को प्रोत्साहित करना है, ताकि वो इसे अपने दैनिक जीवन में भी आत्मसात करके एक स्वस्थ व सुखी जीवनयापन कर सकें।

### प्राण-प्रतिष्ठा में सचिन, विराट अमिताभ व अंबानी को न्योता

अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने वाली है। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए लोगों को निमंत्रण भेजाने का सिलसिला शुरू हो गया है। कुल 7 हजार लोगों ने निमंत्रण भेजा जाएगा जिसमें 3 हजार वीआईपी होंगे। पीएम मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत समेत 3 हजार वीआईपी को न्योता भेजा जा चुका हैं। लिस्ट में क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली,अभिनेता अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, कंगना रनौत का नाम भी है। देश के सबसे बड़े उद्योगपति रतन टाटा, मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी को भी न्योता दिया गया है। इसके अलावा देशभर से 4000 साधु-संतों को बुलाया जा रहा है।

प्रस्ताव के अनुसार राम अनुभव केंद्र के निर्माण के लिए अस्थाई स्ट्रक्चर का इस्तेमाल किया जाएगा। वर्षा ऋतु में इन टेंपरेरी स्ट्रक्चर को डिसमैंटल कर दिया जाएगा एवं इस दौरान श्री राम अनुभव केंद्र का संचालन नहीं किया जाएगा। सरयू नदी के निकट होने के कारण योगी सरकार ने बाढ़ सुरक्षा और प्रबंधन के तहत प्रणाली विकसित करने पर जोर दिया है। उल्लेखनीय है कि एक हजार एकड़ में फैले पंचवटी द्वीप में 75 एकड़ पर राम अनुभव केंद्र के निर्माण का प्रस्ताव है। वर्षा ऋतु के अलावा पंचवटी द्वीप के आसपास नदी का जल स्तर भूमि के लेवल से लगभग 12 फीट नीचे रहता है। इसी वजह से वर्षा ऋतु में बाढ़ की आशंका के चलते श्री राम अनुभव केंद्र का संचालन नहीं किया जाएगा, जिससे बाढ़ का प्रभाव केंद्र पर नहीं होगा।

### ऐसा होगा श्री राम अनुभव केंद्र का प्रारूप

इस परियोजना में श्री अन्न (मिलेट्स ग्रेन) की प्रधानता होगी। योग ग्राम साधकों हेतु ध्यान, प्राणायाम , यज्ञ, हवन आदि के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। नेचुरोपैथी, आयुर्वेद की विधियों के केंद्र स्थापित होंगे। साथ ही कला ग्राम में प्रदेश के सभी जिलों के उत्पादों का प्रदर्शन होगा। पंचवटी द्वीप पर जैविक, कॉस्मिक कृषि से फसल उगाई जाएगी। विलुप्त लोक गायकी एवं संस्कृति कार्यक्रमों द्वारा स्थानीय लोक कलाकारों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं के द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति में एक पौधा, अयोध्या की पावन भूमि पर रोपित करने का अवसर दिया जाएगा, जिससे उनमें पर्यावरण के प्रति जागरुकता उत्पन्न हो सके। तरु तल वैदिक विद्यालय की स्थापना होगी, जो आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए होगा। यहां बंबू स्किल डेवलपमेंट एवं साहसिक खेल प्रशिक्षण केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे। स्थानीय किसानों एवं श्रमिकों को पंचवटी द्वीप पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तो कलाग्राम में हस्तशिल्पियों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## केंद्र अग्निशमन सेवाओं की मजबूती के लिए राज्यों को देगा 5000 करोड़

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि केन्द्र सरकार अग्निशमन सेवाओं की मजबूती के लिए राज्यों को 5000 करोड़ रुपये देगा। राज्य इस रकम से अग्निशमन केंद्रों की स्थापना, राज्य प्रशिक्षण केंद्रों और क्षमता निर्माण को मजबूत करने, आधुनिक अग्निशमन उपकरणों के लिए प्रावधान करने, राज्य मुख्यालय और शहरी फायर स्टेशनों को मजबूत करने, तकनीकी उन्नयन और ऑनलाइन प्रणाली की स्थापना आदि के लिए खर्च कर सकेंगे।

राय ने बुधवार को राज्यसभा में एक लिखित सवाल के जवाब में बताया कि केन्द्र सरकार देश में अग्निशमन सेवाओं की मजबूती के लिए प्रयासरत है। इस मद में 5000 करोड़ रुपये केन्द्र की ओर से राज्यों को दिए जाएंगे। अग्निशमन सेवा राज्य का विषय है। इसलिए राज्यों को भी अपना योगदान देना होगा। केंद्र जहां चिह्नित गतिविधियों के लिए राज्यों को 5000 करोड़ रुपये मुहैया कराएगा, वहीं राज्यों का योगदान 1387.99 करोड़ रुपये होगा। इसके अलावा 5000 करोड़ रुपये के कुल केंद्रीय परिव्यय में से 500 करोड़ रुपये की राशि राज्यों को कानूनी और बुनियादी ढांचे-आधारित सुधारों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए उपलब्ध है।राय ने कहा कि यह राज्य सरकारों की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि वे आवश्यकताओं के अनुसार अग्निशमन सेवाओं को मजबूत करने और सुसज्जित करने के लिए संसाधन आवंटित करें।

# बहरौली में सफाई का काम पूरी तरह ठप

▸ किसानों को सिंचाई के लिए टेल तक पानी मिल सके इसके लिए जगह जगह कराई जा रही है साफ-सफाई



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शारदा सहायक खंड 28 के तहत आने वाली लगभग साढ़े 15 किलोमीटर लंबी बहरौली रजवहा की आधी अधूरी सफाई होने से किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलना कठिन मुश्किल होगा। क्षेत्रीय किसानों ने टेल तक रजवहा की सफाई कराई जाने की मांग की है जिससे आने वाली गेहूं की फसल में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी हासिल हो सके।

रबी फसल के दौरान किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर मात्रा में पानी मिले इसके लिए नहरो की सफाई का काम जोर शोर से जारी है। इसी क्रम में बहरौली रजवाहा एवं उससे जुड़ी मुबारकपुर भिलवल शायपुर जौरास इल्यासपुर सलेमपुर रसूलपुर कबबूलपुर एवं कोलवा आदि माईनरो की सफाई का कार्य भी कराया गया है। वर्तमान समय में बहरौली रजवहा पर सफाई का काम पूरी तरह से ठप हो चुका है। अभी तक केवल लखनऊ जनपद में पड़ने वाले हेड से लेकर भिलवल में नवजीवन हॉस्पिटल के निकट तक सिल्ट की सफाई का काम किया गया है। उसके बाद रजवहा को उसके हाल पर छोड़ दिया गया हैं।

जिसके चलते इस रजवहा के टेल पर पड़ने वाले अलादादपुर में इस रजवाहा की वास्तविक स्थिति देखी जा सकती है। सूत्रों के अनुसार जल्दी ही प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह रजवहा एवं इससे जुड़ी माईनरो का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण में सब कुछ चाक चौबंद दिखाने के लिए सिंचाई विभाग द्वारा इसी रजवहा से निकली भिलवल माइनर के हेड पर साफ सफाई का बेहतर काम बानगी के तौर पर किया गया हैं। जब इस संबंध में बहरौली रजवहा से जुड़ी जल उपभोक्ता समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी सफाई का काम बराबर जारी है जब उनसे पूछा गया कि काम कहां पर चल रहा है तो वह बता नहीं सके। इस संबंध में जब शारदा सहायक खंड के उपखंड तृतीय के अवर अभियंता आर एन श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पहले चरण में बहरौली रजवहा की सफाई के लिए 6 किलोमीटर की संस्तुति मिली है जिसके तहत हेड से लेकर छंदरौली रेलवे क्रासिंग तक सिल्ट सफाई का काम कराया जा चुका है और किसानों को सिंचाई के लिए टेल तक पानी मिल सके इसके लिए आवश्यकता अनुसार जगह जगह साफ सफाई कराई जा रही है। इसके अलावा स्किपिंग का काम भी किया जा रहा है।

## वाहन की टक्कर से युवक घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** लोनी कटरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे पर दहिला डेरी के पास एक बाइक सवार को तेज रफ्तार कार जोरदार टक्कर मार दी परिणाम स्वरूप युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस के सहारे उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। घायल युवक इसी थाना क्षेत्र के तहवापुर निवासी प्रमोद कश्यप पुत्र मायाराम कश्यप निवासी तहवापुर बताया गया है। जो किसी काम से भिलवल बाजार जा रहा था।जानकारी होते ही तत्काल मौके पर मुकामी पुलिस ने कस्बा वासियों की मदद से भाग रही कार को दौड़ा कर चालक सहित पकड़ लिया गया।

## गोबिन्द शुगर मिल ऐरा में चला सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान कार्यक्रम के तहत कोहरे में सुरक्षित परिवहन के लिए गोबिंद शुगर मिल ऐरा में बुद्धवार को वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगवाने का अभियान शुरू किया। इस क्रम में मुख्य अतिथि सहित मिल के सुरक्षा अधिकारी की देखरेख में करीब 200 वाहनों पर स्टिकर लगाए गए यह कार्यक्रम मिल में आने वाले अंतिम वाहन पर रेडियम स्टिकर लगने तक जारी रहेगा। इस मौके पर ऐरा चीनी मिल के तमाम अधिकारी और कर्मचरियों के साथ साथ मुख्य अतिथि एसओ ईसानगर मौजूद रहे। सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के अतर्गत बुद्धवार को गोविन्द शुगर मिल्स लिमिटेड ऐरा के यूनिट हेड आलोक सक्सेना की देखरेख में मुख्य अतिथि खमरिया थाना प्रभारी निरीक्षक की अगुवाई में चीनी मिल के केन प्रबन्धक आरएस ढाका, सहायक गन्ना प्रबन्धक कपिलेन्द्र चौधरी ने ऐरा चीनी मिल के गन्ना व सुरक्षा विभाग के कर्मचारियों के साथ करीब 200 वाहनों में रिफ्लेक्टर लगवाए।

जिनमें ट्रक,ट्रैक्टर ट्रॉली और बैल गाड़ियां आदि शामिल रहीं। इस दौरान ऐरा चीनी मिल के केन प्रबन्धक आरएस ढाका ने बताया कि सुरक्षा मानकों को पूरा करने और दुर्घटनाओं से बचाव के क्रम में यह अभियान शुरू किया गया है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इस अभियान का लक्ष्य मिल में आने वाले सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने का है जो अंतिम वाहन तक जारी रहेगा।

# एक्साइज इंस्पेक्टर का पद मिलने से क्षेत्रवासी गौरवान्वित

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



केंद्र सरकार द्वारा आयोजित एसएससी सी जी एल परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल करके उत्कर्ष ने बाराबंकी जनपद का नाम रोशन करने का काम किया है।

मिनी आई ए एस के समकक्ष मानी जाने वाली इस परीक्षा में हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के उमरवल किरसिया ग्राम निवासी उत्कर्ष प्रताप सिंह चौहान पुत्र धर्मेंद्र सिंह चौहान ने ऑल इंडिया 688वी रैंक प्राप्त कर सेंट्रल एक्साइस इंसपेक्टर का पद प्राप्त कर समूचे क्षेत्र को गौरवान्वित कर अपने माता-पिता, ईष्ट, मित्रगण, रिश्तेदारों के अलावा बाराबंकी जिले के साथ साथ हैदरगढ़ का नाम रोशन करने का कार्य किया है 7 उत्कर्ष प्रताप सिंह अब तक छह से अधिक सरकारी नौकरी निकाल चुके हैं और वर्तमान समय में आयकर विभाग में कर सहायक के पद पर कार्यरत हैं । विद्यालय के पुरातन छात्र रहे उत्कर्ष की इस उपलब्धि पर सरस्वती विद्या मंदिर परिवार ने उन्हें बहुत-बहुत बधाई दी है।

# महिला बंदियों के बच्चों को वितरित किये गये गर्म कपड़े

▸ बृजकिशोर वर्मा ने कहा कि भविष्य में परोपकारी प्रयासों को इसी तरह जारी रखने व जरूरत पड़ने पर हर तरह से सेवा की जाएगी

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जिला कारागार में 'निमदस' संस्था के सहयोग से नेशनल कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेंटर बाराबंकी द्वारा कारागार में निरुद्ध महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों को ऊनी गर्म कपड़े जेल अधीक्षक श्री कुंदन कुमार के निर्देशन में वितरित किये गये। जेलर आलोक शुक्ला ने कहा कि यह संस्था बराबर निर्बल वर्ग एवं जेल में निरुद्ध महिलाओं एवं पुरुषों के कल्याण के लिए विभिन्न प्रकार के रोजगार परक प्रशिक्षण कराने में कृत संकल्प है। संस्था के प्रबन्ध निदेशक एस के वर्मा ने कहा कि जब भी किसी जरुरतमंद की सेवा करने का अवसर मिले तो पवित्र हृदय से सेवा करना चाहिए, क्योकि इन्हीं के हृदय में ईश्वर वास करते हैं। जरुरतमंदों कि सेवा ही वास्तव में परमेश्वर को समर्पित सेवा है जो लगातार यह संस्था कर रही है।

संस्था के संयोजक बृजकिशोर वर्मा ने कहा कि भविष्य में परोपकारी प्रयासों को इसी तरह जारी रखने व जरूरत पड़ने पर हर तरह से सेवा की जाएगी। इस अवसर पर कारागार के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महान समाज सुधारक थे डॉ. भीमराव अंबेडकर: प्रेमकुमार गुप्ता

▸ भारत के राष्ट्रीय ध्वज पर अशोक चक्र लगवाने का महान कार्य बाबा साहब ने किया

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



महान समाज सुधारक भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर ग्राम्यांचल इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेम कुमार गुप्ता ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर का जीवन बचपन से ही बड़ा संघर्षपूर्ण था दलित जाति के होने के कारण उन्हें समाज में कई बार अपमानजनक स्थितियों का सामना करना पड़ा परंतु वह अपनी शिक्षा पूरी करने में लग रहे। आगे चलकर उन्होंने दलितों के उत्थान एवं जातीय भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाई और इनको न्याय दिलाने के लिए काफी संघर्ष किया। भारत के राष्ट्रीय ध्वज पर अशोक चक्र लगवाने का महान कार्य बाबा साहब द्वारा किया गया विदेश जाकर अर्थशास्त्र में पीएचडी करने वाले बाबा साहब पहले इंसान थे। उन्होंने अपने जीवन काल में 32 डिग्रियां और 9 भाषाओं का ज्ञान प्राप्त किया था। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता कबड्डी खो-खो जैसी खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## खबरें एक नजर में

### युवती से फांसी लगाकर दी जान

**सिद्धौर, बाराबंकी।** एक 25 वर्षी युवक ने गांव के बाहर पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थाना कोठी क्षेत्र के ग्राम पड़ाराव निवासी सतनाम रावत का लगभग 25 वर्षीय पुत्र उदयराज किसी कारण बस गांव के बाहर पेड़ में गले में खांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस संबंध में परिजनों ने घटना का कारण बताने से इनकार किया। सूचना मिलने पर कोठी थाना अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

### ब्लॉक दिवस का हुआ आयोजन

**सिद्धौर, बाराबंकी।** लघु सिंचाई अवर अभियंता सोमवीर सिंह यादव की अध्यक्षता में बुद्धवार को सिद्धौर विकास खंड में ब्लाक दिवस का आयोजन किया गया। आयोजित ब्लाक दिवस अवसर पर एडीओ क्वापरेटिव शैलेंद्र सिंह, एडीओ कृषि राजेंद्र चौरसिया,ग्राम पंचायत सचिव जनार्दन चौहान,रवि अवस्थी,उत्तम कुमार,सचिन अवस्थी,पुष्पेंद्र कुमार,वरुण पाल,संजय चौधरी आदि रहे।

### ऑटो रिक्शा की बैटरियां हुई चोरी

**मसौली,बाराबंकी।** बीती रात्रि अज्ञात चोरो ने दरवाज़े खड़े आटो को गांव से दूर ले जाकर आटो की चार बैटरियों को चोर उठा ले गये। भुक्तभोगी ने सफदरगंज मे चोरी की तहरीर दी है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रानीगंज चंदवारा निवासी राजन कुमार शुक्ला पुत्र कल्याणदास शुक्ला का आटो नंबर यूपी 41 बी टी 7330 जो दरवाज़े खड़ा था रात्रि मे अज्ञात चोरो ने आटो को घर से सौ मीटर दूर ले जाकर आटो की चारो बैटरी चोरी कर ले गये भुक्तभोगी ने सफदरगंज मे बैटरी चोरी की तहरीर दी है।

### बाइक व डनलप की टक्कर से युवक की गई जान

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थाना हैदरबाद के अंतर्गत कंजा बाबा के पास बाइक व डनलप की टक्कर से 20 वर्षीय प्रशांत गौतम निवासी हफीजपुर गोला की मौके पर मौत हो गयी। प्रशांत अपने फूफा के लड़के रजनीश के साथ किसी मित्र से मिलने ममरी गया हुआ था। मिलकर वापस गोला की ओर आ रहे थे कि अचानक फोर व्हीलर के ओवरटेक करने के चक्कर मे प्रशांत की बाइक आगे जा रहे डनलप के किनारे टकरा गए जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया व मौके पर मौत हो गयी। पीछे बैठे रजनीश को पैरों में हल्की चोंटे आयी। रजनीश ने घर वालो को फोन पर सूचना दी व एम्बुलेंस को बुलाया जिससे गोला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। प्रशांत अपने घर मे सबसे छोटा एकलौता पुत्र था।पांच बहने है जिनमे तीन की शादी हो चुकी है। प्रशांत ही घर का पालन पोषण करता था। गोला शिव मंदिर मार्ग अम्बेडकर मार्किट में कपड़ों की दुकान खोल रखी थी जो काफी दिनों से बंद भी पड़ी थी। प्रशांत की मौत की खबर सुनकर परिजनों में मातम सा छा गया। पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर गोला व हैदराबाद थाने की पुलिस मौजूद रही। काफी मशक्कत के बाद प्रशांत के शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया।

# इनामिया अपराधी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**बिसवां,सीतापुर। समृद्धि न्यूज**

पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा द्वारा जनपद में चोरी जैसी घटनाओं के त्वरित अनावरण एवम् अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया है। निर्देशो के क्रम में दिनांक 06.12.23 को अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बिसवां अभिषेक प्रताप अजेय के नेतृत्व में एसओजी व थाना बिसवां की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 244/23 धारा 380 भादवि थाना अटरिया में पंजीकृत अभियोग में प्रकाश में आये वाछिंत चल रहे थाना अटरिया के 25,000/- रूपये के इनामिया शातिर अपराधी साबित अली पुत्र अजीमुल्ला निवासी ग्राम जालिवपुर थाना सकरन सीतापुर हाल पता थाना खैराबाद क्षेत्र सीतापुर को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त को एसओजी तथा बिसवां पुलिस की संयुक्त टीम ने शारदा नहर के ग्राम जलालपुर मोड़ के पास से मोटरसाइकिल से जा रहे संदिग्ध व्यक्ति को रोकने के प्रयास में पुलिस पर फायरिंग की जिसकी जवाबी पुलिस फायरिंग में अपराधी के पैर में गोली लग गई जिसे पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके पास से एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर 01 अदद मोटर साइकिल तथा, 4000/-रूपये बरामद हुये हैं। अभियुक्त थाना अटरिया अतंर्गत ग्राम गढीरावा में व्यक्ति के घर् से हुई चोरी के संबंध में थाना अटरिया पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 244/23 धारा 380 भा0द0वि0 में काफी समय से वांछित चल रहा था, जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 25,000/- रू0 का इनाम घोषित किया था।

## ब्लॉक दिवस पर बीडीओ ने सुनी फ़रियादें

**मसौली, बाराबंकी।** खण्ड विकास अधिकारी डॉ. संस्कृता मिश्रा की अध्यक्षता मे आयोजित ब्लाक दिवस मे चार फरियादियों ने परिवार रजिस्टर की नकल के लिए आवेदन किया। खण्ड विकास अधिकारी ने संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों को आदेशित कर मौके़ पर फरियादियों को नकल कॉपी उपलब्ध करायी गयी। ग्राम पंचायत सराय का स्थान निवासी सत्यानाम, बघौरा निवासी घनश्याम सहित चार लोगो ने परिवार रजिस्टर की नकल कॉपी की मांग की। खण्ड विकास अधिकारी डॉ संस्कृता मिश्रा ने मौके़ पर ही संबंधित पंचायत सचिवों को निर्देशित कर परिवार रजिस्टर की नकल कॉपी उपलब्ध कराई। इस मौके़ पर पंचायत सचिव कमलेश यादव, प्रताप नरायण, सियाराम, महेंश प्रताप सिंह बीना मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

# परिनिर्वाण दिवस पर दी डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि



**रामनगर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

संविधान के रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का पर निर्वाण दिवस क्षेत्र के सभी सरकारी कार्यालयों एवं शैक्षिक संस्थानों में मनाया गया। तहसील रामनगर में उप जिलाधिकारी नागेंद्र पांडेय एवं तहसीलदार सीमा भारती ने बाबा साहब के चित्र पर माला एवं फूल चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके कृतित्व व व्यक्तित्व के बारे में विस्तार से चर्चा की।ब्लाक सभागार रामनगर में खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।खंड विकास अधिकारी श्री त्रिपाठी उनके जीवन चरित्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इस मौके पर संयुक्त खंड विकास अधिकारी नंद कुमार पांडेय प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एल बी गुप्ता अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा दीप्ति चंद्रा ए डी ओ पंचायत राम आसरे ए डी ओ सहकारिता निरंकार सिंह यादव स्थापना लिपिक अनूप कुमार जैन सरवर अली तकनीकी सहायक के सी वर्मा सर्वजीत वर्मा बराती लाल गोविंद मौर्य अशोक कुमार राजकमल पटेल सहित सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय सहित सभी पुलिसकर्मियों बाबा साहब के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## पानी भरने को लेकर चले ईंट पत्थर, छह घायल

**रामनगर, बाराबंकी।** सरकारी हैंडपंप से पानी भरना युवक और उसके बच्चों को भारी पड़ गया। उनके साथ गाली गलौज करते हुए विपक्षियों ने छत से ईंट के रोड़े फेकना शुरू कर दिया। जिससे करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। थाना रामनगर के क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम तारापुर गुमान निवासी राजू विश्वकर्मा थाने पर दी तहरीर में कहा कि वह अपने बच्चों के साथ गांव में लगे सरकारी नल से पानी भर रहा था।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मेरी शाहजहांपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में चल रही पॉलिसी मे केतकी शर्मा है जो कि गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम किरन शर्मा है जो की सही है। मेरा नाम किरन शर्मा ही माना जाए। केतकी शर्मा और किरन शर्मा दोनों एक ही हैं।

**शपथकर्ता**

**किरन शर्मा पत्नी कौशल किशोर निवासी ग्राम भदेढ़ पोस्ट मुड़ा सवारन ब्लॉक कुम्भी तहसील गोला गोरणनाथ जिला लखीमपुर खीरी**


# ई रिक्शा व पिकअप की टक्कर में कई स्कूली बच्चे घायल

▸ उप जिला अधिकारी बोले शीध्र विद्यालयों के जिम्मेदारो की बुलाई जाएगी बैठक

**मोहम्मदी खीरी समृद्धि न्यूज।**

दिलावरपुर से छात्र-छात्राएं मोहम्मदी के एक स्कूल आ रहे थे,कि इसी दौरान हाई स्पीड पिकअप ने गोला रोड पर किसान गन्ना समिति के समीप रिक्शे पर बैठकर जा रहे छात्र-छात्राओं के मारी टक्कर, कई छात्र-छात्राएं घायल हो गए , सभी बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उपचार किया गया,पिकअप के ड्राइवर भूपेन्द्र सिंह और एक छात्रा अपचा को जिला अस्पताल शाहजहाँपुर के लिए रेफर किया गया जहाँ ड्राइबर की हालत गम्भीर बनी है प्रभारी निरीक्षक अम्बरसिंह ने मौके पर पहुंचकर पिकअप और ई रिक्शा को कब्जे में ले लिया है, प्राप्त जानकारी के अनुसार ई रिक्शा से ग्राम दिलावरपुर से करीब 10 छात्राएं मोहम्मदी नगर में स्थित अनेको स्कूल के लिए निकले तभी शाहजहांपुर की ओर से आ रही पिकअप ने जोरदार टक्कर ई रिक्शा में मारी,जिसमें कई बच्चे घायल हो गए ,आनन फानन में सभी बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां उनका उपचार किया गया,जिसमे एक छात्र और ड्राइवर की हालत चिंताजनक हो जाने से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

**पहल** | प्रतिभागियों ने बाबा साहब के व्यक्तित्वा कृतित्व पर रखे विचार

# बाबा साहब की पुण्यतिथि पर आयोजित हुई भाषण प्रतियोगिता

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**




नन्दलाल प्रभू देवी प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट आलापुर बाराबंकी में डॉ भीमराव अम्बेडकर (बाबा साहब) के 67वें परिनिर्वाण दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय जनता युवा मोर्चा बाराबंकी अवध क्षेत्र के द्वारा किया गया। नन्दलाल प्रभु देवी प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट के प्रबंधक निदेशक सुशील कुमार, सचिव प्रभु देवी व मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार मौर्य ने डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवालित व पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मैके पर श्री मौर्य जी ने बच्चों को बताया की अम्बेडकर जी ने हमेशा ही दलितों की स्थिति में सुधार लाने के लिए काम किया। छूआ-छूत जैसी कुप्रथा को खत्म करने में भी उनकी बड़ी भूमिका मानी जाती है। उनके अनुयायियों का ये मानना है कि उनके गुरू भगवान बुद्ध की तरह ही काफी प्राभारी और सदाचारी मे और उनके कार्यो की वजह से उन्हें निर्वाण प्राप्त ही चुका है। यही कारण है कि उनकी पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में बनाते है। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सुभाष चन्द्र रावत द्वितीय असराना अंसारी व तृतीया पुरस्कार फिजा बानों को जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रमोद तिवारी जी के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मोके पर गुरू शरण लोधी (जिला महामंत्री भाजपा), प्रमोद तिवारी(जिला उपाध्यक्ष भाजपा), मनोज वर्मा (जिला उपाध्यक्ष भाजपा ), रामेश्वरी त्रिवेदी (जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा), सर्वेश अवस्थी (जिला महामंत्री युवा मोर्चा), नन्दलाल प्रभू देवी प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट के डारेक्टर प्रो. रोहित मोहन, एचओडी योगेश कुमार, खेल शिक्षक शमशाद अली, अवंतिका परिहाद, सुधीर रावत, मोहित सिंह, सुसदयाल, ओम प्रकाश, वनीता यादव, तौफीक, राज कुमार, अंशुमान वर्मा आदि समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत हरसिंहपुर कायस्त वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0

पत्रांक:02/ग्र0पं0/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक 06/12/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरसिंहपुर कायस्त की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 07/12/2023 से दिनांक 13/12/2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 13/12/2023 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | दीपू के मकान से पंचायत घर तक मि0 खण्डंजा निर्माण कार्य | चौदहवां वित्त/ पन्द्रहवां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 157448=00 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते:-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**(सुधीर राजपूत)** ग्राम प्रधान- हरसिंहपुर कायस्त, राजेपुर — **(अशोक कुमार)** सचिव-हरसिंहपुर कायस्त, राजेपुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत बिरसिंहपुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0

पत्रांक:-मीमो/ग्र0पं0/पंचम वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक 06/12/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 अन्तर्गत ग्राम पंचायत बिरसिंहपुर की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 07/12/2023 से दिनांक 12/12/2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 12/12/2023 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | पंचायत घर में इंटरलाकिंग कार्य | पंचम वित्त/ पन्द्रहवां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.50 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते:-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**(श्यामू)** ग्राम प्रधान- बिरसिंहपुर, राजेपुर — **(यशकांत)** सचिव-बिरसिंहपुर, राजेपुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत अजीजाबाद वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांक: ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 06/12/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अजीजाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 07/12/2023 से 13/12/2023 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 13/12/2023 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | धीरे के घर से रामभजन के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 3,11675 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | राजवीर के घर से रमेश के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 2,54124 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | धनीराम की जगह से महिपाल के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 2,13565 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**(महेश)** प्रधान, अजीजाबाद, शमशाबाद — **(मो0 जीशान)** सचिव, अजीजाबाद, शमशाबाद

## कार्यालय ग्राम पंचायत समैचीपुर चितार वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांक: ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 06/12/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत समैचीपुर चितार द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 07/12/2023 से 13/12/2023 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 13/12/2023 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | शकील के घर से नसीर के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य | 3.39 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**(तारा बानो)** प्रधान, समैचीपुर चितार, शमशाबाद — **(देव शर्मा)** सचिव, समैचीपुर चितार, शमशाबाद

## कार्यालय ग्राम पंचायत नैगवां वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांक: ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 06/12/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नैगवां द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 07/12/2023 से 13/12/2023 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 13/12/2023 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | रामऔतार के घर से रामवरन के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 3,85239 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**(दुर्विजय सिंह)** प्रधान, नैगवां, शमशाबाद — **(अभय प्रताप सिंह)** सचिव, नैगवां, शमशाबाद

## कार्यालय ग्राम पंचायत सलेमपुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0

पत्रांक:मीमो/ग्र0पं0/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक 06/12/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 अन्तर्गत ग्राम पंचायत सलेमपुर की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 07/12/2023 से दिनांक 13/12/2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 13/12/2023 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रामप्रकाश के घर से अखिलेश के घर तक मिट्टी व नाली एवं इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3.19 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | वीरपाल के घर से हवलदार के खेत तक मिट्टी व क्रास व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3.98 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | मैन खड़ंजा व गुड्डू के घर से पंचायत घर तक पक्की नाली व इंटरलाकिंग कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.37 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | बलवीर के घर से श्याम सुंदर के घर तक नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.57 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते:-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**(सरस्वती)** ग्राम प्रधान- सलेमपुर, राजेपुर — **(रोहित कुमार)** सचिव-सलेमपुर, राजेपुर

# टिंबर व्यापारियों की हर समस्या का होगा समाधान : वन मंत्री

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने सचिवालय कार्यालय में वन एवम पर्यावरण मंत्री डॉ अरून कुमार सक्सेना से मुलाकात की। जहां उन्हें सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश के काष्ठ आधारित उद्योगों से जुड़े टिम्बर व्यापारियों की ओर से धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी ने किया। संरक्षक अख्तर खान, आढ़ती वसीम ने मंत्री के समक्ष ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अंतर्गत फरवरी 2023 से एमओयू करने वाले आवेदकों को फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के लाइसेंस में वरीयता दिए जाने व लाइसेंस संबंधी वेबसाइट शुरू होने के बाद से लगातार मानकों के विपरीत हजारों की संख्या में हो रहे आवेदनों पर रोक लगाए जाने की मांग रखी। साथ ही तमाम जिलों में लाइसेंस हेतु डीएफओ स्तर में जांच में आ रही समस्याओं संबंधी विषय से भी अवगत करवाया। वन मंत्री डा. अरून कुमार सक्सेना ने आश्वासन दिया कि जिन टिम्बर व्यापारियों ने पहले से ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आवेदन किया था व जिनकी लिस्ट संबंधित विभागों द्वारा बनाई गई थी। उनके साथ नाइंसाफी नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर श्री त्रिवेदी ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से उत्तर प्रदेश लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है।

# लखनऊ विवि के 66वें दीक्षांत समारोह में 107 मेधावियों को मिले 193 मेडल

समृद्धि न्यूज



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में 43 हजार 398 स्टूडेंट्स को मिली डिग्री

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय का 66वां दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान 43 हजार 398 स्टूडेंट्स को डिग्री मिली। इसके साथ ही 107 मेधावियों को 193 मेडल मिला। समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में आईसीएमआर के पूर्व महानिदेशक पद्मश्री प्रो. बलराम भार्गव शामिल हुए हैं। समारोह में रेडफ्यूजन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संदीप गोयल को मानद उपाधि दी गई। विश्वविद्यालय की तरफ से सभी डिग्रियों को डिजिलाकर में भी ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराया गया।

विश्वविद्यालय के छह दिसंबर को होने वाले दीक्षा समारोह के मुख्य अतिथि एम्स नई दिल्ली के कार्डियोथोरेसिक सेंटर के प्रमुख पद्मश्री डा. बलराम भार्गव हैं। पद्मश्री डा. बलराम भार्गव लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र भी हैं। उन्होंने किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी से क्लिनिकल मेडिसिन और कार्डियोलाजी (एमबीबीएस, एमडी, डीएम) में स्नातक, स्नातकोत्तर और सुपर-स्पेशलिस्ट मेडिकल डिग्री प्राप्त की। उन्हें कोविड-19 महामारी के दौरान स्वदेशी वैक्सीन के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाना जाता है।

उन्होंने पहले नई दिल्ली में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के महानिदेशक के रूप में कार्य किया। भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव का पद भी संभाला है।

## लविवि के दीक्षांत समारोह में छाए विधि संकाय के छात्र



लखनऊ विश्वविद्यालय के 66वें दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित विधि संकाय के छात्र-छात्राओं ने पुनः अपना परचम लहराया। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय से इसी वर्ष अपना एल.एल.बी. (पंचवर्षीय) पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले स्वराज शुक्ला को प्रतिष्ठित चक्रवर्ती स्वर्ण पदक, एल.एल.एम. प्रथम वर्ष के छात्र सौरभ सिंह को एल.एल.बी. (त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष में भूमि एवं स्थानीय विधि विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने हेतु कौशल्या देवी निगम स्मृति स्वर्ण पदक, एल.एल.बी. (पंचवर्षीय) पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में पारिवारिक विधि में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने हेतु तृतीय वर्ष की छात्रा वंशिका गौड़ को प्रोफ़ेसर के.सी. श्रीवास्तव स्मृति स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है। ये पदक कुलाधिपति लखनऊ विश्वविद्यालय महामहिम राज्यपाल एवं कुलपति लविवि प्रोफ़ेसर (डॉ.) आलोक कुमार राय के हाथों प्रदान किए गए। विधि संकाय के छात्रों की इस उपलब्धि पर संकाय के अधिष्ठाता प्रोफ़ेसर (डॉ.) बंशीधर सिंह ने हर्ष व्यक्त किया और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# खबरें एक नजर में

## मायावती ने गरीब कल्याण योजना पर उठाए सवाल

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) मुखिया मायावती ने बुधवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना पर सवाल उठाए हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने आंबेडकर के 67वें 'परिनिर्वाण दिवस' पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, लगभग 140 करोड़ की विशाल आबादी वाले भारत के गरीबों, मजदूरों, दलितों, आदिवासियों, अतिपिछड़ों सहित उपेक्षित बहुजनों के मसीहा व देश के मानवतावादी समतामूलक संविधान के निर्माता भारतरत्न परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को आज उनके 'परिनिर्वाण दिवस' पर अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित। आगे लिखा, देश के 81 करोड़ से अधिक गरीब लोगों को पेट पालने के लिए सरकारी अन्न के मोहताज का जीवन बना देने जैसी दुर्दशा ना यह आजादी का सपना था और ना ही उनके लिए कल्याणकारी संविधान बनाते समय बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर ने सोचा था, यह स्थिति अति-दु:खद। पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा, देश में रोटी-रोजी के अभाव एवं महंगाई की मार के कारण आमदनी अठन्नी भी नहीं पर खर्चा रुपया होने के कारण गरीब, मजदूर, छोटे व्यापारी, किसान, मध्यम वर्ग सहित सभी मेहनतकश समाज की हालत त्रस्त व चिन्तनीय है, जबकि संविधान को सही से लागू कर उनकी हालत अब तक काफी संवर जानी चाहिए थी।

## ड्राइवर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के कृष्णानगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने कमरे में अंगौछा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह जागने पर परिजन की नजर पड़ी तो शव को फंदे से नीचे उतार कर अस्पताल ले गए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इसके चलते खुदकुशी की वजह पता नहीं चल सकी है। अमर नाथ रावत पत्नी अनुराधा और तीन बच्चों दीपक प्रकाश, गौरव, शिवानी के साथ अपने साले सुधीर के घर भिलावा एवं आलमबाग में रहते हैं। सुधीर ने जानकारी देते हुए बताया कि दीपक प्रकाश (28) प्राइवेट गाड़ी चलाता है। वह बचपन से ही अपने मामा के घर पर रह रहा था। दीपक रोजाना की तरह गाड़ी चलाकर बीती मंगलवार रात करीब दस बजे घर आया और पानी पीकर अपने कमरे में वापस चला गया। कुछ देर बाद बहन के पास आया और बातचीत कर दोबारा अपने कमरे में चला गया।

## साइकिलिंग टीम के ट्रायल में चमके लखनऊ के खिलाड़ी

लखनऊ। आगामी राष्ट्रीय रोड साइकिलिंग चौंपियनशिप 2023-24 के लिए चयनित उत्तर प्रदेश की रोड साइकिलिंग टीम की घोषणा बुधवार को की गई। उत्तर प्रदेश साइकिलिंग एसोसिएशन के महासचिव आरके गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश टीम के चयन के लिए ट्रायल गत 3 दिसंबर को ट्रांस गंगा सिटी गेट नं-2 के अंदर आयोजित किया गया था। इस ट्रायल की शुरुआत मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी उन्नाव सदर विधायक पंकज गुप्ता ने साइकिलिस्टों को हरी झंडी दिखाकर की थी। उत्तर प्रदेश टीम में लखनऊ के चार खिलाड़ियों ने जगह बनाई है। लखनऊ के देव मिश्रा बालक सब जूनियर वर्ग में, अमन बाजपेयी यूथ बालक वर्ग में और रत्ना सेन, कुसुमलता राठौर महिला सीनियर वर्ग में चुने गए है। महासचिव आरके गुप्ता ने चयनित टीम की जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश की रोड साइकिलिंग टीम अगले साल 9 से 12 जनवरी 2024 तक विजयापुर (कर्नाटक) में होने वाली राष्ट्रीय रोड साइकिलिंग चौंपियनशिप 2023-24 में भाग लेगी। इस अवसर पर कन्हैया गुर्जर, आमिर खान, आकाश वर्मा, राजेंद्र, अवधेश कुमार विश्वकर्मा, नदीम अहमद, आरके पंडित, ब्रजेश शुक्ला, सुमित पाल, दौलत, अनुराग बाजपेई आदि मौजूद रहे।

## मृदा संरक्षण व होम कम्पोस्टिंग पर कार्यशाला का आयोजन

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के कुशल निर्देशन में प्रदेश के नगरीय निकायों को वैश्विक शहर के रूप में विकसित किया जा रहा। नगरों की साफ-सफाई व्यवस्था को पुख्ता कर, चौराहों, फुटपाथों, पार्कों का शुशोभन किया जा रहा। साथ ही नगरीय जीवन का श्रेष्ठ और उत्तम बनाने के लिए बेहतरीन व्यवस्था के साथ प्रदूषणमुक्त वातावरण के लिए पर्यावरण सुरक्षा हेतु भी प्रयास किये जा रहे। इस उद्देश्य से विश्व मृदा दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन नगरीय द्वारा आम जनमानस को जागरूक करने के लिए मृदा संरक्षण एवं होम कम्पोस्टिंग पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। राज्य मिशन निदेशालय के सभागर से वर्चुअल माध्यम से आयोजित इस कार्यशाला में रमा त्यागी, अध्यक्ष हॉर्टिकल्चर सोसाइटी, रविन्द्र काबरा एवं संजीव त्रिपाठी अर्चना त्रिपाठी ने होम कम्पोस्टिंग के महत्व के बारे में बताया।

## पराली गोदाम में लगी आग, दमकल ने 12 घंटे बाद पाया काबू

लखनऊ। निगोहा इलाके के उदयपुर गांव में बने पराली के गोदाम में देर रात भीषण आग लग गई। आग लगने से पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। चौकीदार की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की कई टीमों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मंगलवार देर रात लगी आग पर बुधवार दोपहर तक काबू पाया जा सका। निगोहा थाना क्षेत्र के उदयपुर में रेलवे लाइन के किनारे निजी कंपनी का पराली का गोदाम है। जिसमें देर रात भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। जिससे ऊंची लपटें उठने लगीं। आग लगने के बाद आनन-फानन में गोदाम के गार्ड ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी।

# भारत को कमजोर करने वाले कर रहे बाबा साहब का अपमान : योगी

▸ सीएम ने बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि

समृद्धि न्यूज





लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि भारत विरोधी गतिविधियों के जरिए समाज को विभाजित कर देश को कमजोर करने की कोशिश कर रहे लोग आंबेडकर का अपमान कर रहे हैं। सबको इस बारे में गांव-गांव जाकर बताना होगा।

मुख्यमंत्री ने डॉक्टर आंबेडकर के 67वें परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किसी का नाम लिए बगैर कहा, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने एक बात कही थी कि हम सबसे पहले भारतीय हैं। आज जब कुछ लोग भारत को कोसते हैं, भारतीयता का अपमान करते हैं, जाति के नाम पर समाज में खाई को चौड़ा करने का काम करते हैं, तो वे एक प्रकार से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान करते हैं। उन्होंने कहा, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का हर एक काम देश के नाम था। जो लोग आज भारत विरोधी गतिविधियों के माध्यम से समाज को विभाजित करते हैं, भारत को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं, वह बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का अपमान करते हैं। हम सबको इस बारे में गांव-गांव जाकर बताना होगा। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा, पहले की सरकार में चेहरा देखकर कार्रवाई करती थीं। चेहरा देखकर योजनाओं का लाभ देती थीं।

कोई दलित समर्थक होता था तो कोई दलित विरोधी हो जाता था। जो विरोधी थे वे तो विरोध में थे ही, लेकिन जो समर्थक बनने का काम करते थे वह भी दलितों के पक्ष में काम नहीं कर पाते थे। वे दलितों के नाम पर अपनी रोटी तो सेंकते थे लेकिन गरीबों और वंचितों के लिए कोई प्रभावी कार्यक्रम तैयार नहीं कर पाए थे। मुख्यमंत्री ने भाजपा सरकार पर समाज के सभी वर्गों के लिये बिना किसी भेदभाव के काम करने का दावा किया और कहा, पहली बार आपने देखा होगा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जाति, मत, मजहब को महत्व दिए बिना एक नारा दिया- सबका साथ, सबका विकास।

## बाबा साहब ने दबे-कुचले लोगों को दिलाया सम्मान

लखनऊ। भारतरत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर निर्बल विकास जन कल्याण सेवा संस्थान के तत्वावधान में किला चौराहे के निकट बाबा साहब की प्रतिमा पर संस्थान के महासचिव रमेश सिंह रवि ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बाबा साहेब के जीवन और संघर्ष विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता संस्थान के महासचिव रमेश सिंह रवि ने की। इस अवसर पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माला अर्पण करते हुए महासचिव रमेश सिंह रवि ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के मौके पर कहा कि बाबा साहब ने अपने जीवन में देश के दबे- कुचले लोगों के हक व सम्मान के लिए संघर्ष किया।

# चकबंदी महकमे में बड़ा एक्शन कई अफसरों पर गिरी गाज

समृद्धि न्यूज

**कार्रवाई**

1- चकबंदी अधिकारी मुजफ्फरनगर बर्खास्त चकबन्दी अधिकारी बलिया की रुकी वेतन वृद्धि
2- एसीओ मेरठ निलम्बित, एफआईआर दर्ज, अन्य के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई

लखनऊ। चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने चकबन्दी प्रक्रिया के आधुनिकीकरण, वादों के निस्तारण तथा चकबन्दी प्रकियाके शीघ्रता व पारदर्शितापूर्वक पूर्ण कराने की समीक्षा की। नवीनकुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 अब तक 1,34,425 वादों का निस्तारण किया जा चुका है। इसके वित्तीय वर्ष 2023-24 में 231 ग्रामों की चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण कराकर जोत चकबन्दी अधिनियम की धारा-52 (1) के अन्तर्गत प्रख्यापन कराया गया है।

ग्रामों को जोत चकबन्दी अधिनियम की धारा-6 (1) के अन्तर्गत चकबन्दी प्रक्रियाओं से पृथक कर दिया गया है। जिन ग्रामों कीचकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण करा कर धारा-52(1) का प्रख्यापन कराया जा चुका है, उन ग्रामों में राजस्व तथा चकबन्दी प्राधिकारी भ्रमण कर चकबन्दी से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण कर रहे है। इसके अतिरिक्त चकबन्दी कार्यों का निर्वहन न किये जाने पर चकबन्दी अधिकारी अनुज सक्सेना, मुजफ्फरनगर को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया व बलिया में कार्यरत चकबन्दी अधिकारी शिव शंकर प्रसाद सिंह की एक वेतन वृद्धि स्थायी रूप से रोकने का दण्ड प्रदत्त किया गया व मेरठ के सहायक चकबन्दी अधिकारी मनोज कुमार नीरज को निलम्बित कर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया। अमरोहा में कार्यरत सहायक चकबन्दी अधिकारी नितिन चौहान के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। इटावा के ग्राम बनी में कार्यों की अनियमितता के लिय चकबन्दी अधिकारी, अवधेश कुमार गुप्ता व सहायक चकबन्दी अधिकारी, संतोष कुमार यादवव सहायक चकबन्दी अधिकारी अखिलेश कुमार के खिलाफविभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है।

# गुणवत्ता व समय से पूरे करें स्मार्ट सिटी से जुड़े निर्माणाधीन कार्य



समृद्धि न्यूज

▸ मंडलायुक्त ने स्मार्ट सिटी कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

लखनऊ । मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी कार्यों की समीक्षा बैठक स्मार्ट सिटी ऑफिस के सभागार कार्यालय में आहूत की गई। इस अवसर पर नगर आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारीगणों को निर्देश देते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी द्वारा निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मिनी ऑडिटोरियम रिनोवेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया साथ ही टॉयलेट मरम्मत का कार्य भी पूर्ण करा लिया गया है। हैंडबॉल कोर्ट का सिविल कार्य निर्माणधीन है। उन्होंने कहा कि 30मई 2024 तक हैंडबॉल के सिविल कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए। उक्त के पश्चात मंडलायुक्त को सीनियर सिटीजन कम्युनिटी सेंटर के निर्माणधीन सिविल कार्य की प्रगति के बारे में संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सिविल कार्य तेजी से किया जा रहा है उन्होंने कहा कि फरवरी माह 2024 तक समस्त सिविल कार्य पूर्ण करा लिया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अमीरूदौला पब्लिक लाइब्रेरी में किया जा रहे रिनोवेशन के कार्य में ना अनावश्यक समय ना लगाया जाए तत्काल तेजी से कार्य करते हुए पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## कुकरैल में 50 घरों पर चला बुलडोजर

लखनऊ। लखनऊ में कुकरैल नदी के किनारे बसे 50 घरों पर बुलडोजर चल रहा है। बुधवार सुबह लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के अफसर फोर्स के साथ बुलडोजर लेकर पहुंचे। बुलडोजर को देखते ही भिकमपुर बस्ती के लोग जुट गए। सभी रास्ते को घेरकर खड़े हो गए। फिर पुलिस कर्मियों ने लोगों को किसी तरह से हटाया। इस दौरान एक महिला सड़क पर बैठ गई। इसके बाद प्रशासन ने लोगों को घर खाली करने को कहा। मगर जब किसी ने घर खाली नहीं किया, तो प्रशासन ने बुलडोजर चलवा दिया। रोते-बिलखते लोगों ने अफसरों से घरों को खाली करने का मौका मांगा। फिर प्रशासन ने लोगों को सामान खाली करने के लिए 2 घंटे की मोहलत दी। इस दौरान महिलाएं रोती हुई मलबे से सामान बटोरती नजर आईं। उन्होंने कहा कि यह गांव हमारा है। अवैध बस्ती नहीं है। यहां सैकड़ों सालों से रह रहे हैं। हालांकि, प्रशासन का कहना है कि यह अवैध अतिक्रमण है। कुकरैल नदी के किनारे 2000 से ज्यादा घर बने हैं। जिन्हें नगर निगम, पीडब्लयूडी और सिंचाई विभाग ने खाली करने का नोटिस दिया है। इसमें मंदिर-मस्जिद भी हैं।

# सीएम के नेतृत्व में होमगार्ड जवानों की बेहतरी के लिए हुए काम : धर्मवीर

▸ सामाजिक कार्यों में अहम भूमिका निभा रहे होमगार्ड्स

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। होमगार्ड्स संगठन स्थापना के 62वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आज होमगार्ड्स मुख्यालय पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। यूपी के कारागार एवं होमगार्ड्स राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने रैतिक परेड का मान-प्रणाम स्वीकार किया। इस अवसर पर धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि 2017 से प्रदेश सरकार में योगी जी के नेतृत्व में होमगार्ड्स जवानों के लिए बेहतरी के लिए बहुत से कार्य किए गए हैं। होमगार्ड जवानों का दैनिक भत्ता पहले 375 रुपए हुआ करता था जिसे दो बार में बढ़ाते हुए रूपये 600 कर दिया गया है साथ ही डीए भी दिया जा रहा है।

होमगार्ड्स जवानों के ड्यूटी एवं भत्ते को लेकर पहले अनियमितता की लगातार शिकायतें मिलती थी लेकिन अब पारदर्शी व्यवस्था अपनाते हुए ड्यूटी एवं भत्ता से लेकर अन्य सभी रिकॉर्ड ऑनलाइन कर दिया गया है। जिससे की जवानों को स्वयं ड्यूटी की जानकारी स्वतः प्राप्त हो जाती है एवं उनके भत्ते सीधे खाते में भेजे जा रहे हैं। आज सॉफ्टवेयर से उनकी ड्यूटी लगायी जा रही है। किसी भी अनियमितता की गुंजाइश ही नहीं रहती। श्री प्रजापति ने कहा कि हमें गर्व है कि निर्वाचन के दौरान अन्य प्रदेशों से होमगार्ड जवानों की मांग आती है।

हमारा होमगार्ड्स जवान कर्तव्य परायणता एवं निष्ठा से ड्यूटी करता है उसकी तारीफ अन्य प्रदेशों से भी प्राप्त होती है। आज का यह रैतिक परेड कार्यक्रम ऐसा प्रतीत हो रहा था की जैसे 26 जनवरी की ही कोई झांकी हो। उन्होंने कहा कि होमगार्ड्स विभाग को बेहतर से बेहतर करने के लिए हमारे विभाग के वरिष्ठ अधिकारी लगातार प्रयत्न एवं मेहनत कर रहे हैं। आज हमारा होमगार्ड्स जवान प्रशासनिक ड्यूटी के साथ-साथ सामाजिक कार्यों को भी बखूबी निभा रहा है। वृक्षारोपण से लेकर गंगा सफाई एवं नदियों- नालों की सफाई के साथ-साथ हमारा होमगार्ड जवान विभन्न अपदाओ के समय से उपस्थित रहकर सभी दायित्वों का निवर्हन पूरी लगन एवं तत्परता से कर रहा है। हमने अपने होमगार्ड्स जवानों को निर्देश दिए हैं कि मंदिरों एवं सड़कों पर अगर कोई भी विकलांग, बुर्जुग पुरुष/महिला दिखे तो उसकी मदद करें। श्री प्रजापति ने कहा कि आज हमारे होमगार्ड्स जवानों का न केवल ड्यूटी भत्ता बढ़ा है बल्कि उन्हें मुख्यमंत्री की तरफ से रूपये 5 लाख की सहायता राशि उनके असामयिक निधन पर प्रदान की जाती है।

## सांस्कृतिक महोत्सव में प्रथम स्थान पर रहीं सृष्टि बिश्वास





लखनऊ। अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने व बच्चों की छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से वृंदावन में श्री नृत्यांजली संस्था के द्वारा श्री कृष्ण कला सांस्कृतिक महोत्सव नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में भारत के विभिन्न राज्यों से लगभग 3500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमे कथक नृत्य के जूनियर वर्ग में सभी प्रतियोगियों को पछाड़ते हुये सृष्टि बिश्वास प्रथम स्थान पर रही। कथक नृत्य की उभरती हुई नृत्यांगना सृष्टि बिश्वास, छाया जैन व गर्विता दत्ता की शिष्या है। ये छत्तीसगढ़ राज्य के भिलाई जिले की रहने वाली है एवं कुमार विश्वास व सुनीता विश्वास सुपुत्री है। नृत्य में विशेष रुचि होने के कारण छोटी उम्र से ही इन्होंने कथक को सीखना प्रारंभ कर दिया था। वर्तमान में यह कथक मे विद अंतिम (छठे वर्ष) की छात्रा है। सृष्टि विभिन्न आयोजन जैसे देश राग पर्व, प्रगयोत्सव, झूम तराना महोत्सव, अक्षय पात्र कला महोत्सव आदि में भी अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सम्मानित हो चुकी है।

उपलब्धि

## उत्तर प्रदेश समृद्ध जैव-विविधता और प्राकृतिक सुन्दरता के लिए प्रसिद्ध : जयवीर सिंह

# टॉफ्ट वाइल्डलाइफ टूरिज्म अवाड्र्स में यूपी को तीन पुरस्कार

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। वन्यजीव पर्यटन पुरस्कार टॉफ्ट सैंक्चुअरी नेचर फाउण्डेशन तथा पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वधान में नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में आयोजित छठा टॉफ्ट वन्यजीव पर्यटन पुरस्कारों में पर्यावरण एवं वन्यजीव में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्तर प्रदेश को तीन पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। ये पुरस्कार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दिया गया है।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश समृद्ध जैव-विविधता और प्राकृतिक सुन्दरता के लिए प्रसिद्ध है, जिसके कारण पर्यावरण एवं वन्यजीव पर्यटन के लिए एक आदर्श गन्तव्य स्थल के रूप में विख्यात है। राज्य में कई संरक्षित क्षेत्र, राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभ्यारण्य हैं, जो पर्यटकों को वन्यजीवों को नजदीक से देखने और प्राकृतिक सुन्दरता का अनुभव कराने का अवसर प्रदान करते हैं। श्री सिंह ने बताया कि इन पुरस्कारों के लिए उत्तर प्रदेश को नामित करने से राज्य में पर्यावरण पर्यटन तथा ईको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक पर्यावासों को खूबसूरत बनाये रखने के लिए राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। जल, जमीन और जंगल को बचाये रखने के लिए काम किया जा रहा है, जो समन्वित रूप से उत्तर प्रदेश को पर्यावरण पर्यटन के लिए उपयुक्त बनाते हैं। इन स्थलों को देखने के लिए बेहतर कनेक्टीविटी तथा उच्चस्तर की कानून व्यवस्था भी है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि कार्यक्रम में भारत सरकार के क्षमता निर्माण आयोग के सदस्य प्रशासन प्रवीण परदेशी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। पीलीभीत टाइगर रिजर्व को ट्रांसफार्मेटिव ससटेनेबल टूरिजम पोटेनशियल के लिए 'कैलाश सांखला पुरस्कार' भी मिला है। यह नया पुरस्कार बाघों के आवासों के संरक्षण और स्थानीय समुदाय के समर्थन से एकीकृत वन्यजीव पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दिया गया। इस वर्ष पुरस्कारों के आयोजन में उत्तर प्रदेश पर्यटन एक भागीदार राज्य के रूप में शामिल था। मेला कोठी-चंबल सफारी लॉज, उत्तर प्रदेश को उत्कृष्ट पग रेटिंग लॉज के लिए संयुक्त विजेता के रूप में सम्मानित किया गया है।

यह लॉज उत्कृष्ट पग प्रमाणन को समर्पित है, जो क्षेत्र की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत में एक गहन अनुभव प्रदान करता है। पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, पर्यावरणीय प्रबंधन और सांस्कृतिक अन्वेषण का एक सामंजस्यपूर्ण मिश्रण पेश करता हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि अमिथ बांगरे को 2023 के लिए संयुक्त विजेता के रूप में लॉज नेचुरलिस्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

अमित जागीर मनोरआईएचसीएस सेलेक्शन्स, दुधवा में मुख्य प्रकृतिवादी हैं, एक प्रकृतिवादी और संरक्षणवादी के रूप में 20 वर्षों का अनुभव रखते हैं।अमिथ की द एन्डेंजर्ड एटीन और 'उधबिलाव झील प्रोग्राम' जैसी पहल लुप्तप्राय प्रजातियों के लिए जागरूकता बढ़ाने की उनकी प्रतिबद्धता को उजागर करती है। प्रखर मिश्रा आईएफएस, निदेशक उत्तर प्रदेश पर्यटन और नवीन खंडेलवाल उप निदेशक पीलीभीत टाइगर रिजर्व ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

### सदर विधायक ने प्रदर्शनी में लोक कल्याणकारी योजनाओं का किया निरीक्षण

# विकासखंड चितौरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगमन

- विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोग सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से हो रहे परिचित : अनुपमा जायसवाल




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड चित्तौरा के कटरा बहादुरगंज ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आगमन पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का निरीक्षण कर लाभार्थी भाई-बहनों से संवाद किया साथ ही विकसित भारत के लिए संकल्प लेते हुए उपस्थित ग्राम वासियों को शपथ भी दिलाई। सदर विधायक ने कार्यक्रम में जरूरतमंदों की समस्याओं को सुनकर उसका त्वरित निस्तारण करने का प्रयास भी किया। मुख्य अतिथि अनुपमा जायसवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे प्रदेश में सरकार द्वारा किए गए कार्यों को जनजन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से लोगों को लाभ ही प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी लोगों की समस्याओं को सुलझाने का भी कार्य कर रहे हैं। सदर विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार प्रत्येक कार्यक्रम के द्वारा किसी न किसी उद्देश्य को सिद्ध करने का कार्य करती है आज की यह विकसित भारत संकल्प यात्रा भी इसी उद्देश्य के अंतर्गत आयोजित की जा रही है जिसके माध्यम से समस्त जनमानस में नव चेतना का संचार हो रहा है एवं सरकार के कार्यों से लोगों में जागरूकता भी उत्पन्न हो रही है। इस अवसर पर बीडीओ चित्तौरा सौरभ पाण्डेय, डॉ प्रताप गौतम, प्रधान बघौड़ा,प्रधान कटरा बहादुरगंज, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरुषोत्तम जायसवाल,नगर अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह अज्जू, अजय जायसवाल, अमित श्रीवास्तव, शिवांकर शुक्ला, गौरव मिश्रा, दीपांकर,शरद सिंह, अंकित पाठक,दीपांकर त्रिपाठी,अखिलेश श्रीवास्तव,सभासद अखिलेश यादव गोले, विक्रमादित्य आदि लोग उपस्थित रहे।

### सदर विधायक ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों का जाना हाल, सफाई व्यवस्था के दिए निर्देश



सदर विधायक ने मंगलवार शाम को जिला अस्पताल के महिला विंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंदगी मिलने पर नाराजगी जताते हुए बेहतर सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को लापरवाही न बरतने की बात कही। सदर विधायक अनुपमा जायसवाल मंगलवार को जिला चिकित्सालय पहुंच गई। उन्होंने महिला अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों व तीमारदारों का हाल जाना। निरीक्षण के दौरान सदर विधायक ने लेबर रूम व अन्य स्थानों पर व्याप्त समस्याओं के दुरस्तीकरण के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एमएमएम त्रिपाठी को दिया। अनुपमा ने सभी चिकित्सकों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह अपने कार्य के प्रति सचेत रहें एवं मरीजों के चिकित्सा सुविधा के लिए सदैव तत्पर रहें। किसी भी प्रकार की लापरवाही भविष्य में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आप सभी चिकित्सकों का तीमारदारों के प्रति भी कुशल व्यवहार होना चाहिए। आपका दायित्व धरती पर भगवान के समान माना जाता है जिसे आपको स्वयं में सिद्ध करने की चेष्टा रखनी चाहिए। सदर विधायक ने अस्पताल में सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए संबंधित को निर्देशित भी किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष अजय सिंह अज्जू, नगर महामंत्री अजय जायसवाल नगर मंत्री अमित श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा शिवांकर शुक्ला, गौरव मिश्रा, विक्रमादित्य आदि लोग उपस्थित रहे।

# फोटो खिंचवाने तक सीमित रह गया विकसित भारत संकल्प यात्रा



- तेजवापुर के केशवापुर में आयोजित कार्यक्रम में खाली पड़ी दिखी कुर्सी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

केन्द्र सरकार की ओर चलाई जा रही अभियान विकसित भारत संकल्प तेजवापुर ब्लॉक क्षेत्र में प्रचार प्रसार के अभाव में दम तोड़ रही है।ब्लाक क्षेत्र सभी न्याय पंचायतों में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में जागरूकता व प्रचार प्रसार के अभाव यह अभियान परवान नहीं चढ़ पा रहा है।

जिम्मेदारों की उदासीनता से ग्रामीणों को एक छत के नीचे मिलने वाली सुविधाएं प्रचार प्रसार के अभाव में दम तोड़ रही है।केन्द्र सरकार की प्राथमिकता में शामिल का विकसित भारत संकल्प यात्रा तेजवापुर ब्लॉक क्षेत्र में महज मजाक बनकर रह गया।

विकास खंड तेजवापुर के ग्राम पंचायत कटहा के केशवापुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रथम कार्यक्रम 10 बजे से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की ओर से प्रदर्शनी भी लगाई। लेकिन कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के अभाव में पंडाल में लगी पुरुष वर्ग की कुर्सी खाली पड़ी दिखी। मीडिया कर्मियों द्वारा खाली कुर्सी की फोटो खिंचते देख कर्मचारियों ने लोगों को कुर्सी पर बैठाने लगे।कार्यक्रम में 11=53 बजे तक कार्यक्रम में कुर्सी खाली पड़ी रही है।

कार्यक्रम में ग्रामीणों से ज्यादा तो विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी कार्यक्रम में दिखाई दिए।जबकि दिन का प्रथम कार्यक्रम 10 बजे से 12:30 तक का होता है जबकि दूसरा कार्यक्रम 2 बजे से 4:30 बजे तक का होता है। कुछ ग्रामीणों का कहना था कि इस कार्यक्रम की सूचना ग्राम पंचायत स्तर से किसी को नहीं थी।ज्ञात हो कि केन्द्र सरकार इस अभियान से केन्द्र व प्रदेश सरकार की ओर चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं आमजन मानस तक पहुंचे लेकिन यह कार्यक्रम महज फोटो खिंचवाने तक सीमित रह गया है।

## खबरें एक नजर में

### शार्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, हजारों का नुकसान




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत पयागपुर के भूपगंज बाजार में स्थित फुटवियर की दुकान में बुधवार सुबह शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा सामान जल गया है। 50 हजार से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों की मदद से दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। पयागपुर थाना क्षेत्र के भूपगंज बाजार निवासी एजाज अहमद पुत्र सिराजुद्दीन अहमद और नियाज़ अहमद पुत्र जुनैद अहमद की फुटवियर की दुकान बाजार में है। पास में ही गोदाम भी है। बुधवार सुबह नौ बजे शार्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई। इसके बाद आग ने गोदाम को चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना परिवार के लोगों ने पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर चतुर्वेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर में दमकल वाहन भी पहुंच गया। ग्रामीणों की मदद से दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। 50 हजार से अधिक की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है।

### जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता आठ को

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डा.जीके द्विवेदी ने बताया कि आठ दिसंबर को प्रातः 10 बजे से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विज्ञान से संबंधित विभिन्न मॉडलों का विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में चयनित विजेता विद्यार्थियों के मॉडलों का चयन किया जाएगा। जिनका प्रदर्शन मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता बांदा में भाग लेने के लिए किया जाएगा। बताया कि विद्यार्थियों के मध्य वैज्ञानिक सोच व दृष्टिकोण उत्पन्न करने के साथ विज्ञान के प्रश्न यथा क्या, क्यों, कब, कैसे, कहाँ आदि के दृष्टिगत विज्ञान के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण करने हेतु एक सुअवसर/मंच प्रदान करना। विद्यार्थियों के मध्य प्रतिभा खोज, विकास, प्रोत्साहन एवं सम्मान। विद्यार्थियों के मध्य समाज में व्याप्त अंधविश्वासों, कुरीतियों अवैज्ञानिक धारणाओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विश्लेषण करने हेतु अवसर प्रदान करना। कहा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के महत्व और उपयोग के संवर्धन एवं प्रोत्साहन के प्रति जागरूक करना है।

### अनुयायियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर की श्रद्धांजलि अर्पित

**राठ, समृद्धि न्यूज।** जन जन के नायक संविधान के रचयिता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई इस मौके पर उनके अनुयायियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सच्ची श्रद्धांजलि दी। बुधवार को अंबेडकर जयंती पर उन्हें याद किया गया। अंबेडकर चौराहा स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर नेता और गणमान्य लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती संतराम राजपूत, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया समेत दर्जनों लोगों ने प्रतिमा पर माल्या अर्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने कहा की बाबा साहब गरीबों के मसीहा थे जिन्होंने संविधान की रचना कर समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान दिया। इस मौके पर रविन्द्र अंकल, उदित त्रिपाठी, राजेश सभासद, देवेंद्र, अजय, ज्योति बृजेंद्र गुप्ता समेत अनेक लोग रहे।

### लतन ओट सब सखिन्ह लखाए, श्यामल-गौर किशोर सुहाए






**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के लोदीपुर निवादा गाँव में दिव्यप्रेम सेवा मिशन हरिद्वार द्वारा आयोजित रामकथा के पाँचवें दिन कथा व्यास विजय कौशल महाराज ने भगवान राम और जानकी के विवाह का अत्यंत ही रोचक वर्णन किया। पुष्पवाटिका में भगवान राम और लक्ष्मण को सीता जी और उनकी परिचारिकाओं ने देखा और रामचन्द्र जी को देख वैदेही का अपनी सुधबुध खो देने का अत्यंत ही जीवंत चित्रण किया। जिसे सुन सभी श्रोता मन्त्रमुग्ध हो गए। बुधवार की कथा दौरान कार्यक्रम प्रभारी शिवशंकर सिंह, किरण चतुर्वेदी, सह प्रभारी जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, लेखराम अनुरागी, दुष्यंत सिंह परिहार, गुड्डू सिंह परिहार, अमरचंद्र अनुरागी, वीरनारायण राजपूत, जगदीश चौहान, रणविजय सिंह, अवध अंचल, अरूण सिंह फतेहपुर, अजयराज चंदेल हमीरपुर, शुभम शाही, श्याम, अभिषेक तिवारी संयोजक हमीरपुर इकाई, साधना सिंह समेत हजारों श्रद्धालु श्रोता मौजूद रहे।

# करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या पर उबाल

- जिला मुख्यालय और पयागपुर में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

राजस्थान में श्री करणी सेना के राष्ट्रीय के हत्या के विरोध में बुधवार को जिला मुख्यालय पर सेना के पदाधिकारियों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। पयागपुर में भी लोग धरने पर बैठ गए। श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की मंगलवार को जयपुर में उनके आवास पर अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई है। जिसके विरोध में जिले के करनी सेना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में उबाल है। बुधवार को श्री करणी सेना के जिलाध्यक्ष विजय पाल सिंह की अगुवाई में सभी ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष विजय पाल सिंह ने कहा कि घर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या अपराध को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही सभी हत्यारोपियो के गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शन के बाद सभी ने डीएम को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया। इस दौरान सभासद आशीष सिंह, सूरज सिंह, त्रिलोकी चंदी, प्रदीप पांडेय, भूपेंद्र सिंह, यशपाल सिंह, राजेश जादवा, लोकेंद्र सिंह, अतुल सिंह, शिवम सिंह, अर्पित श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद रहे। उधर अखंड गौरवशाली क्षत्रिय समाज के तत्वावधान में बुधवार को कर्णी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगाभणी की निर्मम हत्या के विरोध में पयागपुर क्षेत्र के विद्युत पावर हाउस के समक्ष गोण्डा बहराइच पर क्षत्रियों ने जिलाध्यक्ष ध्रुवराज सिंह की अध्यक्षता में अपनी बांहों में काली पट्टी बांधकर निंदा। अखंड गौरवशाली क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रभारी उत्तर प्रदेश विनय सिंह वैश ने कहा कि यदि क्षत्रियों पर अत्याचार बंद न हुआ तो क्षत्रिय समाज सडको पर उतरकर क्षत्रिय समाज विरोधियों को मुंहतोड जबाब दिया जायेगा। इस अवसर पर अमरजीत सिंह, विपिन शाही, भुलावन सिंह मंगल सिंह सोनू प्रधान, राजाराम सिंह आदि ने अपने अपने विचार करके अपराध की निंदा की।

# गैस सिलेंडर वितरण में कालाबाजारी का आरोप

- आज से कस्बे की एजेंसी में होगा वितरण

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे की गैस एजेंसी में आपसी विवाद के बाद लोड बंद होने के कारण मौदहा की मधुपिया गैस एजेंसी का वितरण का जिम्मा मिलने के बाद कस्बे में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी का दौर शुरू हो गया है। कस्बे के उपभोक्ताओं का आरोप है कि मौदहा एजेंसी धारक उपभोक्ताओं को सिलेंडर न देने के बजाय कालाबाजारी करने वालों को सिलेंडर बांट रहा है। उधर जिला पूर्ति अधिकारी का नोटिस मिलने के बाद कस्बे की एजेंसी धारक ने आपसी समझौता करके लोड मंगाने के लिए धनराशि जमा कर दी है। गुरुवार से कस्बे की एजेंसी में वितरण शुरू हो जाएगा। कस्बे को उपभोक्ता रन्नो मिश्रा, नंदकिशोर प्रजापति, रामफूल कुशवाहा, रामरानी वर्मा, गीता देवी, सरोज, शिवकांति आदि ने आरोप लगाया है कि मौदहा का एजेंसी धारक सुबह से गैस की कापी जमा करा लेता है और पूरे दिन कालाबाजारी करने वालों को सिलेंडर बांटता है जबकि वह सुबह से भूखे प्यासे सिलेंडर पाने का इंतजार कर रहे हैं। मधुपिया गैस एजेंसी मौदहा के मैनेजर राजेश कुमार ने आरोप को बेबुनियाद बताते हुए कहा की भीड़ अधिक होने के कारण वितरण में समय लगता है। वह किसी तरह की कालाबाजारी नहीं कर रहे हैं उधर कस्बे की एजेंसी में विवाद का पटाक्षेप होने के एजेंसी धारक पंकज पालीवाल ने लोड मंगाने के लिए धनराशि जमा कर दी है उन्होंने बताया कि गुरुवार से वितरण शुरू किया जाएगा।

# बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को किया नमन

- बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर अर्पित किया गया श्रद्धासुमन
- वक्ताओं ने बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृत्तत्व पर डाला प्रकाश



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं महान समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 67वें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, डिप्टी कलेक्टर पूजा चौधरी, अवनीश पाण्डेय, प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चौरसिया सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

बाबा साहब का परिनिर्वाण दिवस हम सबको उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों पर चलने के लिए पुनर्संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। यही कारण है कि जाति आधारित भेदभाव के विरुद्ध लड़ाई, सामाजिक न्याय की प्रतिस्थापना, सशक्तीकरण के साधनों के रूप में शिक्षा पर विशेष जोर एवं समावेशी व समतावादी समाज की स्थापना के सन्दर्भ में उनका दर्शन आज पहले से भी अधिक प्रासंगिक है। अमृतकाल के इस दौर में भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में अपनी पूरी क्षमता हासिल कर विश्वगुरू बनने की राह पर अग्रसर हो इसके लिए हमें बाबा साह्ब द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों को आत्मसात कर उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर पूरी निष्ठा के साथ चलने का व्रत लेना होगा और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी।

इसी प्रकार विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब का परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडीडीआरडीए राज कुमार, डीसी मनरेगा के.डी.गोस्वामी, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, खण्ड विकास अधिकारियों व अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया तथा बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृत्तत्व पर प्रकाश डाला गया।

# सपा ने परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित की गोष्ठी

- याद आएं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देशानुसार भारतीय संविधान के जनक बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर के 67 वें परिनिर्वाण दिवस पर जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव की अध्यक्षता मे उनके जीवन दर्शन पर चर्चा के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का संचालन जिला उपाध्यक्ष जफर उल्ला खा %बंटी% ने किया। गोष्ठी मे सर्वप्रथम बाबा साहब के चित्र पर पार्टी पदाधिकारीयों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे विनम्र श्रद्धांजलि दी गयी व उनके बताये हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए रामहर्ष यादव ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान मे अमीर-गरीब, छोटे-बडे सभी के लिए एक वोट का प्रवधान किया था। गरीबों, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ो को समाज की मुख्यधारा मे शामिल करने की व्यवस्था के लिए उनके प्रयासों को आजीवन भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि सत्ता की चाभी इस देश के प्रधानमंत्री के हाथों मे नही है बल्कि सत्ता की चाभी आरएसएस के हाथों मे है। उस आरएसएस के हाथ मे है जो बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर के संविधान के स्थान पर मनुस्मृति को इस देश के संविधान के रूप मे स्थापित करना चाहते है।बाबा साहब के सपनो को पूरा करने के लिए हमारे मुखिया अखिलेश यादव ने पीडीए का नारा बुलंद किया है, पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक इनको एकजुट करके बाबा साहब के संविधान पर भाजपा द्वारा जो खतरे पैदा किये जा रहे है हम सब संगठित हो कर उन खतरों से निपटने का काम करेंगे। इस गोष्ठी को पूर्व मंत्री बंशीधर बौद्ध, पूर्व विधायक रामेश गौतम, पूर्व विधायक केके ओझा, संत कुमार पासी, पेशकार राव आदि ने सम्बोधित किया।इस गोष्ठी मे मिथुन बाल्मीकि, मनु देवी, सुमन शर्मा, शाहिस्ता परवीन, हुसन आरा, अयोध्या सोनी, मुन्ना रायनी, पप्पू यादव, अज्जू बाजपेयी, गाजी इमाम सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खबर का असर : बंद कमरों से बाहर आया भूसा गोवंशों के पेट में पहुंचा

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

ब्लाक की पंचायत में बनी गौशाला में संरक्षित गोवंश को पयार खिलाने जाने की खबर प्रकाशित होते ही बुधवार को सुबह से प्रधानों ने महीनों से ताले में बंद भूसे के दरवाजे खोलकर भूसा बेसहारा गोवंश तक पहुंचना शुरू कर दिया है। साथ ही धान की एकत्र पराली को जांच के भय से किनारे करना शुरू कर दिया है।

बुधवार को ब्लॉक की पंचायतों में संरक्षित बेसहारा गोवंश को भूसे की जगह पराली(पयार) खिलाने की खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। खबर प्रकाशित होते हैं प्रशासनिक अधिकारियों की फटकार के बाद महीनों से बंद भूसा घरों को प्रधानों ने गोवंश के लिए खोल दिया है और भूसा खिलाते हुए लोकेशन सहित फोटो, वीडियो भेजकर अधिकारियों को सूचित कर रहे है। बंडा की सचिव अनामिका पांडेय ने बताया कि विगत दिनों गौशाला की तरवाड़ी को गोवंश ने तोड़ दिया था। इससे कुछ किसानों को शायद परेशानी हुई थी। तारबाड़ी को ठीक कराकर गोवंश को संरक्षित कर दिया गया है और प्रतिदिन भूसा खिलाया जा रहा है। गौशाला के नोडल अधिकारी पशु चिकित्सा अधिकारी डा अंकुर सचान ने बताया कि सभी प्रधानों व पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया है कि वह सुबह शाम भूसा खिलाने का वीडियो लोकेशन सहित भेजें। इसके साथ वह खुद जांच करेंगे। अगर कहीं कमी पाई जाएगी तो कार्यवाही की जाएगी।

# ब्लाक के महज 72 केंद्रों में शुरू हो सकी गर्म भोजन योजना

- ब्लाक में संचालित है 234 आंगनवाड़ी केंद्र



**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

आंगनवाड़ी केंद्रों में नौनिहालों को गर्म भोजन देने की योजना शुरू होते ही हिचकोले खाने लगी है। तमाम जद्दोजहद के बाद ब्लाक के 234 आंगनवाड़ी केंद्रों के सापेक्ष बमुश्किल 72 केंद्रो में गर्म भोजन देना शुरू किया है। आंगनवाड़ी केंद्रों में प्राथमिक विद्यालय के मेन्यू के मुताबिक प्रतिदिन गर्म भोजन दिया जाना है।

शासन ने प्राथमिक विद्यालयों के मेन्यू को आंगनवाड़ी केंद्रों में लागू करके 1 दिसंबर से केंद्रों के नौनिहालों को गर्म भोजन देने की योजना लागू की है। इनको गेहूं चावल राशन विक्रेता के यहां से प्राप्त होगा और सामग्री के लिए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के खातों में नगद धनराशि भेजी गई है। शासन के तमाम निर्देशों के बाद यह ब्लाक के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में शुरू नहीं हो सकी है। बाल विकास कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 6 दिसंबर तक पंधरी, बांकी, भौनिया, मौहर, सुमेरपुर, पौथिया, पारा रैपुरा, स्वासा बुजुर्ग, धुंधपुर, हेलापुर, नारायनपुर, पलरा, कलौलीतीर, टिकरौली, विदोखर मेंदनी, छानी खुर्द, सुरौली बुजुर्ग, पचखुरा बुजुर्ग, विदोखर पुरई, बिलहड़ी, कुम्हऊपुर में संचालित 72 केंद्रो में गर्म भोजन देने की योजना शुरू हो सकी है। शेष 162 केंद्रो में यह कब तक लागू होगी। इसके बाद में जिम्मेदारों ने चुप्पी साध रखी है। जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि कुछ केंद्रो में बर्तनों का अभाव है उन्हें बर्तन खरीदने के निर्देश दिए गए हैं। कुछ केंद्रो में खाद्यान्न नहीं पहुंच पाया है। उसका उठान कराया जा रहा है। 15 दिसम्बर तक सभी केंद्रों में गर्म भोजन तैयार होने लगेगा।

# डीएम ने संविलियन विद्यालय कुण्डासर व केजीबीवी लालपुर जलालपुर का किया निरीक्षण

- नेत्र परीक्षण न होने का तथ्य प्रकाश में आने पर डीएम ने व्यक्त की नाराज़गी, अधीक्षक को दिया निर्देश
- बच्चों का नेत्र परीक्षण तथा आधार कार्ड बनाये जाने का दिया निर्देश



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

परिषदीय विद्यालयों के पठन-पाठन, भवन, कक्ष-कक्षों, छात्रावास तथा परिसर इत्यादि की साफ-सफाई, सुरक्षा तथा मेस इत्यादि व्यवस्थाओं का जायज़ा लने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड कैसरगंज अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुण्डासर तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय लालपुर जलालपुर कैसरगंज का निरीक्षण किया।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने बच्चों से पुस्तक को पढ़वाकर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा तथा बच्चों से मध्यान्ह भोजन के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए शिक्षण स्टाफ को निर्देशित किया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ शत-प्रतिशत आधार कार्ड बनवाये तथा बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। बच्चों के स्वास्थ परीक्षण के बारे में जानकारी करने पर नेत्र परीक्षण न होने का तथ्य प्रकाश में आने पर डीएम ने नाराज़गी व्यक्त करते हुए अधीक्षक डॉ एन के सिंह को निर्देश दिया कि सभी विद्यालय के बच्चों का नेत्र परीक्षण अवश्य कराएं। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय लालपुर जलालपुर कैसरगंज के निरीक्षण के दौरान बच्चियों का कुशलक्षेम पूछते हुए पठन-पाठन की गुणवत्ता तथा अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सीख दी कि मन लगाकर पढ़ाई करें और समाज में ऊंचा मुकाम हासिल कर अपने परिवार का नाम रोशन करें। डीएम ने कक्षा 06 की छात्रा सोनाली से अग्रेज़ी की पुस्तक को पढ़वा कर देखा। बच्ची द्वारा संतोषजनक ढंग से पुस्तक न पढ़ पाने पर डीएम ने शिक्षा सुधार हेतु नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। एमडीएम की जानकारी करने पर वार्डेन पूनम चौधरी ने बताया कि मेन्यू के अनुसार बच्चों को दाल, चावल, रोटी व सब्ज़ी परोसी गई है। शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करते हुए उन्हें संस्कारशील भी बनायें तथा बच्चियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

# पत्नी-बच्चों की हत्या कर फांसी पर लटक गया डॉक्टर

**सनसनीखेज वारदात**

- सरकारी डॉक्टर के आवास पर चार शव मिलने से हड़कंप
- बच्चों और पत्नी की हत्या के बाद खुदकुशी की आशंका



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली के लालगंज में संचालित मॉडर्न रेलकोच फैक्ट्री में मंगलवार की देर शाम उस समय हड़कंप मच गया जब कारखाने में एडीएमओ के पद पर कार्यरत नेत्र सर्जन, उनकी पत्नी और दो बच्चों का शव उनके आवास पर मृत अवस्था में मिला।

चिकित्सक का शव फांसी के फंदे पर था जबकि, उनकी पत्नी, पुत्र और पुत्री बेड पर पड़े हुए थे जिनके मुंह में कपड़े भरे हुए थे। सूचना पर पहुची आरपीएफ और पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर शवों को बाहर निकाला। चिकित्सक के परिवार को अंतिम बार रविवार को देखा गया था। मंगलवार की देर रात उनके सहयोगी अरुण को कॉल कर रहे थे तो उनका फोन जब नहीं उठा तो उनका हालचाल जानने के लिए जब उनके आवास पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस अधीक्षक फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। फरेंसिक टीम मौके से साक्ष्य संकलन में जुटी हुई है।

### तलाश करने आवास पहुंचे थे सहयोगी

कारखाने में 2017 में एडीएमओ के पद पर कार्यरत डॉ अरुण सिंह, जो कि नेत्र सर्जन विशेषज्ञ थे, और एमसीएफ में तैनात थे। वह कारखाना के आवासीय परिसर में पत्नी अर्चना सिंह पुत्री आदिवा और पुत्र आरव के साथ रहते थे। डॉ अरुण सिंह को अंतिम बार रविवार को देखा गया। उसके बाद उनके घर के किसी भी सदस्य को परिसर में रहने वाले व्यक्ति ने नहीं देखा ।जब उनकी तलाश में उनके सहयोगी उनके आवास पर पहुंचे तो आवास बन्द मिला। जब घर मे झांका गया तो डॉ. फांसी के फंदे पर झूलते और उनकी पत्नी, बच्चे बेड पर बेसुध पड़े दिखे। यह देख परिसर में सन्नाटा पसर गया।

### मौके पर पहुंचे आलाधिकारी

सूचना पर पहुंची पुलिस ने इसकी सूचना आलाधिकारी को दी तो पुलिस अधीक्षक फरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घर का दरवाजा तुड़वा कर कमरे में दाखिल हुआ गया। चिकित्सक फांसी के फंदे पर लटक रहे थे और उनका पूरा परिवार मृत अवस्था में बेड पर पड़ा था। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की तहकीकात शुरू कर दी गई।

### नस काटने की कोशिश में नाकाम होने पर फांसी लगाकर दी जान

बताया जा रहा है कि डॉ. अरुण मिर्जापुर जनपद के चुनार क्षेत्र के गांव के निवासी थे. डॉक्टर के खुदकुशी से पहले कई तरह के इंजेक्शन लेने की बात भी सामने आई है द्य प्रथम दृष्टया बच्चों और पत्नी को नशे की कुछ चीजें खिलाकर बेहोश किया गया, उसके बाद उनके सिर पर प्रहार करके मार दिया गया है द्य बाद में डॉक्टर ने अपनी नसों को काटने की भी कोशिश की सफल नहीं होने पर कुर्सी की मदद से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से जांच पड़ताल शुरू कर दी है और पूरे घर को बंद

### मामले की जांच करने पहुंचे आइजी तरुण गाबा



डॉक्टर परिवार की मौत मामले में आइजी तरुण गाबा फैक्ट्री के आवासीय परिसर पहुंचे। आइजी तरुण गाबा के साथ एसपी आलोक प्रियदर्शी व एडिशनल एसपी नवीन सिंह समेत अन्य अधिकारी भी पहुंचे ।उधर रेल कोच फैक्ट्री के नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर अरुण सिंह की परिवार सहित हुई मौत के बाद पूरे परिसर में सन्नाटा पसरा है। कुछ इक्का दुक्का पड़ोसी जो नजर भी आ रहे हैं वो स्तब्ध हैं। उनके पड़ोस में रहने वाले रेल कोच कर्मी का कहना है कि उनके व्यवहार से कभी ऐसा लगा ही नहीं कि वह आत्महत्या जैसा कोई कदम भी उठा सकते हैं।

### डॉक्टर की पत्नी के पिता के मुताबिक पति-पत्नी में थे मधुर संबंध

मौत की सूचना पाकर यहाँ पहुंचे डॉक्टर की पत्नी के परिजनों ने पुलिस की सारी आशंकाओं पर पानी फेर दिया है। डॉक्टर की पत्नी अर्चना सिंह के पिता जय प्रकाश के मुताबिक पति पत्नी के बीच मधुर संबंध थे। उन्होंने डॉक्टर के व्यवहार को लेकर भी स्पष्ट रूप से कहा कि उनमें अवसाद जैसे कोई लक्षण कभी सामने नहीं आये। उन्होंने बताया कि दोनों की शादी 2008 में हुई थी और अभी तक विवाद का कोई मामला सामने नहीं आया। मृतका अर्चना सिंह के पिता का कहना है कि उनकी फोन लगातार आता जाता था और सामान्य बातचीत होती थी। पिता जय प्रकाश ने कहा कि बीते शनिवार को भी बात हुई थी और सबकुछ सामान्य था।

## एसपी ने कुश्ती क्लस्टर में सिल्वर मेडल जीतने वाली महिला आरक्षी को किया सम्मानित



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** ऑल इंडिया पुलिस रेसलिंग क्लस्टर (AIP-SCB) हरियाणा पुलिस द्वारा आयोजित किया जाता है जिस क्रम में 72 वें अखिल भारतीय पुलिस कुश्ती क्लस्टर का आयोजन 4 से 8 अक्टूबर 2023 (पांच दिवसीय) तक हरियाणा के करनाल जलि के मधुबन अकादमी स्टेडियम में किया गया। अखिल भारतीय पुलिस कुश्ती क्लस्टर प्रतियोगिता में देशभर के अलग-अलग राज्यों के अर्धसैनिक बलों की 36 टीम के 2561 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।72वें अखिल भारतीय पुलिस कुश्ती क्लस्टर में महिला आरक्षी दीक्षा गुप्ता द्वारा सिल्वर मेडल जीतनें पर देश में रायबरेली पुलिस का गौरव बढ़ाने पर पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा महिला आरक्षी को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## परिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को किया याद

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के 67वें महापरिनिर्वाण दिवस पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने उनके चित्र पर पुष्प चढ़ा कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने संविधान निर्माता को याद करते हुए कहा कि उनके द्वारा संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया । हम सब का यह दायित्व बनता है कि बाबा साहब के दिखाए हुए मार्ग पर चले और अपने संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखें।उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज के दिन सभी विभागीय कार्यालयों तथा विद्यालयों में परिनिर्वाण दिवस मनाया जा रहा है। विद्यालयों में कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं।

इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट प्रकाश चंद्र ने भी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

विकास भवन स्थित गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने भी डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए कहा कि यह हम सबके लिए गौरव का विषय है कि हमारे यहां ऐसे महापुरुष पैदा हुए जिन्होंने हमारे देश को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

सूचना कार्यालय,रायबरेली में भी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें याद किया गया। जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन ने बताया कि भीमराव अंबेडकर हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका जीवन दर्शन सभी के लिए पथ प्रदर्शक है।


## रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन

लखनऊ डिवीजन के बाराबंकी–अयोध्या कैंट–शाहगंज–जफराबाद सेक्शन पर शाहगंज जं.–बिलवई–तुलसी नगर के बीच ट्रैक दोहरीकरण कार्य के संबंध में होने वाले नॉन इंटरलॉकिंग कार्य हेतु दिनांक 16.12.2023 तक उत्तर रेलवे द्वारा उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जाएंगे, जिसके परिणामस्वरूप निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ उनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों पर निम्नानुसार प्रभावित रहेंगी:–

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | निरस्तीकरण की तिथि(याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 15025 मऊ जं.–आनन्द विहार(टर्मि.) एक्सप्रेस | 10.12.2023, 12.12.2023 |
| 15026 आनन्द विहार(टर्मि.)–मऊ जं. एक्सप्रेस | 08.12.2023, 11.12.2023, 15.12.2023 |
| 15083 छपरा जं.–फर्रूखाबाद एक्सप्रेस | 06.12.2023 से 16.12.2023 |
| 15084 फर्रूखाबाद–छपरा जं. एक्सप्रेस | 07.12.2023 से 17.12.2023 |
| 14213 वाराणसी जं.–गोंडा जं. इंटरसिटी एक्सप्रेस | 06.12.2023 से 16.12.2023 |
| 14214 गोंडा जं.–वाराणसी जं. इंटरसिटी एक्सप्रेस | 07.12.2023 से 17.12.2023 |
| 14017 रक्सौल जं.–आनन्द विहार(टर्मि.) सदभावना एक्सप्रेस | 07.12.2023, 14.12.2023 |
| 14018 आनन्द विहार(टर्मि.)–रक्सौल जं. सदभावना एक्सप्रेस | 06.12.2023, 13.12.2023 |
| 13509 आसनसोल जं.–गोंडा जं. एक्सप्रेस | 12.12.2023 |
| 13510 गोंडा जं.–आसनसोल जं. एक्सप्रेस | 13.12.2023 |
| 09465 अहमदाबाद जं.–दरभंगा जं. क्लोन विशेष | 08.12.2023, 15.12.2023 |
| 09466 दरभंगा जं.–अहमदाबाद जं. साबरमती एक्सप्रेस | 11.12.2023, 18.12.2023 |
| 05167 बलिया–शाहगंज अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष | 16.12.2023 तक |
| 05168 शाहगंज–बलिया अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष | 16.12.2023 तक |
| 05171 बलिया–शाहगंज अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष | 16.12.2023 तक |
| 05172 शाहगंज–बलिया अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष | 17.12.2023 तक |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 13009/13010 हावड़ा जं.–योग नगरी ऋषिकेश–हावड़ा जं. दून एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ जं. | 10.12.2023 से 15.12.2023 |
| 15934 अमृतसर–न्यू तिनसुकिया जं. एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं.– | 15.12.2023 |
| 13328 कोटा जं.–पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–सुलतानपुर जं.–जफराबाद | 10, 14, 15.12.2023 |
| 13483 मालदा टाउन–दिल्ली जं. फरक्का एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर जं.–लखनऊ जं. | 06, 08,10, 12, 13, 15.12.2023 |
| 13484 दिल्ली जं.–मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–सुलतानपुर जं.–जफराबाद | 10, 12, 14, 15.12.2023 |
| 15636 गुवाहाटी–ओखा जं. द्वारका एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर जं.–लखनऊ जं. | 11.12.2023 |
| 15668 कामाख्या–गांधीधाम जं. एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर जं.–लखनऊ जं. | 13.12.2023 |
| 19321 इन्दौर जं.–पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–सुलतानपुर जं.–जफराबाद | 09.12.2023 |
| 22103 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर जं. | 11.12.2023 |
| 14649 जयनगर–अमृतसर जं. सरयू यमुना एक्सप्रेस | छपरा जं.–गोरखपुर जं.–गोंडा जं.–बाराबंकी–लखनऊ जं. | 08, 10, 12, 15.12.2023 |
| 14650 अमृतसर जं.–जयनगर सरयू यमुना एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–बाराबंकी–गोंडा जं.–गोरखपुर जं.–छपरा जं. | 11.12.2023, 13.12.2023 |
| 15715 किशनगंज–अजमेर जं. गरीब नवाज़ एक्सप्रेस | छपरा जं.–गोरखपुर जं.–गोंडा जं.–बाराबंकी–लखनऊ जं. | 08, 10, 12, 15.12.2023 |
| 15716 अजमेर जं.–किशनगंज गरीब नवाज़ एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–बाराबंकी–गोंडा जं.–गोरखपुर जं.–छपरा जं. | 07, 11, 12, 14.12.2023 |
| 19053 सूरत–मुजफ्फरपुर जं. एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–बाराबंकी–गोंडा जं.–गोरखपुर जं.–छपरा जं. | 15.12.2023 |
| 19054 मुजफ्फरपुर जं.–सूरत एक्सप्रेस | छपरा जं.–गोरखपुर जं.–गोंडा जं.–बाराबंकी–लखनऊ जं. | 10.12.2023 |
| 19165 अहमदाबाद जं.–दरभंगा जं. साबरमती एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–बाराबंकी–गोंडा जं.–गोरखपुर जं.–छपरा जं. | 06, 08, 10, 13, 15.12.2023 |
| 19166 दरभंगा जं.–अहमदाबाद जं. साबरमती एक्सप्रेस | छपरा जं.–गोरखपुर जं.–गोंडा जं.–बाराबंकी–लखनऊ जं. | 09, 11, 13, 16.12.2023 |
| 11055 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–गोरखपुर जं. गोदन एक्सप्रेस | जौनपुर जं.–औंड़िहार जं.–मऊ जं.–गोरखपुर जं. | 06, 08, 10, 11, 13, 15.12.2023 |
| 11056 गोरखपुर जं.–लोकमान्य तिलक(टर्मि.) गोदन एक्सप्रेस | मऊ जं.–औंड़िहार जं–जौनपुर जं. | 08, 10, 12, 13, 15.12.2023 |
| 11059 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–छपरा जं. छपरा एक्सप्रेस | जौनपुर जं.–औंड़िहार जं.–मऊ जं.–गोरखपुर जं. | 07, 09, 12, 14.12.2023 |
| 11060 छपरा जं.–लोकमान्य तिलक(टर्मि.) छपरा एक्सप्रेस | मऊ जं.–औंड़िहार जं–जौनपुर जं. | 07, 09, 11, 14, 16.12.2023 |
| 19045 सूरत–छपरा जं. ताप्ति गंगा एक्सप्रेस | जौनपुर जं.–औंड़िहार जं.–मऊ जं. | 06, 07, 08, 10, 11, 13 14, 15.12.2023 |
| 19046 छपरा जं.–सूरत ताप्ति गंगा एक्सप्रेस | मऊ जं.–औंड़िहार जं–जौनपुर जं. | 08, 09, 10, 12, 13 15, 16.12.2023 |
| 12225 आज़मगढ़–दिल्ली जं. कैफियत एक्सप्रेस | शाहगंज जं.–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर जं.–लखनऊ जं.–उन्नाव जं.–कानपुर सेंट्रल | 06, 08, 09, 11, 12, 13, 15.12.2023 |
| 12226 दिल्ली जं.–आज़मगढ़ कैफियत एक्सप्रेस | | 07, 08, 10, 11, 12, 14, 15.12.2023 |

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें**

रेलमदद वेबसाईट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

3816/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें


## खबरें एक नजर में

### सुखदेव सिंह की हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के विरोध में रायबरेली जिले में शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन करणी सेना के नेताओं ने राजस्थान कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए आरोप लगाया कि अगर कांग्रेस सरकार समय पर सुरक्षा दे देती तो इतनी बड़ी घटना टाली जा सकती थी करणी सेना के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने शहर की डिग्री कॉलेज चौराहे पर स्थित शहीद चौक पर इकट्ठा होने के बाद कैंडल मार्च निकालकर अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी को श्रद्धांजलि देते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा व सरकार से मांग की है कि इस हत्याकांड की जांच एनआईए व सीबीआई से कराकर जल्द से जल्द दोषियों को फांसी दी जाए ।

### परिनिर्वाण दिवस के रूप मे मनाई बाबा साहेब की पुण्यतिथि



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** महाराजगंज तहसील परिसर में युवा अधिवक्ताओं द्वारा भारतीय संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के 68 वीं पुण्यतिथि महा परिनिर्वाण दिवस के रूप मनाते हुए उनके बताए हुए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। गौरतलब हो कि बुधवार को दोपहर एक बजे महराजगंज तहसील परिसर में अधिवक्ता भवन के पास युवा अधिवक्ता अर्जुन सिंह,सरोज गौतम,बिंदेश कुमार राव,विजय कनौजिया,कधई लाल, सौरभ कुमार, अर्जुन रावत,शैलेंद्र कुमार, शिया राम, रमेश गौतम, सर्वेश गौतम सहित अन्य अधिवक्ताओं ने भारतीय संविधान निर्माता बाबा भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए हुए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया ।इस अवसर पर गंगा चरण,रवितोष त्रिपाठी,पवन कुमार,सोनू रावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**खीरों (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के सेमरी चौराहा स्थित बाजपेई पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार की युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। मामला खीरों थाना क्षेत्र के सेमरी चौराहे स्थिति बाजपेई पेट्रोल पंप के पास का है जहां रायबरेली के सदर कोतवाली क्षेत्र के सब्जी मंडी ताल ताला निवासी रिजवान उम्र 37वर्ष पुत्र एजाज मोहम्मद जरुरी काम से कानपुर जा रहे थे तभी सेमरी चौराहे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया ।वहीं पुलिस द्वारा परिजनों को मौत की सूचना मिलते ही मृतक के पिता एजाज ,पत्नी गुलशन बानो,पुत्र अली ,पुत्रीसी अलीशा, व मां का रो रो कर बुरा हाल है ।खीरों थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा दिया गया है ।अज्ञात वाहन की तलाश कराई जा रही है। परिजनों द्वारा तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### दबंग पड़ोसियों ने युवक को पीटा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र में गाली–गलौज का विरोध करने पर पड़ोसियों ने युवक के साथ मारपीट की जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अलीगंज गांव निवासी राम सिंह पुत्र किशन घर के बाहर बैठा हुआ था तभी रामदयाल व शुभम पुत्रगण नन्हके उसे देखकर गाली–गलौज करने लगे जिसका उसने विरोध किया तो रामदयाल, शुभम, केतकी, रामदेवी ने मिलकर पिटाई कर दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



### नगर में निकली विशाल शोभायात्रा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सफीपुर के मोटेश्वर महादेव मंदिर के समीप स्थित बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में वृंदावन के विख्यात भागवत आचार्य देवकीनंदन शर्मा के निर्देशन में बाल कलाकारों द्वारा मनोहर रामलीला रासलीला का आयोजन किया गया है। लीला कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें रथ पर सवार राधा–कृष्ण की मनोरम झांकी का दर्शन नगरवासियों ने किया। शोभायात्रा का अनेकों स्थान पर पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया बैंड–बाजे ढोल–नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालु नृत्य करते हुए अपने ईष्ट को प्रसन्न करने के प्रयत्न करते रहे। यात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई, आयोजक घनश्याम गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष उत्तम निषाद, पूर्व सभासद विनोद मिश्रा, रिंकू गुप्ता, हिमांशु मिश्रा, विनय गुप्ता, शिवमोहन प्रजापति, संकट गुप्ता, माया प्रकाश गुप्ता, श्याम चन्द्र गुप्ता, पप्पू अग्निहोत्री, कमलेश मिश्रा, विद्याशंकर, गोल्डी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## उद्यान मंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा में हुए शामिल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सतांव ब्लॉक के चंदौली और बछरांवा ब्लॉक के खैरहनी में ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ में शामिल हुए।

इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य के संबंध में चर्चा करते हुए उन्होंने योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिए। उद्यान मंत्री ने इस अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर के 67वें परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें याद करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उद्यान मंत्री ने उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक बताया।

उन्होंने कहा कि इच्छुक व्यक्ति या समूह संबंधित विभाग से संपर्क करके इन योजनाओं का लाभ ले सकते हैं । इसके पश्चात उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनहितकारी नीतियों के बारे में जानकारी दी। उपस्थित लोगों ने इस अवसर पर पंच प्रण की शपथ भी ली। उद्यान मंत्री ने कहा कि सरकार प्रत्येक व्यक्ति के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुई प्रभारी मंत्री



**बछरावां।** जनपद प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ब्लॉक बछरावां के ग्राम पंचायत दुंदगढ़ में विकसित भारत संपन्न संकल्प यात्रा में शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने वहां पर उपस्थित गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की और नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन करवाया ।प्रभारी मंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य के संबंध में वहां पर उपस्थित लोगों से विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि भारत सरकार और राज्य सरकार जनता के कल्याण के लिए कटिबंध है ।सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही हैं वह आम आदमी के आर्थिक और सामाजिक विकास से संबंधित है ।इन योजनाओं का उद्देश्य आम जनमानस के जीवन स्तर में सुधार लाना और उनके जीवन को बेहतर बनाना है। इस अवसर पर उन्होंने आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए ।साथ ही योजनाओं का लाभ पाने वाले लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिए ।प्राथमिक विद्यालयो के बच्चों को उनके द्वारा पुरस्कृत भी किया गया ।प्रभारी मंत्री ने ड्रोन के माध्यम से कृषि करने के उपकरण का भी अवलोकन किया।

## महिला ने युवक पर पुत्री से छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही युवक पर बेटी के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुये पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। आसीवन क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरी 15 वर्षीय पुत्री कक्षा दस की छात्रा है वह जब स्कूल जाती है तो गांव निवासी श्यामू पुत्र मोहनलाल उसको आयेदिन रास्ते में छेड़छाड़ कर परेशान करता है मेरी पुत्री मारे डर के दीपावली से स्कूल नहीं गयी है जिससे उसकी पढाई भी खराब हो रही है। एसओ आसीवन संदीप मिश्रा ने बताया कि मां की तहरीर पर आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## सर्राफा व्यवसायी से लाखों की लूट

- लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात व मोटरसाइकिल लूटकर हुए फरार
- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिले की कानून व्यवस्था हुई ध्वस्त अपराधी हुए बेलगाम जिले में एक बार फिर बदमाशों का शिकार बना सर्राफा व्यवसाई बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने सर्राफा व्यवसाई से मारपीट कर लाखो रुपए के सोने चांदी के जेवरात व मोटरसाइकिल लूटकर हुए फरार मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत समसपुर पक्षी विहार के पास का है जहां सर्राफा कारोबारी पवन सोनी पुत्र सुरेश कुमार निवासी ममुनी थाना सलोन मोटरसाइकिल से सोने चांदी का सामान लेकर जा रहा था तभी समसपुर पक्षी विहार के पास हेलमेट लगाए दो बाइक सवार बदमाशों ने ओवरटेक करके रोक लिया और सर्राफा कारोबारी से मारपीट शुरू कर दी बदमाशों की मारपीट से जब सर्राफा व्यवसाई घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा तो दोनों बदमाश लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात से भरा बैग, मोटरसाइकिल व मोबाइल लेकर मौके से फरार हो गए लूट की घटना से पूरे जिले में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी।

## सफाईकर्मियों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बांगरमऊ नगर पालिका के स्थाई संविदा और ठेका सफाई कर्मचारियों ने आज पालिका अध्यक्ष रामजी गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर लंबित मांगें दो दिनों के अंदर निस्तारित करने की मांग उठाई। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि मांगे न माने जाने पर सभी सफाई कर्मी आगामी 08 दिसंबर से काली पट्टी बांधकर पालिका प्रशासन के खिलाफ शांतिपूर्ण आंदोलन का बिगुल फूंकना शुरू कर देंगे।

स्थाई संविदा और ठेका सफाई कर्मचारी संघ की स्थानीय इकाई के अध्यक्ष मुकेश और महामंत्री सुनील द्वारा पालिका चेयरमैन को सौंपे गए 16 सूत्रीय ज्ञापन में कहा गया है कि संविदा और ठेका सफाई कर्मचारियों द्वारा पूर्व में एरियर का भुगतान करने, मृतक एवं सेवानिवृत्त सफाई कर्मियों का भविष्य निधि के धन का भुगतान करने, कूड़ा एकत्रीकरण हेतु अतिरिक्त सफाई कर्मी तैनात करने, बीते 10 वर्षों से लंबित बोनस देने तथा सफाई कर्मियों को अवकाश देने का अधिकार सफाई नायकों को देने सहित विभिन्न मांगों से संबंधित प्रतिवेदन दिया जा चुका है किंतु पालिका प्रशासन द्वारा अभी तक लंबित मांगों को पूर्ण नहीं किया जा सका है। ज्ञापन में संघ के अध्यक्ष और महामंत्री द्वारा चेतावनी दी गई है कि यदि पालिका परिषद द्वारा गुरुवार तक मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आगामी 08 दिसंबर से सभी सफाई कर्मी काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण आंदोलन प्रारंभ कर देंगे। आंदोलन के क्रम में 11 दिसंबर को पालिका प्रशासन की सद्बुद्धि हेतु हवन के अलावा 18 दिसंबर को पालिका प्रांगण में नग्न अवस्था में प्रदर्शन, 20 दिसंबर को मशाल जुलूस तथा 22 दिसंबर को अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी का शांतिपूर्ण तरीके से पुतला दहन करेंगे। सूचनार्थ ज्ञापन की प्रति जिलाधिकारी को भी प्रेषित की गई है।

## इंडिया गठबंधन : कैसा बंधन

सफल लोकतन्त्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और मजबूत विपक्ष को प्रजातन्त्र की मजबूती भी कहा जाता है। इसका एक ही कारण होता है कि लोकतन्त्र में जनता द्वारा चुनी गई सरकार जनता के लिए ही काम करती है। यह कार्य वह शासक भाव से नहीं बल्कि सेवाभाव से करती रहे इसके लिए जनता द्वारा चुना गया विपक्ष ही उसकी निगरानी भी करता है अतः सरकार को लगातार सेवाभाव में देखने का काम विपक्ष ही करता है क्योंकि वह भी सत्तारूढ़ पक्ष की तरह ही जनता द्वारा विभिन्न लोकतान्त्रिक सदनों में चुनकर भेजा जाता है। भारत की संसदीय प्रणाली में चुने हुए सदनों के भीतर सत्ता पक्ष और विपक्ष में सन्तुलन बनाये रखने के लिए इन्हें चलाने के ऐसे नियम बनाये गये जिससे कभी भी सरकार सेवाभाव की जगह शासक भाव में न जा पाये। इसकी तफ्सील में जाना इस सम्पादकीय में संभव नहीं है क्योंकि आज देश के सामने तो 'विपक्ष' की ही समस्या है। 28 विपक्षी दलों को जोड़कर जो 'इंडिया गठबन्धन' इसी साल के जून महीने में बनाया गया था वह पहले ही झटके में तार-तार होता नजर आ रहा है और इसके सिपाही आपस में ही एक-दूसरे के खिलाफतलवारें खींचते नजर आ रहे हैं। सबसे पहले यह स्पष्ट होना जरूरी है कि इस गठबन्धन का गठन ही केन्द्र में मजबूत विपक्ष खड़ा करने के उद्देश्य से हुआ था। हाल में हुए विधानसभा चुनावों में इस गठबन्धन की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान हारने से इसमें शामिल अन्य दल इतने निराश हो गये हैं कि उन्हें सारा दोष कांग्रेस पर ही मढ़ने में ही अपनी 'विजय' नजर आ रही है। इससे अन्दाजा लगाया जा सकता है कि वर्तमान राजनीतिज्ञों की सोच कितनी निजपरक और संकीर्ण दृष्टि की है। मगर इंडिया के अधिसंख्य क्षेत्रीय दलों को यह भी नजर आ रहा है कि कांग्रेस पार्टी ने तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति की चन्द्रशेखर राव सरकार को किस तरह हराया है। भारत राष्ट्र समिति एक क्षेत्रीय पार्टी है। अभी तक यह अवधारणा बनायी जाती थी कि कांग्रेस क्षेत्रीय दलों को उनके अपने घर में नहीं हरा सकती। तेलंगाना जीतकर कांग्रेस ने इस अवधारणा को गलत साबित कर दिया है। दरअसल इंडिया गठबन्धन लोकसभा चुनावों के लिए बना था। विधानसभा चुनावों के लिए यह गठबन्धन नहीं था। इसका मतलब यह हुआ कि कांग्रेस के सहयोगी दलों को इन चुनावों में उसे समर्थन देना चाहिए था मगर बजाय समर्थन के कई दलों में कांग्रेस प्रत्याशियों के विरोध में अपने उम्मीदवार उतार दिये। आम आदमी पार्टी तो मिजोरम तक में जाकर चुनाव लड़ी जबकि अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी ने मध्य प्रदेश में 70 स्थानों पर चुनाव लड़ा। राजस्थान में भी आप पार्टी ने अपने प्रत्याशी उतारे।

## अर्थव्यवस्था नई नौकरियां पैदा करने में असफल

उन्नत देशों द्वारा चीन प्लस वन नीति अपनाने से विदेशी निवेश प्रवाह में भारत की ओर झुकाव हो रहा है। लेकिन विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका जैसी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में ब्याज दरें बढ़ने के साथ, उभरती अर्थव्यवस्थाओं से बहिर्वाह की संभावना है। हालांकि यह कुछ उभरती अर्थव्यवस्थाओं में हो रहा है। भारत से बहिर्वाह इस समय उतना महत्वपूर्ण नहीं है क्योंकि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के कई उद्योगपति भारतीय अर्थव्यवस्था को एक अवसर के रूप में देखते हैं। लेकिन अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के साथ, यह प्रवृत्ति कुछ ही समय में उलट हो सकती है। इसलिए इससे बचाव की जरूरत है। एक कदम जिसे देश में तत्काल उठाये जाने की जरूरत है, वह है बचत और निवेश दरों को वापस सकल घरेलू उत्पाद का 38 से 39 प्रतिशत तक बढ़ाना। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समावेशी विकास के माध्यम से बेरोजगारी की समस्या से निपटने के अलावा वृहद-आर्थिक बुनियाद मजबूत बनी रहेगी। भारत में हमेशा 5 से 6 प्रतिशत बेरोजगारी दर रही है और यह एक प्रबंधनीय स्तर है। ध्यान देने वाली बात यह है कि युवाओं में बेरोजगारी, वह भी लगभग 20-22 प्रतिशत, परेशान करने वाली हो सकती है। सरकार को इस समस्या के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है ताकि भारत एक जीवंत अर्थव्यवस्था बना रहे।

**के.आर. सुधामन**



**सीएमआईई डेटा से संकेत मिलता है कि बेरोजगारी, जो 5-6 प्रतिशत तक कम हो गई थी, अब फिर से बढ़ रही है। नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि यह अब 10 प्रतिशत के आसपास है। कौशिक बसु के अनुसार, अधिक चिंताजनक बात यह है कि 15-22 वर्ष के आयु वर्ग में बेरोजगारी 22 प्रतिशत तक है। मध्य-पूर्व में 15-22 वर्ष आयु वर्ग में बेरोजगारी की संख्या भी इतनी अधिक थी। इससे तुरंत खतरे की घंटी बजनी चाहिए। जैसा कि कहा जाता है कि निष्क्रिय दिमाग शैतान का घर होता है। दुनिया भर के सशस्त्र बलों में, सैनिकों को कभी भी निष्क्रिय रहने की अनुमति नहीं दी जाती है और उन्हें हमेशा सुबह उठने के समय से ही कुछ न कुछ काम प्रदान किया जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे अनुशासित रहें। जब युवा व्यस्त नहीं होते हैं तो विघटनकारी प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। इस संदर्भ में अर्थव्यवस्था और समाज के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए रोजगार सृजन पर जोर देना बहुत महत्वपूर्ण है।**

आजकल अर्थव्यवस्था पर एक घिसा-पिटा बयान दिया जाता है- भारत की अर्थव्यवस्था काफी अच्छी स्थिति में है जबकि कई अन्य देश लड़खड़ा रहे हैं, और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है और भू-राजनीति स्थिति को बदतर बना रही है। यह सच है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और यह निराशाजनक दुनिया, खासकर यूरोप, मध्य-पूर्व और चीन के तुलना में अधिक तेजी से बढ़ रही है। पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार और विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री कौशिक बसु का कहना है कि इसमें संदेह करने की कोई बात नहीं है और भारत अब उचित रूप से एक उज्ज्वल स्थान पर है। इसका मतलब यह है कि अर्थव्यवस्था के अच्छा प्रदर्शन करने और तथाकथित जनसांख्यिकीय लाभांश का लाभ उठाने की संभावना है। इसलिए सवाल यह है कि क्या नीति निर्माता इस लाभ को भुनाने के लिए पर्याप्त प्रयास कर रहे हैं। उत्तर निश्चित रूप से नहीं में है। वृहत-आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों के साथ कुछ मुद्दे हैं। इसके अलावा पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं हो रही हैं, खासकर युवाओं के बीच।

बसु भारतीय अर्थव्यवस्था में एक अंतर्निहित कमजोरी की ओर इशारा करते हैं और बताते हैं कि हाल के वर्षों में बचत और निवेश दरों में लगातार गिरावट आई है। बसु का मानना है कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाले यूपीए शासन के दौरान बचत और निवेश दरें सकल घरेलू उत्पाद के 38 से 39 प्रतिशत तक पहुंच गईं। इससे भारत को इस शताब्दी के पहले दशक में स्थिर मूल्य आधार वर्ष पर लगभग 9 प्रतिशत की उच्च विकास दर प्राप्त हुई। विशेष रूप से घरेलू बचत की उच्च बचत दर ने यह सुनिश्चित किया कि निवेश भी तदनुसार अधिक था जिसके परिणामस्वरूप कम वृद्धिशील पूंजी उत्पादन अनुपात हुआ। दुर्भाग्य से, बचत और निवेश दरें दोनों विशेष रूप से मोदी युग के दौरान गिर रही हैं और कोविड के वर्षों के दौरान 28 या 29 प्रतिशत के निचले स्तर तक गिर गई थीं। लेकिन अब अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार के साथ थोड़ी तेजी आ रही है, जो स्वागत योग्य है। हालांकि, बसु बताते हैं कि यह अब 30 प्रतिशत के आसपास मंडरा रहा है, इसलिए निवेश दर की भी ऐसी ही स्थिति है, जो अर्थव्यवस्था के लिए पर्याप्त नहीं है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि देश में बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा हो, विशेष रूप से श्रम प्रधान उद्योगों में भारी निवेश की आवश्यकता है। लेकिन किसी तरह ऐसा नहीं हो रहा है। तथाकथित स्व-रोजगार के माध्यम से अल्प-रोजगार भी बढ़ रही है। 35 साल से कम उम्र की आबादी के बड़े अनुपात वाले भारत के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। सीएमआईई डेटा से संकेत मिलता है कि बेरोजगारी, जो 5-6 प्रतिशत तक कम हो गई थी, अब फिर से बढ़ रही है। नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि यह अब 10 प्रतिशत के आसपास है। कौशिक बसु के अनुसार, अधिक चिंताजनक बात यह है कि 15-22 वर्ष के आयु वर्ग में बेरोजगारी 22 प्रतिशत तक है। मध्य-पूर्व में 15-22 वर्ष आयु वर्ग में बेरोजगारी की संख्या भी इतनी अधिक थी। इससे तुरंत खतरे की घंटी बजनी चाहिए। जैसा कि कहा जाता है कि निष्क्रिय दिमाग शैतान का घर होता है। दुनिया भर के सशस्त्र बलों में, सैनिकों को कभी भी निष्क्रिय रहने की अनुमति नहीं दी जाती है और उन्हें हमेशा सुबह उठने के समय से ही कुछ न कुछ काम प्रदान किया जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे अनुशासित रहें। जब युवा व्यस्त नहीं होते हैं तो विघटनकारी प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। इस संदर्भ में अर्थव्यवस्था और समाज के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए रोजगार सृजन पर जोर देना बहुत महत्वपूर्ण है। रोजगार बढ़ाने के लिए बुनियादी ढांचे में वित्त पोषण बढ़ाना महत्वपूर्ण है और सरकार साल दर साल सार्वजनिक व्यय बढ़ाकर अपना काम कर रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल के बजट में सार्वजनिक व्यय को 2022-23 के 7.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये से थोड़ा अधिक कर दिया है। यह एक स्वागत योग्य घटनाक्रम है। निजी निवेश भी बढ़ रहा है। लेकिन चमड़ा, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण आदि जैसे श्रम प्रधान उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। साथ ही इन उद्योगों को पूरे देश में, विशेषकर छोटे कस्बों और शहरों में फैलाना होगा, ताकि ग्रामीण संकट को दूर किया जा सके। इलेक्ट्रॉनिक्स और विनिर्माण को बढ़ावा देना एक स्वागत योग्य कदम है क्योंकि इससे नौकरियां पैदा होती हैं, लेकिन ये उद्योग आमतौर पर बड़े शहरों और उसके आसपास स्थापित होते हैं क्योंकि इसके लिए कुशल और उच्च कुशल जनशक्ति की आवश्यकता होती है। ग्रामीण संकट से निपटने के लिए कौशल विकास को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। स्किल मैपिंग से क्षेत्र विशेष के कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी। इन पर कार्य प्रगति पर है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह में सुधार हो रहा है।

### विचार

## इंडिया ब्लॉक को विस चुनाव नतीजों से उचित सबक लेना होगा

**नित्य चक्रवर्ती**



**उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का होगा इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर अंतिम फैसला। हाल के हफ्तों में यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कही थी। यह इस विश्वास का परिणाम था कि पार्टी विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करेगी। अब, अखिलेश कांग्रेस पर अपनी शर्तें थोप सकते हैं, तथा अन्य सहयोगी निश्चित रूप से उनका समर्थन करेंगे।**

पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव परिणाम अप्रैलध्मई 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों से ठीक चार महीने पहले भाजपा विरोधी विपक्ष को अशुभ संकेत भेज रहे हैं। तीन उत्तर भारतीय राज्यों- मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाजपा के हाथों कांग्रेस की हार एक आपदा है। भाजपा की इस भारी जीत का प्रभाव राष्ट्रीय फलक पर बीआरएस को हराकर तेलंगाना में कांग्रेस की जीत को बेअसर कर देगा। राज्य विधानसभा चुनावों के नतीजों से कई सबक मिलते हैं। सबसे महत्वपूर्ण है देश के इन तीन प्रमुख राज्यों में मतदाताओं के राजनीतिक मूड में भाजपा के पक्ष में स्पष्ट बदलाव। यह सीमांत नहीं है, यह बहुत अधिक है। चुनाव प्रचार के अंतिम समय तक यह धारणा थी कि इस साल मई में हिमाचल और इससे भी अधिक कर्नाटक में जीत के बाद कांग्रेस को चुनावी लड़ाई में बढ़त मिल रही है। 3 दिसंबर के नतीजों से पता चला है कि हवा भाजपा के पक्ष में बदल गई है और इससे हिंदी भाषी राज्यों में 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के पलटवार की संभावना कम हो गई है। आइए इन तीन राज्यों में पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजों पर नजर डालते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कुल 65 सीटों में से भाजपा को 61 सीटें मिली थीं, जबकि कांग्रेस को मात्र 3 सीटें ही मिली थीं। यह परिणाम 2018 के विधानसभा चुनावों के बाद आया था जिसमें कांग्रेस ने तीनों राज्यों में भाजपा को हरा दिया था। 2019 के लोकसभा नतीजों को कई लोगों ने नरेंद्र मोदी फैक्टर का जिक्र करके समझाया। अब लोकसभा चुनाव की पूर्वसंध्या पर इन तीनों राज्यों में से किसी में भी कांग्रेस की सरकार नहीं है। मोदी फैक्टर को छोड़ दें, केवल राज्य चुनाव प्रचार के आधार पर, कांग्रेस के पास इन तीन राज्यों में मतदाताओं को देने के लिए कुछ भी नया नहीं होगा। 2024 के चुनावों में हिंदी भाषी राज्यों में बदलाव कांग्रेस पार्टी के लिए अपनी लोकसभा सीटों को वर्तमान 52 से बढ़ाकर 120 से अधिक करने के लिए महत्वपूर्ण है, जो कि प्रमुख विपक्षी दल के लिए भारत ब्लॉक में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए न्यूनतम है, यदि भाजपा को केन्द्र की सत्ता से बेदखल करना है तो। 2003 के विधानसभा चुनावों में सभी राज्यों में हार के बावजूद, 2004 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने इन तीन राज्यों में अच्छा प्रदर्शन किया। वह बीस साल पहले की बात है और प्रधानमंत्री के रूप में कोई नरेंद्र मोदी नहीं थे। कांग्रेस को गंभीरता से आत्मनिरीक्षण करना होगा और देखना होगा कि अगले कुछ महीनों में धारणा को कैसे बदला जा सकता है।

3 दिसंबर के नतीजे मतदाताओं के मूड में एक स्पष्ट दक्षिण-उत्तर विभाजन का संकेत देते हैं। आम तौर पर, पिछला इतिहास बताता है कि एक बार जब कांग्रेस को किसी क्षेत्रीय पार्टी सत्ता से हटाती है, तो सबसे पुरानी पार्टी कभी भी अपने दम पर सत्ता में वापस नहीं आती। तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, झारखंड और यहां तक कि बिहार के साथ भी यही स्थिति रही है। तेलंगाना में, यह प्रवृत्ति उलट गई है और इससे कांग्रेस आलाकमान को दक्षिण भारतीय राज्यों, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश और केरल में अधिक महत्वाकांक्षी लक्ष्य मिल सकते हैं।

कांग्रेस पार्टी के लिए दिक्कत यह है कि दक्षिणी राज्यों से उसे लोकसभा में ज्यादा सीटें मिलने की गुंजाइश कम है। पार्टी को सबसे ज्यादा फायदा हिंदी भाषी राज्यों से होना है क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव में इन राज्यों में प्रदर्शन सबसे निचले स्तर पर था। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के अलावा, अन्य हिंदी भाषी राज्य बिहार, झारखंड, हरियाणा और उत्तर प्रदेश हैं। बिहार और झारखंड में कांग्रेस पहले से ही गठबंधन सरकार का हिस्सा है। ताजा नतीजे इन गठबंधन राज्यों में अपने सहयोगियों से अधिक लोकसभा सीटों के लिए कांग्रेस की सौदेबाजी की शक्ति को कम कर देंगे। जहां तक इंडिया गठबंधन के सहयोगियों का सवाल है, नतीजों ने खतरा भी पैदा किया है और कुछ अवसर भी। कांग्रेस विधानसभा चुनावों में अच्छी जीत की उम्मीद कर रही थी और उस आधार पर, 2024 के चुनावों के लिए सीट बंटवारे के संबंध में बेहतर सौदेबाजी की शक्ति के साथ आगामी विपक्षी गठबंधन बैठक में भाग लेने की योजना बना रही थी। वह लाभ अब नहीं रहेगा। अपमानित और निराश कांग्रेस नेतृत्व सीट बंटवारे के फॉर्मूले सहित विधानसभा चुनाव के बाद की रणनीति पर चर्चा करने के लिए 6 दिसंबर को इंडिया ब्लॉक की बैठक में भाग लेगा। बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में सहयोगियों के लिए भाजपा की चुनौती कड़ी होगी। खासकर बिहार में यह अपने चरम पर पहुंचेगा जहां भाजपा के सभी हमलों के केंद्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार होंगे। भाजपा यह सोचकर कि जाति जनगणना की मांग को तीन राज्यों में मतदाताओं ने खारिज कर दिया है, आने वाले महीनों में नरेंद्र मोदी की गारंटी के आधार पर जोरदार प्रचार करेगी। जद(यू) और राजद दोनों स्थिति की समीक्षा कर सकते हैं। कांग्रेस को राज्य चुनाव से पहले अपने पहले के अनुमानों के विपरीत कम संख्या में सीटों से संतोष करना पड़ सकता है।

## राजस्थान के भाजपाई विधायक एक्शन में

जिन पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे निकले हैं, उनमें से एक राजस्थान भी है जहां भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर जीत हासिल की है। अभी वहां न तो सरकार बनी है और न ही मुख्यमंत्री चुने गये हैं, परन्तु उसके विधायक सक्रिय हो गये हैं। उनके एक विधायक कह रहे हैं कि वे माफियाओं को ढूंढ़-ढूंढकर नाश्ते में खायेंगे, तो एक अन्य विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी नॉन वेज दुकानों को तत्काल प्रभाव से बंद करने के लिये पुलिस अधिकारियों को फरमान जारी कर रहे हैं। विकास की बजाय उदयपुर के कन्हैयालाल की मौत के आधार पर भाजपा के पक्ष में जनादेश का सम्भवतरू यही साइड इफेक्ट हो सकता है। भाजपा की जीत का यह तत्काल प्रभाव भी कहा जा सकता है। अगर भाजपा के विधायक और नेता अपनी सरकार बनने से ताकत पाकर अभी से ऐसी हरकतें कर रहे हैं तो आने वाले समय में और भी कई उदाहरण देखने को मिल सकते हैं। कहा जा सकता है कि पार्टी तो अभी शुरू हुई है, लेकिन ऐसे बयानों के चलते राज्य का सामाजिक माहौल कैसा बनेगा, उसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है। जयपुर के हवामहल से महज 600 वोटों से जीतने वाले बालमुकुंद आचार्य ने विधायक पद की शपथ लिये बिना ही सोमवार को स्थानीय पुलिस को आदेश दे दिया कि शाम तक उनके क्षेत्र के नॉन वेज के सारे ठेले हटाये जायें। उन्होंने पुलिस से कहा कि उनके लाइसेंसों की जांच की जाये और उन्हें दिखलाया जाये। आचार्य ने पुलिस अधिकारियों से यह भी पूछा कि वे स्वयं रिपोर्ट देंगे या उन्हें पुलिस स्टेशन आना पड़ेगा? राजस्थान मिली-जुली संस्कृति का प्रदेश है जहां सभी धर्मों के लोग रहते हैं। जाहिर है कि उनकी जीवन शैलियों में भी भिन्नता है। खान-पान सम्बन्धी रुचियां भी अलग-अलग हैं। चाहे शाकाहार हो या मांसाहार- सभी धर्मों के लोगों की जीवन पद्धति में दोनों ही तरह के भोजन शामिल हैं। धाम पीठाधिश्वर कहे जाने वाले बालमुकुंद आचार्य का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वे अपने मोबाइल पर किसी अधिकारी को निर्देश देते हुए दिखाई दे रहे हैं कि चांदी की टकसाल रोड पर मांसाहार की दुकानें हटा दी जायें। इस सड़क पर जितने भी ठेले खुले में नॉन वेज पदार्थ बिक रहे हैं, वे दिखने नहीं चाहिये। इस वीडियो के वायरल होने के बाद उन्होंने सफाई दी कि वे किसी को धमका नहीं रहे हैं बल्कि निवेदन कर रहे हैं। फिर भी उन्होंने साफकिया कि उन्हें विधायक बनने का सर्टिफिकेट मिल गया है और अब वे किसी मुहूर्त का इंतजार नहीं करेंगे। उनका यह भी आरोप था कि कांग्रेस शासन में अधिकारी टालमटोल करते थे परन्तु वे इस बात को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उनका कहना था कि उनके क्षेत्र के लोग खुले में मांस का व्यवसाय होते देखना पसंद नहीं करेंगे। उनकी शिकायत थी कि इसकी आड़ में गोमांस का भी कारोबार होता है। बालमुकुंद आचार्य अखिल भारतीय संत समाज की राजस्थान शाखा के प्रमुख हैं। वे हर ऐसे मामले में हिन्दुओं का पक्ष लेने पहुंचते हैं जहां किसी भी प्रकार का साम्प्रदायिक टकराव होता है। पिछले दिनों वे अपने एक और बयान के लिये चर्चा में आये थे जिसमें उन्होंने कहा था कि जयपुर के परकोटा क्षेत्र में बड़ी तादाद में मंदिर थे जिन्हें नष्ट किया जा चुका है। उन्होंने ऐसे सैकड़ों मंदिरों के उनके पास प्रमाण होने का भी दावा किया था। उन्होंने यह भी कहा कि अब वे हर रोज ऐसे ही एक मंदिर में जायेंगे जिन्हें ध्वस्त कर दिया गया है। इन मंदिरों के पुनर्निर्माण या जीर्णोद्धार का भी उन्होंने संकल्प ले रखा है। देखना यह होगा कि विधायक बनने के बाद अपने बढ़े हुए रसूख व शक्तियों के साथ वे अपने अभियान को कैसा और किस तरह का अंजाम देते हैं। अब तो सरकार भी उनकी है और यह भी सम्भव है कि वहां बाबा बालकनाथ को मुख्यमंत्री बना दिया जाये। फिर तो उनका संकल्प पूरा होकर ही रहेगा। उधर दूसरी तरफ जयपुर की ही झोटवाड़ा सीट पर जीते भाजपा नेता कर्नल (सेवानिवृत्त) राज्यवर्धन राठौड़ ने चेतावनी जारी कर दी है कि वे अब माफियाओं को ढूंढ-ढूंढकर निकालेंगे और नाश्ते में खाएंगे।



## राशिफल

**मेषः-** भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं। ।

**बृषभः-** व्यावसायिक संबंध प्रगाड़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है। भौतिक जगत से प्रभावित मन भविष्य को लेकर चिन्तित होगा।

**मिथुनः-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी।

**कर्क :-** समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में बृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें।

**सिंहः-** नये कायरे में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**कन्याः-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिन्तित होगा।

**तुलाः-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ ब्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिकः-** अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा देवें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

धनुः- भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें।

**मकरः-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा।

**कुंभः-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। कोई अवरोधित काम के प्रति मन विशेष रूप से चिन्तित होगा।

**मीनः-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा। भावना प्रधान मन जल्द ही दूसरों से प्रभावित हो जाता है।

## सकारात्मकता का पाठ सिखाते पीएम नरेन्द्र मोदी

**डॉ. दीपक पाचपोर**



**अगर प्रधानमंत्री खुली चर्चा के इतने ही हिमायती हैं तो उन्हें अपने सांसदों, पार्टी प्रवक्ताओं, आईटी सेल, ट्रोल आर्मी से कहकर विपक्ष की आवाज दबाने के लिये चलाए जा रहे अभियानों को रुकवाना चाहिये। सब जानते हैं कि ऐसा होना सम्भव नहीं है क्योंकि यह मोदी व उनकी भारतीय जनता पार्टी का विपक्ष के खिलाफएक बेहद अलोकतांत्रिक अभियान का हिस्सा है। मजबूत प्रतिपक्ष की वकालत कर उसे खुली चर्चा का न्यौता ऐसा कोई व्यक्ति दे ही नहीं सकता जो देश को उसकी सबसे पुरानी और आजादी के आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाने वाली कांग्रेस से ही मुक्त होने का न केवल सपना दिखाए बल्कि उसका नारा भी दे और ऐसा करने के तमाम अलोकतांत्रिक कदम उठाये। खुद मोदी कांग्रेस एवं सम्पूर्ण विपक्ष को अनेक प्रकार से बदनाम करने के अभियानों का (सफल) नेतृत्व करते आये हैं।**

पांच में से तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में रविवार को मिली छप्पर फाड़ जीत से गदगद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब अगले ही दिन संसद के शीतकालीन सत्र में हिस्सा लेने पहुंचे, तो वे उत्साह से इस कदर लबरेज थे कि उन्होंने संसद के द्वार पर विपक्ष को श्सकारात्मकताश् का संदेश दिया और नफरत का भाव त्यागने की भी सलाह दी। उन्होंने विपक्ष को समझाया कि श्ऐसा करने से देश का उनके प्रति नजरिया बदलेगा जिसका उन्हें (प्रतिपक्ष को) इसलिये राजनैतिक लाभ भी मिलेगा क्योंकि जनता उनसे (विरोधी दलों से) मोहब्बत करने लगेगी।श् प्रधानमंत्री की उन्हें यह भी सलाह थी कि वे विरोध के लिये विरोध छोड़ें। तीन राज्यों में मिली पराजय का गुस्सा छोड़कर विपक्ष को चर्चा में भाग लेने के प्रति आगाह करते हुए पीएम ने उनसे सरकार की कमियों पर सलाह देने के लिये भी आमंत्रित किया। उन्होंने यह भी इशारा किया कि विपक्षी दलों का यह रवैया पिछले नौ वर्षों से चला आ रहा है। जाहिर है कि वे इन शब्दों में अपने ही कार्यकाल का उल्लेख कर रहे थे। एक मजबूत एवं सामर्थ्यवान विपक्ष की जरूरत बतलाकर मोदी ने सबको चकित भी कर दिया। प्रधानमंत्री के ये परामर्श ऊपरी तौर पर तो बेहद नेक नजर आते हैं और कोई भी यह नहीं कह सकता कि इस सीख को विरोधी नेताओं को नहीं अपनाना चाहिये। सवाल तो यह है कि क्या स्वयं मोदी इस कथित नकारात्मकता के भाव से ऊपर उठ चुके हैं? क्या उनमें विरोधी दलों एवं उनके नेताओं के प्रति नफरत का भाव कूट-कूटकर नहीं भरा हुआ है? सकारात्मकता का काढ़ा पिलाने की कोशिश करने वाले मोदी अगर ईमानदारी से अपने इन विचारों और खुद के आचरण पर ही गौर फरमाएं तो पाएंगे कि उनकी कथनी और करनी में धरती-आकाश सा फासला है। फिर भी, क्या ही अच्छा होता कि इस सलाह पर अमल की शुरुआत अगर उन्हीं से होती। जिन नौ वर्षों के दौरान के विपक्ष के रवैये से मोदी व्यथित नजर आये, उसे अगर उन्हीं के बरक्स देखें तो उनका यह वक्तव्य एक बड़े विरोधाभास से कतई कम नजर नहीं आता।

अमूनन मीडिया से भागने वाले मोदी अब संसद का सत्र प्रारम्भ होने पर इस तरह से मीडिया के समक्ष संक्षिप्त से उद्बोधन के लिये नमूदार होने लगे हैं। कम से कम इसका स्वागत तो किया ही जा सकता है। और भी बेहतर होता अगर वे पिछले सभी प्रधानमंत्रियों की परम्परा का निर्वाह करते हुए सत्र की शुरुआत के वक्त प्रेस कांफ्रेंस करते। पत्रकारों से सवाल आमंत्रित करते और उनके जवाब देते। अपने दो कार्यकालों के दौरान यह शायद चौथा या पांचवा मौका रहा होगा जब वे मीडिया के सामने आये। एक ओर तो वे पत्रकारों से बात ही नहीं करते, तो वहीं दूसरी ओर संसद में उनकी उपस्थिति बहुत कम होती है। संसदीय परम्परा के ही अनुसरण में सारे पूर्व प्रधानमंत्री पूरे समय संसद के दोनों सदनों में हाजिर रहा करते थे। मोदी संसद के सत्रों के दौरान सदन के बाहर सभाएं या रैलियां करते फिरते हैं। शून्य काल या प्रश्न काल में वे नजर ही नहीं आते। अक्सर चर्चा खत्म होने के बाद वे आते भी हैं तो उनके भाषणों में विपक्ष के सवालों के सिलसिलेवार या तार्किक जवाब नहीं होते और न ही देश की चिंताओं को वे एड्रेस करते नजर आते हैं। तमाम महत्वपूर्ण विधेयक वे चर्चा के बगैर पास कराते हैं। कोई अगर सवाल करे तो वे या तो उस पर बात ही नहीं करते या फिर ऐसे मुखर सदस्यों की आवाज को अपने सांसदों के शोर-गुल में दबवा देते हैं। इस पर भी उनके लिये उठाये जाने वाले अड़चन भरे सवालों या बयानों को संसदीय कार्यवाही से विलोपित कर दिया जाता है या सदस्यों को ही निलम्बित करा दिया जाता है। इस पर भी मन न भरे तो उनके यहां केन्द्रीय जांच एजेंसियां दस्तक देने लगती हैं। सर्वदलीय बैठक जूनियर मंत्रियों के हवाले कर वे स्वयं बाहर सभाएं करते हैं। सरकार की त्रुटियों पर विपक्ष के विचार आमंत्रित करने का औदार्य दिखलाने वाले ये वही मोदी हैं जो अपनी आलोचना को विरोधियों द्वारा गालियां देना भी बतलाते रहे हैं। ऐसा वे संसद के बाहर व भीतर दोनों जगहों पर करते हैं। उनके कारोबारी मित्र गौतम अदानी या फिर चीन की भारतीय सीमा में घुसपैठ की बात की जाये तो वे इसे देश पर हमला बतलाने लगते हैंय और अगर नोटबन्दी या जीएसटी की असफलताओं पर विपक्ष बात करे तो उसे देशविरोधी करार दिया जाता है। पिछले 70 वर्षों का बिला नागा रोज हिसाब मांगने वाले मोदी से सम्बन्धित कोई सवाल अगर हो तो वे उन्हें मिलने वाली गालियों की संख्या बतलाने लगते हैं। या वे इस बात का रोना रोते हैं कि उन्हें क्या-क्या कहकर और कितने किलो गालियां दी गईं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# बाबा साहब के विचारों से लोगों को मिलती है प्रेरणा : डीएम

- बाबा साहब सिर्फ एक नाम ही नहीं एक विचार हैं, उनके बताए रास्ते पर चलकर ही हम भारत का निर्माण कर सकते हैं : डीएम
- बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर डीएम ने कलेक्ट्रेट परिवार सहित दी श्रद्धांजलि

समृद्धि न्यूज।

**महोबा।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभागार में भारतीय संविधान के रचयिता और समाज सुधारक डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर चित्र का माल्यार्पण करते हुए पुष्प अर्पित किए।

उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान के रचयिता और समाज सुधारक डॉ. भीम राव अंबेडकर की आज 67 वीं (06 दिसंबर 1956) महापरिनिर्वाण दिवस है। राष्ट्र आज बाबा साहब की पुण्यतिथि मना रहा है। बाबा साहब का पूरा जीवन देश सेवा को समर्पित था। उन्होंने अपना पूरा जीवन दलित वर्ग को समाज में समानता दिलाने के लिए संघर्ष में लगा दिया। उनके विचारों ने लाखों लोगों को प्रेरित किया। उनका स्पष्ट कहना था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। यह स्वतंत्रता हमें अपनी सामाजिक व्यवस्था को सुधारने के लिए मिली है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का सपना था कि समता मूलक समाज की स्थापना किये बिना राष्ट्र के विकास की कल्पना के बारें में सोच ही नहीं सकते है। हमें बाबा साहब के मार्ग दर्शन पर चलना चाहिए। कार्यक्रम की



अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कहा कि बाबा साहब को जानने के लिए उनके विचारों को पढ़ने की जरूरत है। बाबा साहब सिर्फ एक नाम ही नहीं एक विचार है। जिन्होंने समाज को हमेशा राह दिखाया है। हम लोगो को उनके बताये रास्ते पर चलना है तभी हम भारत का निर्माण कर सकते है। भारतीय संविधान के रचयिता और समाज सुधारक डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे जुबेर बेग, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, डिप्टी कलेक्टर मृत्युंजय मिश्रा ने भी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि करते हुए उन्हें याद किया। इस मौके पर जिला पूर्ति अधिकारी राजीव तिवारी सहित विभिन्न अनुभागों के पटल सहायक/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डॉ. अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को किया याद



भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ भीमराम अंबेडकर के 67वें परिनिर्वाण दिवस (पुण्यतिथि) के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा बाबा साहब अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आंबेडकर के समतापूर्ण समाज की परिकल्पना पर विचार कर उसे आत्मसात करने तथा अपने दृष्टिकोण में लागू करने हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने डॉ भीमराव आंबेडकर के विचारों पर बोलते हुए कहा कि बाबा साहब का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा है, उनके द्वारा निर्मित संविधान ने राष्ट्र को हमेशा जोड़ने का कार्य किया है, इसलिए उनको याद करना उनकी सोच को अनुसरण करना हम सभी के लिए नितान्त आवश्यक है। कहा कि डॉ. अम्बेडकर एक भारतीय न्यायशास्त्री, अर्थशास्त्री, राजनेता, विधिवेता और सामाजिक सुधारक थे, जिन्होंने सामाजिक भेद-भाव के विरुद्ध अभियान चलाया, उन्होंने स्त्रियों, मजदूरों और शोषित वर्ग के हकों के लिए प्रमुखता से आवाज़ उठाई। उन्होंने भारत के सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, प्रतिष्ठा और अवसर की समता और बंधुत्व का मंत्र दिया।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम सहित पुलिस कार्यालय के समस्त शाखाओं में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जिले के समस्त थानो में भारतीय संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अंबेडर जी के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया साथ ही राष्ट्र व समाज के प्रति उनके योगदान को स्मरण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# सुदिति ग्लोबल अकादमी के छात्र का अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन



- छात्र यशपाल ने जीते तीन स्वर्ण पदक
- राष्ट्रीय स्तर पर 714 प्रतिभागियों में पाया प्रथम स्थान
- ओवरऑल चैंपियनशिप में 482.5 किलोग्राम के साथ रहा प्रथम स्थान

समृद्धि न्यूज।

**इटावा,** सुदिति ग्लोबल अकैडमी इटावा के छात्र यशपाल ने यू पी एफ आई में राष्ट्रीय स्तर पर वेट लिफ्टिंग अंडर-18 में 83 किलो सब जूनियर प्लेयर में तीन गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया।

सुदिति ग्लोबल एकेडमी के कक्षा 12वीं के छात्र यशपाल ने यू पी एफ आई के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर तीन स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता दर्ज कराई। राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रतियोगिता सी एम सी कम्युनिटी हॉल कतर ग्राम सूरत गुजरात में आयोजित की गई जिसमें छात्र यशपाल ने अंडर 18 पावरलिफ्टिंग बेंच प्रेस में 85 किलोग्राम में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया, डैड लिफ्टिंग में 182.5 किलोग्राम वजन में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया तथा स्केट बैंच प्रेस में 135 किलोग्राम वजन से प्रमुख स्थान प्राप्त किया तथा ओवरऑल अंडर-18, 83 किलो प्लेयर में 482.5 किलोग्राम के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। छात्र 83 किलो सब जूनियर प्लेयर के तौर पर सम्मिलित हुआ। इस प्रतियोगिता में देश भर से 714 प्रतिभागी सम्मिलित हुए जिसमें सुदिति ग्लोबल के छात्र यशपाल ने तीन-तीन स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता निश्चित की ।इस पर जनपद व विद्यालय परिवार गौरवान्वित है। छात्र के पिता आर्मी में नौकरी करते हैं छात्र की ऐसी शानदार जीत पर विद्यालय के प्रबंधक श्री सतीश कुमार जी ,निदेशक श्री मयंक कुमार एवं प्रधानाचार्य श्री कमल कुमार जी ने छात्र को हार्दिक बधाई देते हुए शुभाशीष दिया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी।

## खबरें एक नजर में

### बाबा साहब की पुण्यतिथि पर हुई गोष्ठी



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि परिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया विचार गोष्ठी का संचालन शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने किया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पीसीसी सदस्य कमल सिंह कुशवाहा ने कहा परिनिर्वाण शब्द बौद्ध परंपराओं से जुड़ा है यह उस व्यक्ति को संदर्भित करता है जिसने अपने जीवन काल में और मृत्यु के बाद परिनिर्वाण प्राप्त किया है बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की देवावसान 6 दिसंबर को हुआ था 6 दिसंबर को समाज में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की उपलब्धियां के लिए उनके अथाह योगदान की स्मृति में मनाया जाता है। बाबा साहब ने कहा था कि हमें हर समस्या का सामना करते हुए अपनी पढ़ाई पूरी करनी चाहिए व्यक्ति अपनी योग्यता एवं क्षमता से उच्च स्थान एवं सम्मान प्राप्त करता है। गोष्ठी में गोष्ठी में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव,शहर अध्यक्ष पल्लब दुबे,पूर्व शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद खान,करन सिंह राजपूत,सरवर अली, सचिन संखवार,आसिफ जादरान, सरला जाटव, अंसार अहमद,मोहम्मद आदिल आदि लोगों उपस्थित रहे।

### डॉ. गीता आज़मगढ़ के छात्रों को देंगी उच्च शिक्षा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** शिक्षक जबर सिंह व शिक्षिका रामा देवी की बेटी जो अब आज़मगढ़ के डिग्री कॉलेज शिब्ली नेशनल कॉलेज में बच्चों को उच्च शिक्षा देंगी। बेटी की इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे जिले में खुशी का माहौल है। डॉ. गीता शाक्य ने यह कामयाबी हासिल कर सैफई ब्लॉक के कछपुरा गाँव व जिले का नाम रोशन किया है। बचपन से ही शिक्षाविद् बनने का सपना संजोए रखनेवाली हेडमास्टर जबर सिंह की बेटी डा. गीता हमेशा से पढ़ने में होशियार रही हैं। उनकी माता रामा देवी भी पूर्व में हेडमास्टर रही हैं। इसके साथ ही डॉ गीता के बड़े भाई पुरुषोत्तम शाक्य व दूसरे भाई अरुण कुमार भी शिक्षक हैं। इस तरह डॉ गीता शाक्या का पूरा परिवार शिक्षा के क्षेत्र से ही जुड़ा है। अब डॉ गीता ने भी अपने परिवार की परंपरा निभाते हुए शिक्षा देने का ही रास्ता चुना है। डॉ. गीता ने पीएचडी की उपाधि ग्रहण कर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनेक उपलब्धियाँ प्राप्त की। इनकी अब तक तीन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और अनेक शोध पत्र व लेख राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। डॉ. गीता शाक्या ने अपने माता पिता व भाई बहनों और गुरुओं को अपनी इस सफलता का श्रेय देती हैं। उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्यों ने उन्हें सफलता दिलाने में भरपूर सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि मेहनत वह स्वयं की लेकिन हौसला माता-पिता ने बढ़ाया, जिससे आज इस मुकाम तक पहुंच चुकी हैं। उन्होंने कहा कि यदि अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर प्रयास किया जाए तो सफलता अवश्य मिलती है।

### पुलिस ने गुमशुदा बच्चे को बरामद कर पतिजनों को सौंपा



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** गुमशुदा बच्चों की तलाश हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्यवाही करते हुए थाना जसवन्तनगर पुलिस ने गुमशुदा बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। बच्चा आरव उम्र 2 वर्ष अपने घर से दूर लावारिस अवस्था में थाना जसवन्तनगर क्षेत्रान्तर्गत ईगल मोबाइल पर गश्त के दौरान पुलिस कर्मियों को मिला। थाना जसवन्तनगर पुलिस द्वारा बालक को सुरक्षित थाना परिसर में ले जाया गया तदोपरान्त सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यम से उसके परिजनों को इसकी सूचना दी गयी एवं परिजनों को बुलाकर ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्यवाही करते हुए उपरोक्त बालक को उसकी माता ऊषा देवी पत्नी अशोक कुमार निवासी दुर्गापुर थाना जसवंतनगर इटावा को सकुशल सुपुर्द किया गया। बालक को सकुशल पाकर परिजन ने इटावा पुलिस एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा की प्रशंसा की।

# आपदाओं से बचाव हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

- जन जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 1155 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण लिया

समृद्धि न्यूज।




**महोबा।** दो दिवसीय विभिन्न अपदाओ से बचाव हेतु जनजागरूता प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण महोबा में सौजन्य से किया गया जिलाधिकारी मृदुल चौधरी के अध्यक्षता में एवं अपर जिलाधिकारी के निर्देशन में जिला आपदा विशेषज्ञ प्रीति सिंह द्वारा कराया जा रहा है। मुख्य अतिथि विशेष सचिव उत्तर प्रदेश सरकार राम केवल रहे हैं कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी द्वारा किया गया दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

प्राकृतिक तथा मानवीय आपदाओं से बचने के लिए जागरूक किया गया जन जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न आपदाओं के बारे में इसके बचाव क्या है और विपत्ति के समय में हम इन आपदाओं से कैसे बच सकते हैं इसके बारे में विभिन्न आपदाओं में शिक्षित मास्टर द्वारा बताया गया।

इस कार्यक्रम में समस्त जिले के लेखपाल राजस्व निरीक्षक पंचायत सचिव हाई स्कूल इंटर कॉलेज डिग्री कॉलेज प्राइमरी और जूनियर हाई स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया तथा विभिन्न आपदाओं के बारे में समझाया गया। जन जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 1155 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण लिया। इस जन जागरूकता कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सदर महोबा जितेंद्र कुमार, उपजिलाधिकारी सविता देवी नायब तहसीलदार कुलपहाड़ अभिषेक मिश्रा , नायब तहसीलदार पंकज ,मास्टर ट्रेनर्स सुनील रावत ,जगत सिंह, राजेश खरे, धीरज कुमार, शत्रुघ्न खरे, हरिशंकर मिश्रा, योगेंद्र मिश्रा दिलीप, रूचि शुक्ला एवं अग्नि शमन अधिकारी देवेश तिवारी आग से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

# महिलाओं को किया जागरूक




- बेटी बचाओ व बेटी पढ़ाओ के मुद्दे को लेकर की चर्चा

समृद्धि न्यूज।

**हमीरपुर।** ग्राम पंचायत सरसई में अर्चना संस्थान की कार्यकत्री मोनी और अध्यक्ष अर्चना ने पंचायत भवन में बैठक कर बेटी बचाओ व बेटी पढ़ाओ के मुद्दे को लेकर चर्चा की महिलाओं पर हो रहीं हिंसाओं पर चिंता व्यक्त की तथा महिला शशक्तिकरण के बारे में बता कर महिलाओं को जागरूक किया, साथ ही बैठक के दौरान यहाँ की 7 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण आंगनवाड़ी में करवाया, वही विधवा पेंशन का फॉर्म भरवाया कर सभी को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं तथा पेंशन के बारे में बताया, एक दिव्यांग को दिव्यांग पेंशन के लिए प्रोत्साहित किया इस दौरान बैठक में ग्राम पंचायत की प्रधान जय देवी व पंचायत सहायक नेहा, के साथ ग्राम पंचायत की महिलाओ सहित उपस्थित रह कर डोर डोर भ्रमण किया।

# भव्यता से मनाया गया भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस

समृद्धि न्यूज।



**हमीरपुर।** भारत रत्न डा.भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस पर कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में मनाया गया। जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में मौजूद लोगों को भारत के संविधान की उद्देशिका का पाठ कराया।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह दिवस हम सबको उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों पर चलने के लिए पुनर्संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। जाति आधारित भेदभाव के विरुद्ध लड़ाई, सामाजिक न्याय की प्रतिस्थापना, सशक्तीकरण के साधनों के रूप में शिक्षा पर विशेष जोर एवं समावेशी व समतावादी समाज की स्थापना के संदर्भ में उनका दर्शन आज पहले से भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। अमृतकाल के इस दौर में भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में अपनी पूरी क्षमता हासिल कर विश्वगुरू बनने की राह पर अग्रसर हो इसके लिए हमें बाबा साहब द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों को आत्मसात कर उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर पूरी निष्ठा के साथ चलने का व्रत लेना होगा और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी।

वहीं जनपद के विभिन्न कार्यालयों/संस्थानों में पुष्पांजलि सभा का आयोजन कर बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। शिक्षण संस्थाओं में युवाओं के लिए भाषण/व्याख्यान कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिससे बाबा साहब के विचार एवं दर्शन से अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार मिश्रा, एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार यादव, एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार त्रिवेदी, नाजिर धर्मेंद्र कुमार सिंह ,जगदीश निगम कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों के कर्मचारी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## भाजपा नमो कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

**बालक वर्ग में मेरापुर व बालिका वर्ग में गांधी इंटर कालेज मौदहा की टीम विजयी रही**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम में दो दिवसीय नमो कबड्डी प्रतियोगिता के अंतिम दिन सदर विधायक डा.मनोज प्रजापति, कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय महामंत्री संत विलास शिवहरे किसान मोर्चा क्षेत्रीय मंत्री शिव प्रकाश सिंह (कल्लू भैया) की उपस्थिति में संपन्न हुआ। दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा सिद्धार्थ सिंह ने की। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिकाओं की कबड्डी टीम के अलावा किसान मोर्चा के जिला पदाधिकारी एवं मंडल पदाधिकारी ने भी कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता बालक वर्ग में मेरापुर क्लब विजेता व श्री भस्मानंद इंटर कॉलेज निवादा की टीम उप विजेता रही। बालिका वर्ग में गांधी इंटर कॉलेज मौदहा विजेता व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सिसोलर की टीम उपविजेता रही। टीमों के खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# जायंट्स ग्रुप ऑफ़ राइजिंग स्टार का प्रथम अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न



समृद्धि न्यूज।

**इटावा।** जायंट्स परिवार में इटावा नगर के चतुर्थ नवीन महिला समूह जायंट्स ग्रुप ऑफ़ राइजिंग स्टार का प्रथम अधिष्ठापन समारोह प्रायोजक बलराज गर्ग, अध्यक्ष, जायंट्स ग्रुप आफ इटावा डायमंड की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि ऊषा यादव अध्यक्ष फेडरेशन 5, अति विशिष्ट अतिथि डा. शिवराज सिंह यादव, सदस्य विशेष समिति, जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन की उपस्थिति एवं राखी मित्तल अध्यक्ष, जायंट्स ग्रुप आफ दतावली डायमंड के सानिध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बलराज गर्ग द्वारा गोंग ध्वनि एव मुख्य अतिथि तथा मंचासीन अतिथियों द्वारा जॉइंट्स दीप प्रज्वलन के पश्चात समस्त सदन द्वारा समवेत स्वर में जॉइंट्स प्रार्थना के उच्चारण के साथ हुई एवं अन्य सदस्यों द्वारा अतिथियों का स्वागत संयुक प्रशासनिक निदेशक पूजा पुरवार के बच्चों त्रान्या एवं सानवी द्वारा मनमोहक स्वागत नृत्य से किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत पटका व पुष्प गुच्छ देकर किया गया। आरसी कश्यप कोऑर्डिनेटर द्वारा सभी सदस्यों को शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात निदेशक यूनिट 1 आशा अवस्थी द्वारा निदेशक मंडल एवं अध्यक्ष नीतू परिवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई गई। ऊषा यादव द्वारा अध्यक्ष को कॉलर पहनाकर, साहित्य, लेपल पिन आदि दिए गए। उपाध्यक्ष आंतरिक सोनिया गुप्ता, उपाध्यक्ष वाह्य मंजू यादव, प्रशासनिक निदेशक स्वीटी मथुरिया एवं निदेशक मैथिली मिश्रा द्वारा पदभार ग्रहण किया गया। डा शिवराज सिंह यादव ने जायण्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन के इतिहास और भविष्य में जो प्लानिंग है, उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी और अध्यक्ष उपाध्यक्ष प्रशासनिक निदेशक वित्त निदेशक एवं निदेशक गण को दायित्व बोध कराया। अध्यक्ष नीतू पुरवार ने कहा कि ग्रुप का उद्देश्य मुख्यतः स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने का है। कार्यक्रम का संचालन रूपम सक्सेना द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूजा पुरवार, बंदना, मेहनाज खानम, प्रियका गुप्ता, वंदना रानी, सीमा तिवारी, पूनम गुप्ता, बबली मिश्रा, तृप्ति पुरवार, शैलजा चौधरी, तेजस्विनी गुप्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में प्रशासनिक निदेशक स्वीटी मथुरिया द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थिति लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

# सीवर टैंक में गिरने से दो भाइयों की मौत

- सिपाही भाई को बचाने में बड़े भाई की भी हुई मौत

समृद्धि न्यूज।




**सुमेरपुर।** थानाक्षेत्र के टेढ़ा गांव में सीवर टैंक का ढक्कन टूटने से सिपाही टैंक के अंदर घुस गया। बचाने के लिए उसका बड़ा भाई टैंक में कूद गया। लगभग एक घंटे तक दोनों के टैंक में फंसे रहने पर बेहोश हो गए। गंभीर हालत में दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

टेढ़ा गांव निवासी लालबहादुर उर्फ कल्लू (32) पुत्र कलकू कुशवाहा मौजूदा समय में कौशांबी जनपद के मंझनपुर थाने में आरक्षी पद पर तैनात था। एक हफ्ते पूर्व वह छुट्टी पर गांव आया था और घर में पुराने सीवर टैंक को बनवाने के लिए बड़े भाई ग्राम पंचायत सदस्य रामसेवक उर्फ भूरा (35) के साथ टैंक के ऊपर खड़े होकर सलाह मशविरा कर रहा था। तभी सीवर टैंक का ढक्कन टूट गया और वह उसके अंदर गिर गया। टैंक में छोटे भाई के गिरने पर बड़ा भाई रामसेवक उसे बचाने टैंक में कूद गया। लेकिन टैंक में गंदगी व गैस भरी होने के कारण दोनों लोग उसमें डूब गए।

इन दोनों को बचाने के लिए परिजनों ने कड़ी मशक्कत की, लेकिन सफल नहीं हुए। बाद में जेसीबी मशीन ने टैंक को तोड़कर करीब एक घंटे बाद बाहर दोनों को निकाला गया। आनन फानन में निजी वाहन से दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.तरुण पाल व डा.परवेज कादरी ने दोनों का गहन परीक्षण किया और उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक रामसेवक अपने पीछे पत्नी सुनीता, पुत्री खुशी व पलक व पुत्र मोहित पिता कलकु व माता रामसखी को रोता बिलखता छोड़ गया। वहीं आरक्षी अभी अविवाहित था।

बड़ा भाई शत्रुघ्न कुशवाहा ने बताया कि घर में निर्माण कार्य होना था। इसी को लेकर दोनों छोटे भाई आपस में चर्चा कर रहे थे। तभी लालबहादुर टैंक के ढक्कन टूट जाने से उसमें गिर गया और उसे बचाने के लिए रामसेवक भी उसमें कूद गया। जिससे यह हादसा हो गया है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## आला अफसरों से चोरियों का खुलासा करने की मांग

**सरीला (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** जरिया थानाक्षेत्र के इंदरपुरा गांव में लगभग एक हफ्ते पहले हुई लाखों की चोरी का खुलासा न होने से नाराज किसान ने पुलिस महकमें के आला अफसरों को शिकायती पत्र भेजकर चोरियों का खुलासा कराने की मांग की है। इन्दरपुरा गांव निवासी मुनेंद्र राजपूत ने पुलिस महानिदेशक को पत्र भेज कर बताया है कि30 नम्बर को अज्ञात चोर उसके घर से 17 लाख अस्सी हजार कीमत के जेवरात व नगदी लूट ले गए हैं। उसी रात दो अन्य घरों में भी लाखों की चोरी हुई थी। पीड़ित का आरोप है कि खुलासे के नाम पर थाना पुलिस गंभीर नहीं है। पीड़ित ने चोरियों को जल्दी खुलासा कराने की मांग की है।

# अंजली ने किया महाविद्यालय को गौरवान्वित



समृद्धि न्यूज।

**इटावा।** के. के. कालेज की छात्रा अंजली यादव ने कानपुर विश्वविद्यालय के दीनदयाल शोध संस्थान सभागार में सड़क सुरक्षा के अंतर्गत आयोजित मंडल स्तरीय पोस्टर एवम चित्रकला प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

पूर्व में सड़क सुरक्षा के अंतर्गत जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र प्रतीक दुबे ने प्रथम स्थान व छात्रा दीप्ति शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया था, साथ ही महाविद्यालय की छात्रा अंजली यादव ने पोस्टर एवम चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया था।इन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थानों पर के. के. कॉलेज के चयनित छात्र प्रतीक दुबे एवम छात्रा अंजली यादव ने विश्विद्यालय में आयोजित मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। मंडलीय पोस्टर एवम चित्रकला प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर छात्रा अंजली यादव को प्रशस्ति पत्र एवम नकद प्रोत्साहन राशि रुपया 7000 देकर विश्विद्यालय में सम्मानित किया गया।भाषण प्रतियोगिता में छात्र प्रतीक दुबे ने बेहतरीन प्रस्तुति दी,समय सीमा से थोड़ा समय अधिक लेने के कारण विजेताओं में स्थान नहीं बना सके।

इसी मण्डलीय प्रतियोगिता में राजकीय महिला डिग्री कॉलेज की छात्रा गुलफ्शा ने क्विज प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। मंडल स्तर एव जिले स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर के.के. कालेज का नाम रोशन करने पर प्राचार्य प्रो. महेन्द्र सिंह ने छात्रा व प्रतियोगिताओं के संयोजक प्रो. शिवराज सिंह यादव,प्रभारी प्रो. पदमा त्रिपाठी, लेफ्टीनेंट प्रो. सुनील सिंह सेंगर,डॉ.अनुपम मिश्रा, डॉ.प्रदीप कुमार को बधाई दी।

प्रो. ओमकुमारी, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. सुजीत कुमार, डॉ. अनिल यादव, बड़ेबाबू मधुसूदन, पवन, अवनींद्र, आशीष पटेल, आलोक पटेल आदि ने छात्रा को बधाई दी।

# एक अच्छा कैरियर का चुनाव एक सुनहरे भविष्य की बुनियाद है : राम नरेश

समृद्धि न्यूज।

**इटावा।** डिवाइन लाइट पब्लिक इण्टर कॉलेज में वरिष्ठ वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नोइडा व गुना (मध्य प्रदेश) के जेपी युनिर्वसिटी के अध्यापक व रिसोर्स पर्सन ने छात्र/छात्राओं को भविष्य में अपने कैरियर चुनाव करते समय किन-2 महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान देना चाहिए इस विषय में बहुत ही विस्तार से बताया।

कार्यशाला में विद्यालय के प्रबन्धक रामनरेश यादव ने कहा की आज के इस आधुनिक युग में सही कैरियर का चुनाव करना एक बहुत ही कठिनाई का काम है। एक अच्छा कैरियर का चुनाव एक सुनहरे भविष्य की बुनियाद है। उन्होने आये हुये रिसोर्स पर्सन्स का इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज एम एस ने सभी छात्र/छात्राओं को इस महत्वपूर्ण कार्यशाला के महत्व को समझाया और कहा आज के इस कॉम्पटीशन वाले समय में एक सही कैरियर का चुनाव करना एक बहुत ही जरूरी विषय है।

उन्होने कहा की विद्यालय में समय समय पर इस तरह के कार्यशाला जो की विद्यार्थीयों के लिए बहुत ही लाभप्रद है इसका आयोजन होता रहता है। कार्यशाला में डा. अभिषेक शुक्ला, डा. राम कुमार व डा. रोहित मिश्रा ने रिसोर्स पर्सन्स की भूमिका निभाई । इनमें डा. राम कुमार व डा. रोहित मिश्रा देश के प्रतिष्ठित संस्थान आई आई टी से शिक्षण प्राप्त किये हुये है व डा. अभिषेक ने लंदन से एम बी ए किया है। कार्यशाला बहुत ही ज्ञान वर्धक व रोचक रही। इस कार्यशाला की सराहना सभी विद्यार्थीयों ने की। कार्यशाला में शैलैन्द्र चौधरी, श्रवण मिश्रा, राघवेन्द्र यादव, जयवीर सिंह, अशोक मिश्रा, बृजेन्द्र कुमार, अनिल जादौन, विपिन यादव, अंशुल, अरूण ,गणेश अवस्थी, अतुल कुमार, रानी शाक्य, कु. सपना पाल, प्रियंका, रेखा यादव, रेखा यादव, सुषमा यादव, कु. रागिनी वर्मा, दीपाली, देवाशुं, रहे।

# कृषि बीज गोदाम पर किसानों की उमड़ी भीड़

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

- नहीं मिला रहा बीज किसान परेशान
- सरकारी कृषि बीज भंडार हाथी के दांत बनकर रह गए

किसानों की मटर की फ़सल में उजाड़ होने के बाद अब समय केवल गेहूं की बुआई करने का बचा है लेकिन कृषि बीज भंडारों पर बीज नहीं होने से किसान परेशान हैं और इस उम्मीद में कि शायद आज मिल जाए, बीज भंडारों पर रोजाना ही दौड़ भाग कर रहे हैं। 2 महीने पहले आया 190 क्विंटल बीज ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुआ, डिमांड ज्यादा होने की वजह से वह तो आते ही खत्म हो गया था।

सरकारी मशीनरी और सरकार में मूलभूत अंतर अब लोगों के समझ में आने लगा है। सरकार वह है जो किसानों की आमदनी बढ़ाने और सभी सुविधाएं किसानों को मुहैया कराने के दावे करती है और सरकारी मशीनरी वह है जो सरकारी दावों में



पलीता लगाने का काम कर रही है। दरअसल, सरकारी कृषि बीज भंडार हाथी के दांत बनकर रह गए हैं। मटर की फ़सल में कीट और इल्ली लग जाने की वजह से किसानों ने खड़ी फ़सल अपने हाथों से ही उजाड़ दी और खेतों की जुताई कर डाली। अब चूंकि दिसंबर का महीना चल रहा है और यह समय केवल गेहूं की फ़सल बोने का रह गया है लेकिन सरकारी बीज गोदामों पर गेहूं का लेट बोने बाली वैराइटीज का बीज उपलब्ध नहीं होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ देखीं जा सकती हैं। बीज गोदामों पर उक्त बीज 4120 रुपए प्रति क्विंटल में प्राप्त हो जाता है, उसमें भी 50 फीसदी सब्सिडी होने से किसानों को बीज सस्ता तो पड़ता ही है, बीज अच्छा होने की गारंटी भी मानी जाती है लेकिन वहां बीज दो महीने पहले ही खत्म हो चुका है। बताया गया है कि कुल 190 क्विंटल गेहूं का बीज आया था जो ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुआ। किसानों की इस महत्वपूर्ण समस्या को लेकर जिला मुख्यालय पर बैठे कृषि विभाग के अधिकारी कितने संजीदा हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सैकड़ों किसान रोजाना बीज गोदामों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन उनकी समस्या पर कान नहीं दिए जा रहे हैं, मजबूरन किसान को दोगुने दामों पर प्राइवेट संस्थाओं से बीज खरीदना पड़ रहा है।

## ब्लॉक दिवस से फरियारियों का मोह भंग

**कोंच(जालौन), समृद्धि न्यूज।**



- सचिवों और तकनीकी सहायकों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी

ब्लॉक समाधान दिवस का आयोजन कोंच खंड विकास अधिकारी प्रतिभा शाल्य की अध्यक्षता में किया गया जिसमें मौके पर एक भी शिकायत दर्ज नहीं करायी गयी। इस दौरान एडीओ नरेशचंद्र दुबे, देवेन्द्र निरंजन, हरीश निरंजन, रमेश वर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रशांत श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

नदीगाँव में भी खंड विकास अधिकारी गौरव कुमार सहित विभागीय कर्मी उपस्थित रहे लेकिन एक भी शिकायत दर्ज नहीं करायी गयी। वहीं दूसरी ओर ब्लॉक समाधान दिवस से गैरहाजिर रहने पर सख्त रुख अपनाते हुए कोंच खंड विकास अधिकारी प्रतिभा शाल्य ने सचिव अनुज गुप्ता को छोड़कर शेष अन्य सभी पदस्थ सचिवों और तकनीकी सहायकों को नोटिस जारी करते हुए कहा कि स्पष्टीकरण न देने पर 1 दिन का वेतन अदेय कर दिया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दुद्धी सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म व पास्को के फरार आरोपी को आज पुलिस में गिरफ्तार कर लिया है। पंजीकृत मुकदमा का फरार अभियुक्त सत्यम सिंह पुत्र रामजीत निवासी ग्राम नगवा दुद्धी बुधवार को अमवार तिराहे से प्रातः 8:20 बजे कही भागने की फिराक में खड़ा था, को मुखबिर की सूचना पर प्रभारी थानाध्यक्ष नागेश कुमार सिंह रघुवंशी, हेडकास्टेबल जनमेजय कुशवाहा,कास्टेबल महेंद्र यादव द्वारा पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 201/2023 धारा 363/366/342/ 376(3) /323/504/506/ भारतीय दंड विधान 3/4(2) पास्को एक्ट के तहत फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बभनी, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के बड़होर गांव के पशु तस्करी करने वाले फरार चल रहे छह आरोपियों में से एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रविवार की रात बड़होर हो देवना टोला रोड से एक पिकअप से आठ पशु एवं 10 किलो गांजा पुलिस ने बरामद किया था जिसमें पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर फरार आरतियों की तलाशी अभियान शुरू की। बुधवार को बढ़ूर देवना टोला मार्ग से फरार आरोपी ईदू पुत्र रहमान निवासी बडहोर थाना बभनी जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपरीक्षक सुनील कुमार। हेड कांस्टेबल, राजेंद्र गौतम, शिवम सिंह, सुमित पाठक शामिल रहे।

### किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** बहला फुसलाकर किशोरी को भगाकर ले जाने एवं उसके साथ दुष्कर्म के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी 13 वर्षीय पुत्री के साथ मोहल्ले का ही सतेंद्र बात करता था। जब उसने बेटी को बात करते हुए देखा तो उसे समझाया। जिसके बाद बेटी ने उससे बात करना बंद कर दिया। लगभग एक सप्ताह पूर्व सतेंद्र रास्ते में जाते समय उनकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी थी। उक्त मामले में पुलिस ने दो दिन पूर्व किशोरी को बरामद कर लिया था। वहीं, बुधवार की सुबह पुलिस ने आरोपी सतेंद्र को मुखबिर की सूचना पर कहीं बाहर भागने की फिराक में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास से पकड़कर न्यायालय में पेश किया है।

### एसडीएम ने रैन बसेरा की व्यवस्थायें परखीं



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** निर्धन बेसहारा लोगों को ठंड से बचाव के लिए नगर पालिका परिसर में रैन बसेरा खोला गया है। इसमें रहने वालों लोगों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई है। एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं को परखा। सर्दी शुरू होने के साथ ही शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद द्वारा नगर पालिका परिसर में रैन बसेरा खोल दिया गया है। खुले आसमान में जीवनयापन करने वालों के लिए खोले गए रैन बसेरा में फिलहाल 16 लोगों की व्यवस्था की गई है। जिसमें कंबल व गद्दों की व्यवस्था की कर दी गई है। रैन बसेरा में पेयजल व शौचालय की व्यवस्था की गई है। हालांकि रैन बसेरा में अभी कोई भी व्यक्ति रहने नहीं आया है। जिसके चलते रैन बसेरा खाली पड़ा है। बुधवार को एसडीएम सुरेश कुमार ने रैन बसेरा का निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने मौजूद कर्मचारियों को निर्देश दिए कि यदि रात्रि के समय कोई व्यक्ति खुले आसमान में रात गुजारता हुआ मिले तो उसे रैन बसेरा में रूकने के लिए प्रेरित करें। साथ ही ऐसे व्यक्तियों को रैन बसेरा में पहुंचाएं भी। उन्होंने रैन बसेरा में सभी आवश्यक सुविधाएं हर समय मुहैया कराने के भी निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान ईओ सीमा तोमर, एसआई देवेंद्र कुमार, कमलेश त्रिपाठी, कन्हैया आदि मौजूद रहे।

### बगैर जांच किये निस्तारण की हुई शिकायत

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** बिना जांच किए ही शिकायतों का निस्तारण करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर मामले की जांच कराने की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी गजेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि गांव में गोशाला न होने से अन्ना पशु किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। गोशाला के निर्माण को लेकर ग्रामीण लगातार मांग कर रहे हैं। हालांकि गोशाला के निर्माण के लिए ग्राम सभा की खुली बैठक कर जगह का चिन्हांकन भी किया जा चुका है। गौशाला निर्माण कार्य में विलंब होने जब उन्होंने पुनः शिकायत की तो बीडीओ ने निस्तारण में गोशाला निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध न होने के कारण गोशाला का निर्माण न होने की आख्या लगा दी। उन्होंने आरोप लगाया कि यह निस्तारण बिना जांच किए ही कर दिया गया। जबकि राजस्व विभाग ने गोशाला के लिए गाटा संख्या 457 में रकवा 0.8210 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराई थी। इस भूमि का चिन्हांकन भी किया गया। साथ ही खंड विकास कार्यालय को अनापत्ति प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जा चुका है। इसके बाबजूद शिकायत के निस्तारण में गंभीरता नहीं दिखाई गई और बिना जांच के ही निस्तारण कर दिया। उन्होंने डीएम से मामले की जांच कराकर गांव में गोशाला खुलवाने की मांग की है।

## निषाद पार्टी की कुठौंद में जनसभा नौ को होगी : सत्य प्रकाश निषाद

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार डॉ. संजय कुमार निषाद जी के निर्देशानुसार जिला कमेटी की बैठक त्रिलोकी निषाद प्रांतीय अध्यक्ष जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें त्रिलोकी निषाद ने जानकारी दी कि आगामी 9 दिसंबर 2023 दिन शनिवार को जनपद जालौन में निषाद पार्टी सुप्रीमो मछुआ एससी संवैधानिक खानदानी सुरक्षात्मक आरक्षण महाजनसंपर्क अभियान की विशाल जनसभा का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। बैठक में जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश निषाद और जिला कमेटी के समस्त पदाधिकारियों ने नहर कोठी कुठौंद में होना सुनिश्चित किया गया है। जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश निषाद ने निषाद पार्टी के समस्त सम्मानित पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, और शुभचिंतकों से जनसभा में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## भागवत कथा का आयोजन 15 से

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** अखंड परमधाम सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीश्री 1008 स्वामी परमानंद गिरीजी महाराज की अध्यक्षता में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 15 दिसंबर दिन शुक्रवार से 21 दिसंबर दिन मंगलवार तक उरई रोड स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में होगा। जिसमें कथा व्यास महामंडलेश्वर ज्योतिर्मयानंदजी महाराज भक्तों को कथा श्रवण कराएंगे। 15 दिसंबर शुक्रवार को कलश यात्रा दोपहर एक बजे द्वारिकाधीश मंदिर प्रांगण से शुरू होगी। यह जानकारी अखंड परमधाम के महाराज दयानंद गिरी ने दी है।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी में यूपी का नेतृत्व करेंगे प्रगतिशील किसान

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

- मिलेयनियर फार्मर ऑफइंडिया अवार्ड 2023 में शामिल होंगी देश की जानी-मानी हस्तियां

देश में कृषि के क्षेत्र में होने वाले बदलाव और उनमें देश के प्रगतिशील किसानों के योगदान को महत्वपूर्ण मानते हुए उनके सम्मान में मिलेयनियर फर्मर ऑफइंडिया अवार्ड 2023 के लिए उत्तर प्रदेश से प्रतिनिधित्व करने वाले यहां जनपद जालौन के प्रगतिशील किसान बृजेश त्रिपाठी निवासी ग्राम अकोडी बैरागढ़ को आमंत्रित किया गया है यह विशिष्ट कार्यक्रम आईएआरआई ग्राउंड नई दिल्ली में आयोजित कराया जाएगा।

देश की राजधानी दिल्ली में आठ दिसंबर को आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में देश भर के कृषि वैज्ञानिक और प्रगतिशील किसान आमंत्रित किए गए हैं जिनमें उत्तर प्रदेश से बृजेश त्रिपाठी निवासी ग्राम अकोदी बैरागढ़ जनपद जालौन को आमंत्रित किया गया है जो कि जिले के लिए एक गौरव की बात है बताया जाता है कि इस विशिष्ट कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी केंद्रीय मत्स्य पालक पशुपालन और डेयरी मंत्री परसोत्तम रुपाला तथा ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती निरंजन ज्योति के अलावा और भी कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी। गौरतलब हो कि प्रगतिशील किसान बृजेश त्रिपाठी ने बीते कुछ बरसों के दौरान कृषि के क्षेत्र में अनेकों अभिनव प्रयोग कर प्रदेश और देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बनाकर जहां कृषि को नए तरीके देकर किसानों का सम्मान और उनकी आय में वृद्धि करने का काम किया है उसको देखते हुए वह पूर्व में कई बार बड़े सम्मान प्राप्त कर चुके हैं।

## एफआईआर दर्ज होने वाले उपभोक्ता भी ओटीएस योजना में पंजीयन करा छूट का लाभ उठायें : एसडीओ

- 15 दिसंबर तक पंजीकरण कराने वाले बकायेदारों को मिलेगी सरचार्ज में छूट

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



जिन उपभोक्ताओं के एफआईआर हो चुकी है वह ओटीएस योजना में पंजीकरण कराकर राजस्व निर्धारण में 60 फीसदी छूट का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा 15 दिसंबर तक नलकूप व बिजली बिलों के बकाएदार भी ओटीएस योजना में पंजीकरण कराकर सरचार्ज में छूट का लाभ उठा सकते हैं। यह जानकारी एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने दी है।

विद्युत उपखंड अधिकारी कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि ओटीएस योजना के तहत उपभोक्ता 31 दिसंबर तक योजना का लाभ ले सकते हैं। जिसका पहला चरण 30 नवंबर को समाप्त हो चुका है। योजना का दूसरा चरण 15 दिसंबर तक चलेगा। इसमें उपभोक्ताओं को उनके बिल की कैटेगरी के आधार पर छूट का लाभ दिया जा रहा है। बताया कि इस योजना के तहत 24 हजार 116 उपभोक्ताओं का पंजीकरण कराने का लक्ष्य है। लेकिन अब तक लक्ष्य के सापेक्ष कुल 1876 उपभोक्ताओं ने ही पंजीकरण कराया है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि जितनी जल्दी उनके पंजीकरण होंगे उन्हें छूट का उतना ही अधिक लाभ मिलेगा। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर भी पंजीकरण किए जा रहे हैं। इसलिए उपभोक्ता अपनी जिम्मेदारी हो समझें और अधिक से अधिक पंजीकरण कराएं। कहा कि जिन उपभोक्ताओं की एफआईआर दर्ज हो चुकी है, उन्हें भी इस योजना के अंतर्गत छूट का लाभ मिलेगा। ऐसे उपभोक्ताओं को पूर्व में जहां राजस्व निर्धारण में 65 फीसदी छूट का लाभ दिया जा रहा था। उन्हें अभी भी दूसरे चरण में 60 फीसदी छूट का लाभ मिलेगा। बताया कि उपकेंद्र उदोतपुरा, जालौन, खकसीस, खांखरी, हदरूख क्षेत्र में बिजली चोरी के लगभग 1800 मुकदमे पंजीकृत हैं। जालौन टाउन में 861 मुकदमे पंजीकृत हैं। लेकिन अभी पंजीकरण सिर्फ 16 लोगों ने ही कराया है। इसी तरह मार्च तक नलकूप के 1179 बकाएदार हैं। यदि इनके पंजीकरण नहीं होते हैं तो सप्लाई काट दी जाएगी। इसलिए परेशानी से बचने के लिए समय रहते पंजीकरण अवश्य कराएं।



## भाजपा ने डॉ. अम्बेडकर को परिनिर्वाण दिवस पर किए पुष्प अर्पित

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर जनपद के सभी 19 मंडलों में भाजपा के पदाधिकारी द्वारा मूर्ति की साफसफाई कर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए गए। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष उर्विज दीक्षित ने उरई नगर के अंबेडकर चौराहे पर अंबेडकर की प्रतिमा पर साफसफाई करके माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रमदान किया। तदुपरांत भाजपा कार्यालय उरई में संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि बुंदेलखंड खंड विकास बोर्ड के सदस्य शंभू दयाल रहे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का सपना था भारत की हर गरीब को उनका हक मिले और उन्हें सम्मान मिले आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार उसे साकार करने में का प्रयास किया है। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिला महामंत्री अग्निवेश चतुर्वेदी, विवेक कुशवाहा नीरज दुबे, भगवती शरण शुक्ला, रामलखन औदीच्य, शक्ति गहाई, वीर प्रताप जादौन, मनोज यादव, तरुण तिवारी, प्रीति बंसल, मंजू रानी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## थाना प्रभारी कोन द्वारा रात्रि गस्त के दौरान विभिन्न स्थानों का किया गया निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज़**

**कोन।** मंगलवार की रात्रि में थाना प्रभारी कोन लक्ष्मण पर्वत द्वारा रामगढ़ में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर सुरक्षा में लगे ड्युटी को निरीक्षण किया गया बता दे कि अराजकतत्वों ने विगत वर्ष मूर्ति प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया था जिसके मद्देनजर रखते हुए उनकी सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखा गया । थाना प्रभारी ने बताया कि उनका बुधवार को महापरिनिर्वाण दिवस है। किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो जिसके मद्देनजर रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था की गई है। एवं अराजकतत्व लोग प्रतिमा को क्षतिग्रस्त न पहुंचा सके ।वहीं पर रात्रि में गस्त के दौरान कस्बा रामगढ़ में इंडियन बैंक की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया ।एवं पीआरबी में तैनात स्टाफ की ड्यूटी को भी चेक किया गया ।

## दलितों के मसीहा थे बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर : रामराज

- परासी स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया याद

**समृद्धि न्यूज।**



**सोनभद्र।** बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामराज सिंह गोड़ की अध्यक्षता में घोरावल विधानसभा के परासी में अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समस्त कांग्रेसियों ने उनको याद किया।

जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोड़ ने कहा कि संविधान रचयिता डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी जिन्होंने दलित/आदिवासियों के आवाज को बुलंद करने का कार्य किया ,इसको कभी भी भुला नहीं सकता,आज जिस प्रकार से संविधान के तहत कार्य हो रहा है ये किसी से छिपा नहीं है। राबर्ट्सगंज ब्लॉक अध्यक्ष अमरेश देव पांडे ने बोला कि बाबा साहब को याद करने का कई कारण है उसमें एक प्रमुख कारण यह भी है कि आज जो दलितों का सम्मान जगह-जगह है उसमें अगर मुख्य भूमिका किसी के है तो वह बाबा साहब की है, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य आशुतोष कुमार दुबे(आशु)ने कहा कि भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी ने जिस सोच से दलित/आदिवासी युवाओं के लिए कार्य किया वो किसी से छिपा नहीं है आज का दलित नौजवान/ युवा जो बेरोजगार की दंश झेल रहा है यह कहना कतई गलत नहीं होगा कि बाबा साहब की यह सोच नहीं थी उन्होंने नीचे तकबे के लोगों को आरक्षण दिलवाने का काम किया ताकि वह भी आगे निकलकर देश की, समाज की सेवा में अपना योगदान दे और देश को आगे बढ़ाये, जो वर्तमान समय में देखने को नहीं मिलता है। राहल सिंह पटेल ने बोला कि बाबा साहब को हम सभी मानते हैं उनके विचार/सोच देश को आगे बढ़ाने की थी संविधान का जो निर्माण हुआ वह देश को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण था उसे हम कभी भी भूल नहीं सकते ।मुख्य रूप से उपस्थित रहने वालों में सेराज हुसैन राजबली पाण्डेय लल्लूराम पाण्डेय राहुल भारती, आशीष सिंह,श्रीकांत मिश्रा, अरविंद विश्वास , राहुल सिंह, आलोक पाठक, राम लोट भारती,बुल्लू कोल,गोपाल भारती, राजकुमार भारती, पिंटू भारती, बबलू भारती, हेमंत दुबे, मुन्नू राय ,साहनी भारती मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन चतरा ब्लॉक अध्यक्ष निगम मिश्रा ने किया।

## आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डॉ. अम्बेडकर को किया नमन



**समृद्धि न्यूज।**

**उतरौला, बलरामपुर।** बुधवार को सपा एवं आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया। इस अवसर पर उतरौला के डॉ भीमराव अंबेडकर चौराहे पर लगी उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारी जयराम गौतम ने कहा है कि बाबा साहब ने हमें भारतीय संविधान दिया है और इस देश के सभी नागरिकों को वोट का अधिकार देकर सभी को एक दायरे में लाकर खड़ा किया है। डॉ भीमराव अम्बेडकर भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाजसुधारक थे।

उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों (दलितों) से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। उन्?होंने अपना पूरा जीवन जातिवाद को खत्म करने और गरीबों, दलितों, पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए अर्पित किया। इसलिए आज के दिन उनकी पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन भारत और दुनिया भर से आंबेडकरवादी उनकी प्रतिमा के सामने श्रद्धांजलि देते हैं। इस दौरान ओम प्रकाश गौतम महेश प्रसाद, राकेश यादव, हरिश्चंद्र यादव, राजा भारती, धर्मराज यादव समेत अनेक लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 67वें परिनिर्वाण दिवस पर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई

6 दिसम्बर को संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा डॉ0 आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही द्वारा आंबेडकर के समतापूर्ण समाज की परिकल्पना पर विचार कर उसे आत्मसात करने तथा अपने दृष्टिकोण में लागू करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श नम्रिता श्रीवास्तव व पुलिस कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।



### डॉ. भीमराव अम्बेडकर के परनिर्वाण दिवस पर जिलाधिकारी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर के परनिर्वाण दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया गया तथा उनके जीवन आदर्शो, मूल्यों एवं संघर्षों को याद किया । इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार, अपर उप जिलाधिकारी संतोष कुमार ओझा, वरिष्ठ कोषाधिकारी तथा कलेक्ट्रेट के सभी कर्मचारियों द्वारा संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण पर अर्पित करते हुए नमन किया गया। संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के परनिर्वाण दिवस पर जनपद के सभी सरकारी/अर्द्धसरकारी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया गया एवं उनके जीवन आदर्शो को याद किया गया।



## सिकरामाफी में संकल्प यात्रा का आयोजन



**समृद्धि न्यूज।**

**उतरौला (बलरामपुर)** ग्राम पंचायत सिकरा माफी(भुरकुण्डा) में विधायक राम प्रताप वर्मा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम के दौरान सरकार के विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी को प्रमाण पत्र वितरित किया। योजनाओं के विषय में संवाद करते हुए उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और पीएम स्वनिधि योजना समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं से ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार आया है। कहा कि सशक्त जनता ही विकसित भारत के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दे सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सौगात से आमजन अपने को सुरक्षित महसूस कर रहा है।

इस अवसर पर व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक देवानंद गुप्ता, अंकुर गुप्ता जी, खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार, चिकित्सा अधीक्षक सीपी सिंह, मंडल अध्यक्ष जनकराम मौर्य, ग्राम विकास अधिकारी उमा शंकर पाल सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे

# पूर्व विधायक ने दी बाबा साहब को श्रद्धांजलि



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर मां परी निर्माण दिवस पर भावभिन्न श्रद्धांजलि देते हुए पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा की कुछ ऐसी शक्तियां है कि बाबा साहब संविधान को खत्म करना चाहते हम लोग इकट्ठा होकर उनका सामना करना है बाबा साहब संविधान नाम के माध्यम से हम लोगों को जानते हैं समाज बहुत बड़ा दवा तब का है और दलित समाज का हम लोग आपकी आवाज उठाने का कार्य करेंगे जो अधिकार नहीं मिल रहे हैं उनके लिए आवाज उठानी है आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है थाने में दलाल बैठे बैठा दिए गए बिजली घर में बल के नाम पर दलाली हो रही जब सत्ता में थे तब हमने चौड़े चौड़े रोड बनवाई और सोसैया हॉस्पिटल बनवाया अब वहां पर डॉक्टर नहीं है दवा भी नहीं मिल रही है बिना रिश्वत बिना पैसे कोई बात नहीं सुन रहा है हम सभी लोग मिलकर आने वाला समय 2024 में समाजवादी पार्टी को वोट देकर सरकार बनाएं इस कार्यक्रम के संयोजक साकेत जाटव जिला पंचायत प्रत्याशी रवि यादव उमेश पाल विधानसभा अध्यक्ष इसी दौरान भारतीय संविधान के शिल्पकार सामाजिक न्याय के अग्रदूत भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के परी निर्माण दिवस पर बावड़ी श्रद्धांजलि ग्राम नगला सज्जरी सिकंदरपुर में पहुंचे पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने उनके चित्र पर माला बनाकर श्रद्धांजलि दी। संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर अपने घर में श्रद्धा सुमन आपात कर उनके श्रद्धांजलि दी और उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया यह बात राजेश कुमार कठेरिया एडवोकेट जिला अध्यक्ष कटारिया समाज कल्याण समिति उत्तर प्रदेश कन्नौज ने कही है राघवेंद्र सिंह यादव अंकुर सिंह यादव मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता रामबाबू जाटव सरवन जाटव श्यामवीर जाटव रामनिवास जाटव सचिन जाटव मनीष जाटव पुजारी जाटव शेर सिंह कोटेदार अनुज कुमार प्रदीप कुमार शिव मंगल जाटव श्यामू जाटव शकील नेता अजीत जाटव आदि लोग मौजूद रहे।

## अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने किया याद

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्माण दिवस के अवसर पर कांग्रेसियों ने जनपद मुख्यालय के ग्राम नसरापुर में कार्यक्रम आयोजित कर बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्माण दिवस के अवसर पर बुधवार को कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल की अगुवाई में ग्राम नसरापुर स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर कांग्रेसियों ने माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनके द्वारा देश के लिए किए गए योगदान को याद किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का संविधान में बहुत बड़ा योगदान रहा। कहा कि उसी योगदान के चलते आज समाज के दलित शोषित पिछड़ों को सम्मान से जीवन जीने का अवसर प्राप्त हुआ है।

# ससैया अस्पताल में मेडिकल स्टोर और पैथोलॉजी से जुड़े लोगों के प्रवेश पर लगाई गई रोक

**सौसैया अस्पताल में कमीशन खोरी व दलालों का लगा रहता है जमावड़ा**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगला दिलु दिलू गांव स्थित में ससैया अस्पताल मेंपिछले काफी समय से मरीजों को बाहर से दबे और जांच लिखी जा रही थी तमाम शिकायतों के बाद सीएमएस ने अब इस पर पूरी तरह अंकुश लगाए जाने का फैसला लिया है मंगलवार को उन्होंने सिक्योरिटी गाड्र्स को निर्देश दिए कि किसी भी मेडिकल स्टोर बा पैथोलॉजी से जुड़े लोगों को अस्पताल में आना प्रवेश न दिया जाए इसके साथ ही डॉक्टर को दी गई कि किसी भी तरह के मरीजों को ना तो बाहर से दवाई लिखे जाएं और ना ही जांच मरीजों की जांच अस्पताल से ही कराई जाए और यहां से ही दबे दी जाएं। उधर सर्दी का मौसम बढ़ते देखकर अस्पताल प्रशासन ने भी अपनी तमाम तैयारी शुरू कर दी कर्मचारियों और मरीजों को सर्दी से बचाव के लिए अस्पताल में हीटर की व्यवस्था कराई जा रही है इसके साथ ही अस्पताल परिसर में अलाव की भी व्यवस्था की जाएगी अस्पताल में रैन बसेरा की भी व्यवस्था शुरू हो गई है इस समय अस्पताल में बने रैन बसेरा का रंग रोशनकर उसे चमकाया जा रहा है ट्रेन बसेरा में सर्दी से बचाव के लिए तमाम व्यवस्थाएं की जा रही हैंयहां ताकत गद्दा और उड़ाने के लिए कंबल की व्यवस्था की गई है।

इस संबंध में सीएमएस डॉक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल में मेडिकल स्टोर और पैथोलॉजी से जुड़े लोगों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है इस संबंध में डॉक्टर और सेक्रेटरी घाटों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं भाई अस्पताल में सर्दी से बचाव की व्यवस्थाएं कराई जा रही हैं मगर कुछ लोगों का कहना है कि कितना भी सीएमएस सब लगाम लगा ले फिर भी कुछ स्टाफ में डॉक्टर अपनी हरकतों से चुकाने वाले नहीं है क्योंकि उनको बाहर से जांच कराई जाती है कमीशन प्राप्त होता है दवाई बाहर से लिखी जाती है बाहर सोरों से डॉक्टर को कमीशन मिलता है ऐसी स्थिति में शायद ही कम सब लगाम लगा सकें सौसैया अस्पताल में कमीशन खोरी बा दलालों का जाम वाला लगा रहता है इससे गरीब मां मजदूर किस्म के मैरिज को मुसीबत का सामना करना पड़ता है ऐसी स्थिति में शायद सरसैया में अस्पताल लगाम लग सके।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार को किया रवाना



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर मुख दंडकारी ने रवाना किया राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 09-12-23 के प्रचार वाहन को हरी झन्डी दिखाकर रवाना करते हुए। श्रीमती सलोनी रस्तोगी अपार मुख दंडकारी व सिविल जज जूनियर डिवीजन अनूप उपाध्याय ने इस मौके उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी ,नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ,सजीव गौतम,राजीव उपाध्याय ,सुभाष शुक्ला,अमित भारद्वाज मनोज गोयल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर सपा नेताओं ने किया याद

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

डॉ आंबेडकर में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के निर्माण दिवस पर बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर जी की प्रतिमा पर मारा पर किया गया।

पूर्व जिला अध्यक्ष सलवा योगेंद्र यादव ने कहा कि बाबा साहब के जीवन के अनुच्छेद पहलुओं से संकल्प लेने की हर व्यक्ति की एकता और अखंडता को कुल्लू सिद्ध करने के अवसर किसी को नहीं देंगे अपनी स्वतंत्रता और चिंतन की भावना को सहज पर रखकर गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल अल्पसंख्यक ट्रस्ट के प्रबंधक सचिव तीर्थराज बौद्ध ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने समाज में व्यस्त तमाम कुर्तियां को खत्म कराया डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आधुनिक भारत के निर्माता थे डॉ भीमराव अंबेडकर हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत थे बाबा साहब के आदेशों का जीवन उतारते पर जोर दिया गया शाहिद मिश्रा सिंह बौद्ध विहार धर्मात्मा ट्रस्ट के प्रबंधक सचिव उपेंद्र कुमार बौद्ध ने कहा कि बाबा साहब ने तीन मूल तत्वों को बताया कि शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो इसी क्रम में बाबा साहब ने भारत का संविधान को दिय राघवेंद्र सिंह यादव दिनेश कुमार साहब पंकज साहब उपेंद्र कुमार नंदन कुमार राम गणेश चंद्र आज लोग उपस्थित रहे।



# परिवहन मंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**सौरिख, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

परिवहन मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह और ओमप्रकाश राजभर का मैनपुरी जाते समय सौरिख कट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर और शाल उड़ाकर स्वागत किया। दोपहर में प्रदेश सरकार में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और सुहेलदेव समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर का भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी बबिता सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के कट पर पहुंच कर फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान परिवहन मंत्री ने कहा कि सभी कार्यकर्ता आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों में लग जाएं और केन्द्र व प्रदेश की जनकल्याकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं जिससे तीसरी बार केन्द्र में भाजपा की सरकार बन सके।इस मौके पर ग्राम प्रधान विशेस्व सिंह, संजय प्रताप सिंह, राजेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान मोनू सागर, एवं अन्य तमाम लोग उपस्थित रहे।

## परिनिर्वाण दिवस पर याद किए गए बाबा साहेब

**जलालाबाद,समृद्धि न्यूज़।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 67वें परिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। क्षेत्र के अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ पल्लवी, ब्लॉक कार्यालय गुगरापुर में वीडीओ उमाशंकर साहू, जवाहर नवोदय में प्राचार्य एसके पांडेय, कंपोजिट विद्यालय जलालाबाद में प्रधानाध्यापक नीरेंन कुमार, पीएस विद्यालय तरपुरवा में प्रभारी प्रधानाध्यापक अनुराग कुमार, पीएस अलीनगर में प्रभारी प्रधानाध्यापक अवध नारायण, पीएस जेंवा में प्रभारी प्रधानाध्यापिका अंजली तिवारी, पीएस जसपुरापुर सरैया प्रथम में प्रधानाध्यापिका रेनू कमल, पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेंवा में प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव कुमार ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रधानाध्यापिका रेनू कमल ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान की प्रारूप समिति की अध्यक्षता करते हुए भारतीय संविधान का निर्माण किया है।

# लोक अदालत के प्रचार वाहन को किया रवाना





वाहन को हरी झंडी दिखाते पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता।

**नगर सहित क्षेत्र की जनता को जागरूक करेगा वाहन**

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाने से बचने और शीघ्र, सुलभ, सक्षम, न्याय पाने के लिए नागरिक राष्ट्रीय लोक अदालत में पहुंचकर सुविधा का लाभ उठाएं। इसके लिए नगर में प्रचार वाहन के माध्यम से लोगों को जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। यह जानकारी अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने दी।

बुधवार को पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने नगर पालिका परिषद कार्यालय से राष्ट्रीय लोक अदालत प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि पीड़ित सभी प्रकार के बाद का निस्तारण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज में पहुंचकर 09 दिसंबर को जिला एवं सत्र न्यायालय में होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में करा सकते है। कहा कि स्थानीय नागरिक इसका लाभ उठाएं। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, जर्नादन मिश्रा, अनिल प्रजापति, गौरव मिश्रा, मनोज तिवारी, अशोक शर्मा सहित सभासद व पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# बीमारी से विवाहिता की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**सौरिख, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

बीमारी के चलते विवाहिता की मौत हो गई परिजनों ने ससुरालयों पर ठीक से इलाज न कराए जाने का लगाया आरोप सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी कस्बा क्षेत्र के कायमपुर गांव निवासी राहिजुद्दीन ने अपनी पुत्री खुशबू उम्र लगभग 25 वर्ष की शादी 2 वर्ष पूर्व अपनी बहिन के पुत्र से की थी सब कुछ ठीक-ठाक चला रहा कुछ महा पर्व खुशबू की तबीयत बिगड़ गई जिसे ससुराल जान उपचार के लिए फिरोजाबाद ले गए जहां उपचार करते रहे आराम न मिलने पर पति खुशबू को लेकर अपनी ससुराल कयामपुर आ गया।

बीती रात ज्यादा तबियत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए ले जा रहे थे कब तक खुशबू की मौत हो गई मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में की पुकार मच गई वहीं परिजनों का आरोप है की ससुरालयों ने पुत्री का सही से उपचार नहीं कराया जिससे उसकी मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस मृतका के पति को थाने लेकर आई मृतका के पिता को गांव के लोगों ने समझाया उसके बाद दोनों पक्षों में समझौता करा दिया गया।

# पुण्यतिथि पर सपाईयों ने डॉ. अंबेडकर को किया याद



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी के नेताओ और कार्यकर्ताओं ने जिले भर में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहब को याद किया। जिला मुख्यालय के तिर्वा रोड स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित हुए कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व एम.एल.सी.रामवृक्ष यादव एवं नेताओ और कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्व एम.एल.सी. रामवृक्ष यादव ने अपने सम्बोधन में डा. भीमराव अम्बेडकर को एक सच्चा शिक्षक, वक्ता, दार्शनिक, नेता, अर्थशास्त्री और अधिवक्ता कहा। सपा जिलाध्यक्ष मो. कलीम खान ने अपने सम्बोधन में जातिगत जनगणना कराकर, जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए संघर्षरत रहने का संकल्प लिया। वहीं सपा नेता नाजिम खान ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्र निर्माण में डा. भीमराव अम्बेडकर के योगदान को भुलाया नही जा सकता। इस अवसर पर समाजवादी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रत्येक जोन में कार्यक्रम आयोजित कर संविधान निर्माता को श्रृद्धा सुमन अर्पित किये। जोन नंबर 8 पर जोन प्रभारी हसीब हसन के सेक्टर शेखाना की दलित बस्ती में एवं जोन प्रभारी आनंद बाबू द्वारा गोल कुंआ नसरापुर सहित कन्नौज के सभी 10 जोन काजी टोला, चौराचांदपुर, छबीलेपुर्वा, बरौली, नेकपुर खुदलापुर, अनौगी, नेरा, सत्तार, उदईपुरवा, भुन्ना, गाजीपुरवा, अकुड़िया उमरायपुरवा आदि स्थानो पर पूर्व विधायक स्व. अनिल दोहरे के पुत्र यश कुमार दोहरे, सपा नेता प्रबल प्रताप सिंह, पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे, शिवम, आसिफ हुसैन सभासद, रवि चतुर्वेदी, राजेश पाल, सभासद मुस्तेहसन राजू यादव, नितिन यादव, कौशर खान, मो. निजामुद्दीन, शाहिद वारसी, स्वरूप मिश्रा,आदि नेताओं व कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर डा. भीमराव अम्बेडकर के कर्तव्य मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# पल्स पोलियो अभियान में न बरतें लापरवाही : डीएम



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान को सफल बनाए जाने के उद्देश्य से कलेक्टेउट के गांधी सभागार में आयोजित हुई बैठक में डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि 10 दिसम्बर को बूथ डे के अवसर पर 0 से 5 वर्ष के बच्चो को पल्स पोलियों की दवा पिलायी जाये। यदि कोई बच्चा बूथ पर नही आता है तो उसे चिन्हित कर दूसरे दिन दवा अवश्य पिलायी जाये। उन्होने कहा कि रैली व अन्य माध्यम द्वारा पल्स पोलियो अभियान का प्रचार-प्रसार किया जाये। कोई भी बच्चा छूटना नही चाहिये। डीएम ने निर्देशित किया कि 10 दिसम्बर को सभी प्राथमिक विद्यालय और ऑगनवाडी केन्द्र खुले रहना चाहिये।

बैठक में डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि बीच-बीच में मेडिकल ऑफिसर एवं फील्ड में कार्य कर रहे डाक्टर्स को पल्स पोलियो के लक्षण व सिम्टम्स की जानकारी ट्रेनिंग के माध्यम से दी जाये। कहा कि 10 दिसम्बर को जनपद के समस्त विकास खंडों के समस्त सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्थापित किये गये 827 बूथों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियों की दवा पिलायी जाये। कहा कि जनपद में 2 लाख 79 हजार 546 बच्चों को पोलियों की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक बच्चों को बूथ डे के अवसर पोलियो की दवा पिलाई जाये। इसके अतिरिक्त छूटे हुये बच्चो को स्वास्थ्य टीमों द्वारा घर-घर जाकर दवा पिलायी जाये। कहा कि धर्म गुरुओं, मौलवी के पास टीम जाकर उनकी भी सहायता से छूटे हुये बच्चो को पल्स पोलियो की दवा पिलाएं। कहा कि ऐक्शन प्लान बनाकर धरातल पर कार्य करें। किसी प्रकार लापरवाही न बरती जाये। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर के योगदान को भुलाया नही जा सकताः डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयोजित हुए कार्यक्रम में डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया। इस अवसर पर डीएम ने अपने सम्बोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने देश को चलाने के लिये संविधान का निर्माण किया। संविधान की वजह से ही हमारा देश हर चुनौतियो का सामना करते हुये आगे बढ रहा है। दुनिया में हमारी सबसे बडी आबादी है। फिर भी हमारा देश प्रत्येक क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। दुनिया के बहुत सारे देश हैं जो संविधान बनाये है और बदल दिये, किन्तु भारत देश का संविधान इस तरीके से बनाया गया है कि जिसमें सबकुछ समाहित है और वर्षो-वर्षो तक चलेगा। कहा कि बाबा साहब ने भारत के लिए संविधान बनाकर देश को विकास, समृद्धि और समानता का रास्ता दिखाया है।

**बयान** अंबेडकर ने गरीब, शोषित, वंचितों की आवाज को उठाने का कार्य किया

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर किया नमन

**संविधान निर्माता के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प**

**गुरसहायगंज (कन्नौज), समृद्धि न्यूज।**



शासन के निर्देशान पर नगर के सरकारी, निजी संस्थानों सहित राजनैतिक दलों के कार्यालयों पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि को परिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें लोगों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र व प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर नमन किया।

बुधवार को अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने पालिका कर्मियों के साथ डॉ. भीमराव अंबेडकर के 67वें महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर फूलमाला अर्पित कर नमन किया। कहा कि अंबेडकर ने गरीब, शोषित, वंचितों की आवाज को उठाने का कार्य किया है। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, प्रधान लिपिक अनिल प्रजापति, जिलेदार सिंह, जगदीश सिंह, मनोज तिवारी, अशोक बाल्मीकि, मोहित कुमार, शैलेंद्र यादव, गौरव मिश्रा सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे। नगर के मोहल्ला आजाद नगर स्थित अम्बेडकर पार्क में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव, सपा नेता राज सिंह चौहान छोटे ठाकुर, नगर अध्यक्ष मुकीम खान के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारीगण व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव, राज सिंह चौहान, नगर अध्यक्ष मुकीम खान, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग राम सेवक बाथम, सलीम खान, अमन खान, शेरे रजा, नाहर यादव, नजमुद्दीन इदरीसी, संदीप मिश्रा, अभिषेक यादव, चंद्र प्रकाश कुशवाहा आदि ने उनकी प्रतिमा पर फूलमालाएं अर्पित कर नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़







# मायके जाने से क्षुब्ध पति ने लगायी फांसी

नवाबगंज समृद्धि न्यूज।

पत्नी के मायके जाने से क्षुब्ध होकर पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नगला हीरा सिंह निवासी भूरे राजपूत (36) खेती किसानी करते थे।

कुछ दिन पूर्व उनकी पत्नी मायके चली गई थी। कई बार फोन करने के बाद जब पत्नी घर पर नहीं आई, तो वह बच्चों के साथ मारपीट करने लगा। बच्चों ने टेलीफोन पर मां को अवगत कराया। कल मां विनीता देवी नगला हीरा सिंह आई और अपने तीन बच्चों को साथ लेकर चली गई। इस घटना से आहत पति ने बीती रात नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास में अपने अंगोचे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक अपने परिजनों से अलग मकान बनाकर रह रहा था। सुबह मृतक की मां राम पोथी देवी अपने पुत्र के घर पहुंची और दरवाजे को खोला तो उसकी चीख निकल गई। दरवाजे के सामने ही उसके पुत्र का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ने थाना अध्यक्ष को सूचना दी।



मृतक का फाइल फोटो



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण

मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष जेपी शर्मा तथा फॉरेंसिक टीम के लोगों ने जांच पड़ताल की।

मृतक की पत्नी विनीता देवी जिनका मायका आकलगंज थाना मऊदरवाजा में है। मृतक के बड़ी पुत्री वंदना 13 वर्ष, नंदी देवी 5 साल, परी 3 साल और एक पुत्र आर्यन 1 साल का है। मृतक के पिता लज्जाराम की 12 साल पूर्व मौत हो गई थी। मृतक की मां राम पोथी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक पांच भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक के भाई रामवीर ने थाना पुलिस को फौती सूचना दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## युवक युवती का आपत्तिजनक फोटो खींचकर कर रहा ब्लेकमेल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवती का अश्लील वीडियो बनाकर उसका यौन शोषण करने के लिए दबाव बनाने पर पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस को दी गयी तहरीर में महिला ने कहा है कि वह नेकपुर एस.आर. कोल्ड के निकट की रहने वाली है। उसके पड़ोसी शेखर पुत्र हरदयाल ने उसकी पुत्री को अपने जाल में फांस लिया और उसके आपत्तिजनक फोटो ले लिये। उसके फोटोग्राफ ब्लेकमेल कर उस पर यौन शोषण करने के दबाव बनाने लगा। उसकी पुत्री ने इसकी जानकारी उसे दी। महिला के विरोध करने पर शेखर आगबबूला हो गया। उसका कहना है कि यदि तो मेरी शादी अपनी पुत्री से करा दो, नहीं तो मुझे पांच लाख रुपये दो। नहीं तो फोटो मैं वायरल कर दूंगा। जब मैंने रुपये देने में असमर्थतता जतायी, तो वह मेरी पुत्री के फोटो वायरल करने लगा। जिससे पीड़िता का परिवार डरा व सहमा है। पुलिस ने महिला को की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सर्राफ दुकानदार के यहां से दम्पति के 50 हजार रुपये उड़ाये

नवाबगंज समृद्धि न्यूज।

सर्राफ दुकानदार की दुकान से उचक्का दंम्पति के 50 हजार रुपये लेकर चंपत हो गया। पीड़ित दंपति ने थानाध्यक्ष को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा गनीपुर जोगपुर में अरविंद कुमार पुत्र देवी दयाल एवं बृजरानी पत्नी अरविंद कुमार का संयुक्त खाता है। बुधवार को दोपहर 1 बजे अरविन्द कुमार अपने खाते से 50,000/- रुपये निकालकर लड़के की शादी के लिए कुछ जेवरात बनाने के लिए सर्राफ दुकानदार के पास पहुंचा, तभी सर्राफ दुकानदार के पास पहले से बैठे एक व्यक्ति ने दुकानदार से खड़वा दिखाने को कहा। जिस पर सर्राफ दुकानदार ने कहा कि अभी दिखाता हूँ। जिस पर



उक्त युवक अखबरा पढ़ने लगा तथा अरविंद कुमार से कहा देखो अखबार में क्या लिखा है। जब तक अरविंद कुमार अखबार देखने लगे, तब तक उक्त युवक 50,000/- लेकर चंपत हो गया। जब अरविन्द ने अपनी जेब की तरफ देखा, तो उसके रुपये गायब थे। जिस पर दंपति ने घटना की सूचना थाना अध्यक्ष जेपी शर्मा की दी। थाना अध्यक्ष ने तुरंत ही उसकी खोज में लग गए तथा सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी खंगाले। समाचार लिखे जाने तक दंपित को युवक की पहचान करायी जा रही थी। वहीं थानाध्यक्ष ने सर्राफ दुकानदार से भी पूछताछ की।

## शीतलहर को देखते हुए डीएम ने की गोवंश आश्रय स्थलों की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गोवंश आश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि आश्रय स्थलों पर प्रॉपर रिकॉर्ड मेंटेन रखा जाए। शीतलहर के दृष्टिगत गोवंश हेतु तिरपाल, काउ कोट इत्यादि की व्यवस्था की जाए। जिससे पशुओं को सर्दी से बचाया जा सके। निरन्तर अभियान चलाकर आवारा गोवंश को पकड़ने के निर्देश दिए। गौशाला में प्रॉपर साफ-सफाई की जाये। गोपालकों से प्रतिदिन गोबर एकत्र कराया जाए, ताकि उसको बेचकर आय जनरेट की जा सके। साथ ही गोवंश के लिए दाना, भूसा आदि की भी चाक चौबंद व्यवस्था करने के निर्देश दिये। नंदी गोवंश को कटरी धर्मपुर गौशाला में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों को गौशालाओं में नस्ल सुधार का कार्य शुरू करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि इसमें लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, समस्त नोडल अधिकारी गोवंश आश्रय स्थल, सभी पशु चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

# पाक्सो एक्ट के मामले में एक पर दोष सिद्ध

- सजा के बिंन्दु पर 12 दिसंबर की तिथि नियत
- तहरीर में बताया कि मेरी 9 वर्षीय किशोरी आम के बाग में बच्चों के साथ खेल रही थी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने छेड़छाड़ व पाक्सो के मामले में अंशुल पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी मतापुर मोहम्दाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया सजा के बिंन्दु पर 12 दिसम्बर की तिथि नियत है। बीते सात वर्ष पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र की निवासी एक महिला ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरी 9 वर्षीय किशोरी आम के बाग में बच्चों के साथ खेल रही थी।

वहीं मौके पर अंशुल आया और मेरी पुत्री को मोबाइल में फिल्म दिखाने लगा और कपड़े उतारने लगा। पुत्री के चिल्लाने में अन्य लोग आ गये।

जिस पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने अंशुल को दोषी करार देते हुए सजा के बिंन्दु पर 12 दिसम्बर की तिथि नियत की है।

# डीएम की अध्यक्षता में भारत विकसित संकल्प यात्रा आयोजित

## पशुपालन विभाग एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक रहे अनुपस्थित, डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत अमेठी कोहना में भारत विकसित संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पशुपालन विभाग एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक आदि अनुपस्थित थे। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की एवं संबंधित से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए।

भारत विकसित संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा भेजी गयी एलईडी वैन के माध्यम से सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की डॉक्युमेन्ट्री एवं कृषि कार्य में प्रयोग हेतु ड्रॉन प्रदर्शन का ग्रामीणों द्वारा अवलोकन किया गया। उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारी एवं



बच्चों का अन्नप्राशन करते जिलाधिकारी

ग्रामीणों को शपथ ग्रहण करायी गयी। जिलाधिकारी एवं जिलाध्यक्ष भा0ज0पा0 द्वारा कार्यक्रम में गर्भवती महिला की गोद भराई की एवं नवजात दो शिशुओं का अन्नप्राशन कराया। संबंधित विभागों के कर्मचारियों द्वारा विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत विकसित संकल्प यात्रा में कोई भी पात्र लाभार्थी जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित ना रहे। योजनाओं से वंचित पात्र लाभार्थियों से लिये जाये आवेदन। जिलाध्यक्ष भाजपा ने कहा कि भारत विकसित संकल्प यात्रा के माध्यम से हर गावं पहुँचकर प्रत्येक पात्र व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य केन्द्र सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष/महामंत्री भाजपा, जिला विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी बढ़पुर, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग आदि के कर्मचारी एवं ग्रामीणजन आदि उपस्थित रहे।

# हत्या के मामले में युवक को हुआ आजीवन कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विनय कुमार ने हत्या के मामले में शिवराम पुत्र रामनरेश निवासी सिकन्दरपुर मिर्जापुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

बीते 25 वर्षो पूर्व थाना मिर्जापुर क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर निवासी नीरज पाठक पुत्र राममहेश ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि बीते चार वर्षो पूर्व विपिन बिहारी कायस्थ का मकान खरीदा था। उस मकान पर गोपाल जबरदस्ती कब्जा किये हुए था। मेरे पिता ने गोपाल को मकान से निकाल दिया। जिसके बाद उसके परिवार के मनीराम, शिवराम, गिरीश उर्फ पंडित, दिनेश, अशोक मेरे पिता से रंजिश मानने लगे थे। मेरे पिता व भाई घर की ओर आ रहे थे। रास्ते में उक्त लोगों ने बंदूक से मेरे पिता व भाई के गोली मार दी।

जिससे मेरे पिता की मौके पर ही मृत्यु हो गयी और मेरा भाई घायल हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के आधार पर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विनय कुमार ने शिवराम पुत्र रामनरेश निवासी सिकन्दरपुर थाना मिर्जापुर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया व साक्ष्य के अभाव से गोपाल, अशोक को दोष मुक्त कर दिया। इसी घटना में जानलेवा हमला का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है।

# मनरेगा के गिरते स्तर से डीसी एनआरएलएम खफा, लगायी सचिव, रोजगार सेवकों की क्लास

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

विकास खंड सभागार परिसर में डीसी एनआरएलएम तथा विकास खंड अधिकारी ने ग्राम सचिव, रोजगार सेवकों तथा तकनीकी सहायकों की समीक्षा बैठक ली। मनरेगा के गिरते स्तर से नाराज अधिकारियों ने मनरेगा कर्मचारियों की क्लास लगायी।

नवाबगंज विकास खंड सभागार परिसर में डीसी एनआरएलएम योगेंद्र पाठक तथा विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह ने मनरेगा की समीक्षा की। जिसमें मनरेगा समीक्षा में खराब प्रदर्शन वाली ग्राम पंचायत के रोजगार सेवकों तथा तकनीकी सहायकों की क्लास लगायी तथा समैचीपुर के मजरा अठरुइया के रोजगार सेवक सुरजन सिंह के मनरेगा में कम प्रतिशत कार्य पाए जाने पर उनको नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम पंचायत ज्योना के रोजगार सेवक सुनील कुमार, लखनपुर के रोजगार सेवक सुदेश बघेल ने ग्राम प्रधान पर मनरेगा



सचिवों, रोजगार सेवकों की बैठक लेते डीसी एनआरएलएम व बीडीओ

के कार्य में रुकावट डालकर और रोजगार सेवक के द्वारा ना कराकर ग्राम प्रधान द्वारा दबंगई करने की रोजगार सेवक ने शिकायत की। जिस पर एनआरएलएम मनरेगा ने विकास खंड अधिकारी को तत्काल प्रभाव से संबंधित के विरोध नोटिस जारी करने की बात कही। वहीं रामपुर दबीर में रोजगार सेवक विमला देवी कभी मीटिंग में ना आकर पुत्र द्वारा मनरेगा में कार्य करवाती हैं तथा पुत्र ही हर मीटिंग को ज्वाइन करता है। इस बाबत उनके पुत्र से मनरेगा के कार्यो के बारे में जानकारी ली गई, तो वह मनरेगा से संबंधित बात नहीं बता पाये। जिस पर एनआरएलएम योगेंद्र पाठक में विकास खंड अधिकारी को बताया कि संबंधित रोजगार सेवक को नोटिस जारी कर सेवा समाप्त करने की करवाई की जाए। वहीं समैचीपुर इमादपुर के रोजगार सेवक बृजलाल के द्वारा मीटिंग में फोन चलाने पर विकास खंड अधिकारी खफा हो गए और उन्होंने उनको मीटिंग में खड़ा करके खरी खोटी सुनाईं। वही वीरपुर की रोजगार सेवक अर्चना शाक्य का सही कार्य न पाए जाने पर उनको नोटिस देकर सेवा समाप्ति की बात कही तथा मेठ द्वारा कार्य करवाने के विकास खंड अधिकारी को निर्देश दिए। डीसी एनआरएलएम में 30 प्रतिशत से कम कार्य कराए जाने वाले रोजगार सेवकों को नोटिस जारी करने की बात कही। वहीं उन्होंने प्रत्येक जॉब कार्ड के परिवार से एक महिला को समूह से जोड़ने की बात कही। विकास खंड में 688 एक्टिव जॉब कार्डो तथा प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को समूह से जोड़े जाने की बात कही गई। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह, डीसी एनआरएलएम योगेंद्र पाठक, ग्राम सचिव कुलदीप राजपूत, मानवेंद्र प्रताप ,अरविंद कुमार, बृजनंदन लाल, प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, सुनील कुमार, जुबेर अहमद, मोतीलाल, आकांक्षा सक्सेना सहित सभी सचिव तकनीकी सहायक राघवेंद्र सिंह, मनोज कुमार, विनय सिंह, सुशील कौशल तथा क्षेत्र के सभी रोजगार सेवक बैठक में मौजूद रहे।

# डीएम से फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की शिकायत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अधिवक्ता ने जिलाधिकारी से फर्जी मृत्यु पत्र जारी करने की शिकायत की है। डीएम ने कार्यवाही करने का भरोसा दिया है। बुधवार को अधिवक्ता राजकुमार सिंह राठौर जनपद कन्नौज तहसील व थाना छिबरामऊ ग्राम बहवलपुर निवासी शीलकुमार हजेला पुत्र रघुनाथ दास हजेला को साथ लेकर डीएम को शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें कहा है कि उसके परबाबा स्व0 छोटेलाल थे।

स्व0 छोटेलाल के तीन पुत्र स्व0 भगवानदास, स्व0 रघुनाथ दास व स्व0 दामोदर दास थे। स्व0 भगवानदास के दो पुत्र स्व0 बालकराम व स्व0 प्रहलाद थे तथा स्व0 रघुनाथ दास के स्व0 गोपालदास व पीड़ित स्वंय शील कुमार हजेला व स्व0 रवीन्द्र कुमार हजेला थे। स्व0 दामोदर दास के पांच पुत्र स्व0 विजय कुमार हजेला, स्व0 अशोक कुमार हजेला व संत कुमार हजेला, दीपक कुमार हजेला व अजय कुमार हजेला जीवित हैं। स्व0 बालकराम जो पीड़ित के चचेरे भाई थे का एक पुत्र स्व0 ज्ञान कुमार था जो कि नगर पालिका फर्रुखाबाद में मोहर्रिर के पद पर कार्यरत था। वह मोहल्ला मनिहारी में रहता था। पीड़ित के चचेरे भाई बालकराम ने अपने जीवन काल में ही अपनी चल व अचल सम्पत्ति का वसीयतनामा पीड़ित के नाम कर दिया था, क्योंकि उनके पुत्र ज्ञानकुमार विवाह योग्य नहीं था तथा न ही उनका विवाह हुआ था। पीड़ित के चचेरे भाई बालकराम की मृत्यु के पश्चात पीड़ित उनकी चल अचल सम्पत्ति का वसीयत के आधार पर वारिस हुआ। पीड़ित के भतीजे ज्ञान कुमार की मृत्यु हुई उससे पहले ही पीड़ित के गांव में चकबंदी चल रही थी तथा चकबंदी का रिकार्ड फतेहगढ़ कार्यालय फूसबंगला में अग्निकांड होने के कारण नष्ट हो गया था। जिस कारण सम्पत्ति का दाखिल खारिज नहीं हो पाया था। पीड़ित के भतीजे ज्ञान कुमार पुत्र स्व0 बालकराम की अचल सम्पत्ति असल रिकार्ड उपलब्ध न होने के कारण अभी उसी के नाम दर्ज चली आ रही है। पीड़ित के भतीजे ज्ञान कुमार की मृत्यु 18 अगस्त 1991 को हो गयी थी।

मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु अपर जिलाधिकारी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। जिस पर अधिशाषी अधिकारी द्वारा सम्पूर्ण जांच के उपरान्त 6 मई 2023 को ज्ञान कुमार पुत्र स्व0 बालकराम निवासी हाल मनिहारी फर्रुखाबाद व स्थाई पता ग्राम बहवलपुर तहसील छिबरामऊ जनपद कन्नौज की मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गया। पीड़ित के भतीजे की मृत्यु के पश्चात बलराम सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह निवासी बहबलपुर तहसील व थाना छिबरामऊ ने गाटा संख्या 835 का बैनामा फर्जी जालसाजी कर करा लिया, लेकिन दाखिल खारिज नहीं हुआ।

इसी मध्य बलराम सिंह की मृत्यु हो गयी तथा उसका पुत्र अवधेश यादव व प्रताप सिंह यादव पुत्रगण बलराम सिंह यादव अपने पिता के फर्जी बैनामे के आधार पर यह भूमि अपने नाम दर्ज कराना चाहता है। जब इनको इस बात की जानकारी हुई कि पिता द्वारा करवाये गये विक्रय पत्र 28 दिसंबर 91 से पूर्व ही विक्रता ज्ञानकुमार की मृत्यु हो चुकी थी। तब अवधेश सिंह यथ प्रताप सिंह ने पीड़ित के विरूद्ध सिविल जज (सी0डि0) कन्नौज के न्यायालय में एक वाद प्रस्तुत किया जो कि विचाराधीन चल रहा है। जबकि उनका कोई कब्जा उपरोक्त भूमि पर नहीं है।

अवधेश सिंह व प्रताप सिंह ने मृत्यु प्रमाणपत्र में परिवर्तन के लिये प्रार्थना पत्र 13 जून 2023 को डीएम को चौ0 अवधेश सिंह के नाम से प्रस्तुत किया। जिस पर डीएम ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को स्वंय सभी तथ्यों की जांच करने का आदेश पारित किया। मृत्यु प्रमाणपत्र दिनांकित 6 मई 2023 से पूर्व भी एक मृत्यु प्रमाणपत्र 9 मार्च 1992 को जारी किया जाना बताया गया है। इस मृत्यु प्रमाणपत्र में ज्ञानेश्वर प्रसाद हजेला पुत्र बालकराम हजेला मृत्यु 7 मार्च 1992 अंकित है। 9 मार्च 1992 को जो मृत्यु प्रमाणपत्र जारी किया गया है। वो किसके प्रार्थनापत्र पर जारी किया गया है, उसका कोई रिकार्ड नगर पालिका परिषद के पास उपलब्ध नहीं है।

अवधेश सिंह यादव व प्रताप सिंह यादव शतिर किस्म के अपराधी व्यक्ति है। अवधेश सिंह के विरूद्ध लगभग दस संगीन आपराधिक मुकुदमें दर्ज है। पीड़ित ने 22 अगस्त को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। जिस पर कार्यवाही किये जाने के संदर्भ में आदेश दिया गया था कि बिना पक्षकार को सुने मृत्यु प्रमाण पत्र निरस्त करके पुनः जारी किया जाये, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# शमसाबाद में नासूर बनी अतिक्रमण व जाम की समस्या



नगर में लगे जाम का दृश्य

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।

प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के चलते शमशाबाद में डग्गामार संचालकों का बोलबाला है। आए दिन मुख्य मार्ग पर जगह-जगह अतिक्रमण तथा जाम जैसे हालात देखे जा रहे हैं।

वहीं जाम के झाम में फंसने वाले लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि शमशाबाद थाना चौराहे से अलेपुर तथा थाना चौराहे से रोशनाबाद के अलावा ढाईघाट शमशाबाद जाने वाले मार्ग पर बढ़ती वाहनों की आबादी से जगह-जगह जाम के हालात देखे जा रहे हैं। जाम की समस्याओं से जूझ रहे नगर वासियों के अनुसार सड़क का चौड़ीकरण होने के बावजूद भी नगर में जाम जैसे हालात देखे जा रहे हैं। लोगों का कहना है सड़क के दोनों तरफ फुटपाथों पर जहां एक ओर छोटे-छोटे व्यापारियों द्वारा प्रतिष्ठान सजाए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर कस्बे के व्यापारी जो अपने-अपने प्रतिष्ठानों को सजाकर सड़कों तक मिलाते हैं। वहीं सड़कों पर आने जाने वाले लोगों को अतिक्रमण तथा जाम के हालातों से गुजरना पड़ रहा है। थाना चौराहे के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय यहां ई-रिक्शा चालकों के वाहनों का जमाबाड़ा देखा जा रहा है। सबसे बड़ी बात है यहां जो सार्वजनिक शौचालय है वह आम यात्री की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बनाया गया, लेकिन इस शौचालय के आसपास ई-रिक्शा चालकों तथा अराजकतत्वों का जमावड़ा देखा जा रहा है। जिसके चलते महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहीं से आगे गुजरने वाला मुख्य मार्ग जो पीएनबी चौराहे से शमशाबाद बाजार तथा गंगा रोड चौराहा होते हुए ढाईघाट की ओर जाता है। इस मार्ग पर भी छोटे-बड़े वाहनों का जमाबड़ा देखा जा रहा है। सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ पर अतिक्रमण देखा जा रहा है। मंगलवार को उस वक्त मुख्य मार्ग पर जाम जैसे हालात हो गए जब गन्ने से भरे कुछ ट्रैक्टर ट्राला गुजर रहे थे। शमशाबाद नगर में आए दिन जाम के हालातों को देखते हुए समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों, नगर पंचायत शमशाबाद तथा शमशाबाद थाना पुलिस एवं जनपद के उच्च अधिकारियों को शिकायतें कीं, लेकिन कोई हल नहीं निकला। नगरवासियों ने एक बार फिर नगर पंचायत शमशाबाद तथा शमशाबाद थाना पुलिस से अतिक्रमण, जाम जैसे हालातों से निजात दिलाये जाने की मांग की है।

कार्यक्रम

## मुख्य अतिथि जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने जनता को किया संबोधित

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- योजना का उद्देश्य गरीबों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बुधवार को बढ़पुर विकास खंड के ग्राम बाग लकूला में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंची। जहां पर कार्यक्रम से संबंधित अधिकारियों ने जन समस्याओं का निराकरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने उपस्थित जनता को संबोधित किया एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला




कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते जिला संगठन प्रभारी शिवमहेश दुबे

संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा के इस अभियान में गरीब का कल्याण करना मुख्य उद्देश्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। ग्राम स्तर पर कोई भी व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे इसके लिए सरकार और संगठन के प्रयास से प्रत्येक जनता तक पहुंचाने की व्यवस्था इस अभियान के माध्यम से हुई है।

आम जनमानस तक पहुंचकर सरकारी योजनाएं जिसमें उज्जवला योजना, किसान बीमा योजना, हर घर नल योजना, सौभाग्य योजना, आयुष्मान कार्ड योजना जैसी विभिन्न योजनाओं का लाभ वंचित लाभार्थी को पहुंचाया जा रहा है। कोई भी लाभार्थी वंचित न रह सके इसके लिए नीचे तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित करने का संकल्प लिया है। भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा केंद्र व राज्य सरकार गरीबों के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। जब देश के आम जनमानस का विकास होगा तभी भारत विकसित होगा।

सरकार के प्रयासों से देश की आधी आबादी को सशक्त करने का कार्य किया जा रहा है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं सरकार द्वारा संचालित की जा रही है। 2027 तक भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में शुमार करने के लिए निरंतर प्रयास जारी है।

26 जनवरी 2024 तक यह कार्यक्रम जारी रहेगा। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी श्याम तिवारी, खंड विकास अधिकारी बलराम सिंह, जिला महामंत्री डीएस राठौर, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी आदि मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण सिंह ने किया।

# बाबा साहब को दी गयी श्रद्धांजलि

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्रायें

कस्बा के एक इंटर कालेज में बाबा साहब भीमराव अम्बेडक का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार यादव समेत कई शिक्षकों ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर प्रधानाचार्य ने मौजूद ने मौजूद छात्राओं को बताया कि डॉ0 भीम राव अम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को महू छावनी में एक निम्न जाति के महार परिवार में हुआ था। उन्होंने संविधान की रचना की। उनका जीवन संघर्षों से भरा था, क्योंकि जाति व्यवस्था से निपटने के उनके कट्टरपंथी प्रस्तावों को उच्च जातियों से खुली शत्रुता का सामना करना पड़ा। महान डॉक्टर ने न केवल अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए सभी संस्थागत और सामाजिक बाधाओं के खिलाफ लड़ाई लड़ी, बल्कि 1917 में कोलंबिया विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में शानदार ढंग से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। डॉ0 अम्बेडकर जो शायद भारत के सबसे कट्टरपंथी विचारक थे, ने ब्रिटिश उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष में दलितों को उनकी स्थिति के बारे में राजनीतिक रूप से जागरूक करके सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य को बदल दिया। अम्बेडकर ने दलितों के लिए एक प्रसिद्ध बात कही थी जिसका आज भी बहुत महत्व है शिक्षित हो, आंदोलन करो और संगठित हो। स्पष्ट रूप से उन्होंने शिक्षा पर बहुत जोर दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्रायें मौजूद रहीं।

# दहेज हत्या में सास को हुआ सात वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दहेज हत्या के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित के न्यायाधीश ने दोषी करार देते हुए सास मधु वर्मा को सात वर्ष का कारावास व अर्थदंड से दंडित किया। वर्ष 2016 में दिनेश वर्मा निवासी अग्रवाल नई बस्ती करहल रोड मैनपुरी ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि पुत्री प्रिया की शादी वर्ष 25 दिसम्बर 2015 को गुरुगांव देवी मंदिर में कन्हैया लाल वर्मा पुत्र धनश्याम वर्मा निवासी विशम्भर दयाल धर्मशाला के सामने नुनहाई से की थी। ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में एक बाइक व पचास हजार रुपये की नगदी की मांग करने लगे। मना करने पर ससुरालीजन पुत्री का उत्पीड़न करने लगे। 12 अगस्त 2016 को कन्हैया का फोन आया और उपरोक्त नीरज वर्मा व मोहिनी वर्मा, कन्हैया, मधु ने कहा कि सुबह तक बाइक व पचास हजार रुपये की नगदी लेकर आओ नहीं तो प्रिया को जलाकर मार डालेगे। पुत्री से शाम 6:30 बजे फोन पर बात हुई थी। 13 अगस्त को अज्ञात फोन से सूचना मिली कि तुम्हारी लड़की को जला दिया गया है। जब मैं पुत्री की ससुराल पहुंचा तो वह वहां मौजूद नहीं थी। लोहिया पहुंचने को कहा गया। पुत्री की मौत हो गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित के न्यायाधीश ने दोषी करार देते हुए सास मधु वर्मा को सात वर्ष का कारावास व अर्थदंड से दंडित किया।

# बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर भाजपा नेताओं ने अर्पित की पुष्पांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपा नेता

बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 68वें परिनिर्वाण दिवस पर भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में अंबेडकर मूर्ति तिराहा फतेहगढ़ पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सभी ने एक साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर संविधान के रचयिता थे।

उनके द्वारा बनाये गये संविधान से देश चल रहा है। हम उनके परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें नमन करते है। जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि बाबा साहब के बताये हुए मार्ग पर चले। फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष रामवीर चौहान ने विचार रखे। इस मौके पर शिवम दुबे, सुनील गुप्ता, राजेन्द्र दिवाकर, हरीश दिवाकर, विनीत गुप्ता, रामभरोसे चक, आसिफ मंसूरी, कृष्ण मुरारी राजपूत आदि भाजपा नेता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# एमएससी की बैठक में बाबा साहब को किया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


भीमरॉव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक

प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में एसएमसी बैठक में डॉ. भीमराव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्कूल प्रबंधन समिति ने भारत रत्न डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया।

डायट से एनएटी परीक्षा लेने आए डीएलएड प्रशिक्षणार्थी अमन सक्सेना एवं विलाल खां अफरीदी ने अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने और उनका कक्षा कार्य और गृह कार्य जरुर चेक करने की बात कही। जिससे बच्चों में पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी। योगेन्द्र कुमार ने अभिभावकों से डीबीटी की धनराशि बच्चों के मद में खर्च करने का अनुरोध किया। आकाश पाल ने बच्चों की डीबीटी योजना में धनराशि न मिलने की समस्याओं का समाधान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या अभिभावक बच्चों को निपुण परीक्षा में शामिल कराने के लिए साथ लेकर आये। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि शीघ्र ही निपुण स्कूल घोषित हो जायेगा। सभी अभिभावक हर महीने बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल हों।

# बाबा साहब अंबेडकर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे: डॉ. शालिनी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


संगोष्ठी को सम्बोधित करती प्राचार्या डॉ. शालिनी

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में डॉ. भीमरॉव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि सभा एवं भाषण व्याख्यान का आयोजन हुआ। प्राचार्या डॉ. शालिनी के संरक्षण में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक परिषद प्रभारी डॉ. सुन्दर लाल के निर्देशन में बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि सभा आयोजित कर भाषण एवं व्याख्यान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में छात्र आदित्य रंजन शाक्य ने बाबा साहब पर अपने विचार रखें साथ ही छात्रा शिखा ने कविता के माध्यम से अपने भाव बाबा साहब के प्रति व्यक्त किए। प्राचार्या डॉ0 शालिनी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे, वह अर्थशास्त्री, राजनीतिक और समाज सुधारक तो थे ही, साथ ही भारतीय संविधान के रचयिता होने के कारण उन्हें भारतीय संविधान का पिता भी कहा जाता है। उनकी विद्वत्ता की वजह से ही उन्हें नॉलेज ऑफसिंबल से भी पहचाना जाता हैं। बाबा साहब का निधन 6 दिसंबर 1956 को दिल्ली स्थित उनके निवास स्थान पर हुआ था। आज के दिन उनको याद करते हुए उनकी पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। हम सबको मिलकर उनके संघर्ष से शिक्षा लेनी चाहिए और उनके द्वारा सुझाए गए मार्ग पर चले। मुख्य अतिथि प्रो0 अनुपम अवस्थी ने सभी छात्र-छात्राओं को बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने समाज में बहुत ही असमानताओं एवं कुरीतियों का सामना किया, किंतु अब समय आ गया है कि उनके द्वारा सुझाए गए मार्ग पर चल कर ही हम विश्व गुरु बनने का स्वप्न देख सकते हैं। अतः हम सबको उनके विचारों एवं सिद्धांतों का पालन करना चाहिए। डॉ0 सुन्दर लाल ने सभी आगंतुकों और छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब एक राष्ट्रवादी विचारधारा के महापुरुष थे। उन्होंने इस देश की प्रगति के लिए अथक प्रयास किए। अतः हम सबको बाबा साहेब द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतो और मूल्यों पर चलने के लिए संकल्प लेना होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित छात्र सूर्यकांत, बबली, अमृता, गौरी, काजल, शिखा, प्रियांशी, अनामिका, पूजा, शिवानी, राज, अभिषेक, विनय, अभिषेक वर्मा, भूलनदेवी, कामिनी, राजेश, सुरेश, किशन पाल आदि उपस्थित रहे।

# 23 दिसम्बर को गीता संदेश मानव श्रंखला का होगा आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रीमद्भगवत गीता जयंती आयोजन समिति की बैठक जिला संयोजक जितेन्द्र सिंह के विकास नगर बढ़पुर स्थित कार्यालय पर प्रोफेसर मुकेश राठौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में गीता जयंती के उपलक्ष में आगामी 23 दिसंबर को आयोजित होने वाली गीता संदेश मानव श्रृंखला के निर्माण हेतु महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई।

चर्चा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रत्येक खंड स्तर पर खंड संयोजक मनोनीत किए जाएंगे। जिनके माध्यम से शैक्षणिक, सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक संस्थाओं से संपर्क स्थापित करते हुए बृहद मानव श्रृंखला निर्माण हेतु प्रयास किया जाएगा।

गीता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मानव श्रृंखला का निर्माण किया जा रहा है। इससे पूर्व गीता श्लोक वाचन, भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता आदि का आयोजन भी विद्यालय स्तर पर समिति करेगी। बैठक के दौरान संयोजक जितेन्द्र सिंह, अनिल सिंह प्रधानाचार्य, डॉ0 संदीप चतुर्वेदी, प्रो0 मुकेश राठौर, डॉ0 प्रभात अवस्थी, अनिल प्रताप सिंह, सुरेन्द्र पाण्डेय, डॉ0 अनिल कुमार मिश्रा, रितेश शुक्ला, राम तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## सपाई आज डीएम को सौंपेगें ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सात दिसम्बर प्रातः 11 बजे सौंपेंगे। यह जानकारी सपा नेता खुर्शीद अहमद ने दी है।

# खबरें एक नजर में

## मोहन लाल शुक्ला इं.का. हुई प्रतियोगिता


दौड़ प्रतियोगिता का शुभारम्भ कराते प्रधानाचार्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोहन लाल शुक्ला विद्यालय इंटर कालेज में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रधानाचार्य डॉ. संदीप चतुर्वेदी ने फीता काटकर हरी झण्डी दिखाकर शुरु किया। सीनियर बालक वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में हिमांशु प्रथम, जूनियर बालक वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में बॉबी दिवाकर प्रथम, जूनियर वर्ग बालिका वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में चांदनी प्रथम स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट सीनियर वर्ग प्रतियोगिता में हिमांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य संदीप चतुर्वेदी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में शिक्षक चन्द्रपाल, सतेन्द्र सिंह, दिनेश चन्द्र, कृष्ण मोहन, संदीप कुमार आदि ने सहयोग किया। लेखा विभाग के विवेक कुमार मिश्रा, प्रवक्ता संतोष कुमार सरोज ने जिम्मेदारी निभाई।

## आईसेक्ट द्वारा 37 प्रशिक्षार्थियों को दी गई बर्दी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आईसेक्ट द्वारा संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण द्वारा 3 माह का प्रशिक्षण ले रहे बैच संख्या 231003415907 के 19 एवं 231003415908 के 18 छात्र छात्राओं को बर्दी वितरित की गई। आइसेक्ट के जिला प्रबंधक सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि बुधवार को रिटेल सेल्स एसोसिएट कोर्स में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को 2 सैट बर्दी वितरित की गई। उन्होंने ने कहा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के द्वारा छात्र हुनरमंद हो रहे है। योजना का उद्देश्य युवाओं को विभिन्न कार्यों में सक्षम बना कर देश में रोजगार लाना है। हर युवा रोजगार करेगा तो वह खुद तो आगे बढ़ेगा। साथ में देश को भी विकसित करने में सहयोगी होगा। उन्होंने ने बताया कि नए बैच के लिए भी पंजीकरण प्रारंभ हो चुके है जो छात्र प्रतिभाग करना चाहते है। शीघ्र संस्थान में जाकर अपने डॉक्यूमेंट्स जमा कर सकते है। इस अवसर पर एमआईएस मैनेजर आशीष कुमार, पूर्णिमा दीक्षित, करुणेश आदि लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने मंसूर नगर में छापा मारकर पकड़ी कच्ची शराब

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर अपराध एव अपराधियों व कच्ची शराव के विरुद्ध चलाये जारहे अभियान के क्रम में कायमगंज नवान्तुक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम औतार, अवकारी कांस्टेबिल सिन्धु सिंह, कास्टेबिल नवनीत, महिला कास्टेबिल ममता सहित पुलिस बल के साथ क्षेत्र के ग्राम मन्सूर नगर मे छापेमारी कर 80 लीटर लहन नष्ट किया। जिससे शराव कारोबारियों में हड़कम्प मच गया। वही प्रभारी निरीक्षक राम औतार ने कहा कच्ची शराब बेचने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेग। किसी भी हालत में नहीं बख्शा जायेगा।

# बाबा साहब न्यायविद, अर्थशास्त्री व समाज सुधारक थे: गिरिजा शंकर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करते प्रधानाचार्य व शिक्षक

म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर के 68वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रधानाचार्य ले0 गिरिजा शंकर ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये। विद्यालय के शिक्षकों ने भी बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। शिक्षकों प्रधानाचार्य द्वारा बाबा साहब डॉ. बीआर अम्बेडकर के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए सभी छात्रों को संबोधित करते हुए बताया गया कि बाबा साहब ने अपने संपूर्ण जीवन में संघर्ष किया है। उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर ने बताया गया कि भारतीय संविधान के जनक डॉ0 बीआर अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस या पुण्य तिथि 6 दिसंबर को मनाई जाती है। वह एक भारतीय न्यायविद, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनीतिक व्यक्ति थे, जिन्होंने सेवा की। समिति के अध्यक्ष के रूप में जिसने संविधान सभा में चर्चा से भारत के संविधान का मसौदा तैयार किया। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू की पहली कैबिनेट में कानून और न्याय मंत्री का पद भी संभाला। उनका 6 दिसंबर 1956 को उनका निधन हो गया था। भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न 1990 में बाबासाहेब अम्बेडकर को मरणोपरांत दिया गया था। प्रतियोगिता में चयनित छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक अशोक कुमार कठेरिया ने संचालन किया। डॉ0 दिनेश चंद्रा, प्रदीप कुमार जायसवाल, विश्व प्रकाश, अरविंद कुमार, रामेश्वर दयाल तथा छात्रों ने बाबा साहब के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मयंक रस्तोगी, निशीत सक्सेना, प्रबल प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रचार वाहन से किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


प्रचार वाहन के साथ रामवीर चौहान व शिवम दुबे आदि

बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा आवास विकास पहुंची। भाजपा के फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष रामवीर चौहान व महामंत्री शिवम दुबे ने प्रचार वाहन के साथ सरकार की योजनाओं के बारे में आम जनमानस को जागरूक कर उनकी समस्याओ को सुना।

नागरिको को कलेंडर वितरित कर केंद्र सरकार की विकास की योजनायें बतायी गई। प्रचार वाहन में लगी एलईडी के माध्यम से आवास विकास तिराहे पर आम जन मानस को केंद्र सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया। शिवम दुबे ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार अंत्योदय की प्रेरणा से समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को लेकर जा रही है, यही तो है अच्छे दिन। इस दौरान भाजपा नेता दिनेश कुमार, अश्नील दिवाकर, मयंक कुमार, संजय मिश्रा, कल्लू बाथम आदि लोग मौजूद रहे।

# तृतीय सोपान शिविर में छात्र-छात्राओं ने सीखा गांठ बंधन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


प्रशिक्षण प्राप्त करते छात्र

तृतीय सोपान शिविर के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं को गांठ बंधन व झण्डा को कैसे खोलते एवं कैसे बांधते आदि को सिखाया गया। डीपीबीपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तृतीय सोपान के द्वितीय दिवस पर वीपी सिक्स व्याख्यान के साथ शुरुआत हुई। गाइड पूर्ण मनो योग्य से वीपी सिक्स के वैज्ञानिक माध्यम से व्यायाम किया तथा उसके महत्व को समझा। द्वितीय सोपान की परीक्षा छात्र-छात्राओं के बीच सम्पन्न हुई। साथ ही झण्डा सेरेमनी की प्रशिक्षण में जानकारी दी गई। दोपहर बाद प्राथमिक चिकित्सा एवं विभिन्न प्रकार की पट्टिया किस प्रकार बांधी जाती है उसका प्रशिक्षण दिया गया। साधरण पट्टी, तिकोना पट्टी के अलावा विभिन्न विधाओं में अच्छी तरह से प्राथमिक चिकित्सा को सिखाया गया। लीडर ऑफ कोर्स चमन शुक्ला, लीडर ट्रेनर गाइड आदेश गंगवार, लीडर ऑफ कोर्स स्काउट योगेश कुमार, काउंसर गाइड इन्द्रा राठौर, कुसुम लता, निहारिका सिंह, अमन मनीला, काउंसल स्काउट पुष्पेन्द्र शर्मा, गजेन्द्र सिंह ने प्रशिक्षण दिया। सहायक सचिव डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ने लगातार निरीक्षण कर उनके कुशल प्रशिक्षण को सम्पन्न कराया।

# सपाइयों ने परिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब को किया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर मौजूद सपा नेता

भारत के संविधान रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पार्टी के नेताओं एवं पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बाबा साहब अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला गया। रमेश चंद्र कठेरिया ने बाबा साहब के जीवन एवं उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला। जिला उपाध्यक्ष जहान सिंह लोधी ने बाबा साहब की एक-एक उपलब्धियां को गिनाया व बताया कि किस प्रकार से बाबा साहब ने बाबा साहब ने दलित समाज के होने के बावजूद संघर्ष कर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने कहा की बाबा साहब ने ही हर समाज को एक स्तर पर लाकर सभी को सामान वोट देने का अधिकार दिया। आज देश 70 साल पूर्ण होने के बावजूद अभी भी भेदभाव के जाल में फंसा हुआ है। जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने कहा कि आज जो दलित और पिछड़ा समाज आगे आकर समाज की मुख्य धारा में अपना योगदान दे रहा है, यह दूरगामी सोच बाबा साहब अंबेडकर की ही थी। जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सभा देवेंद्र यादव ने कहा कि हमें बाबा साहब की नीतियों का अनुसरण कर हर समाज को बराबरी का सम्मान देना चाहिए। इस अवसर पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी, चांद खान, जितेंद्र यादव सिरौली वाले, शिव शंकर शर्मा, रफी अंसारी, निजाम अंसारी, समीर मिर्जा, विनीत परमार, करण सिंह, चंद्रेश राजपूत, पूजा कठेरिया, मुख्तार आलम, नंद किशोर दुबे, अजय यादव, कृष्ण गोपाल राजपूत, राजनेश कुमार राजपूत, विकास राठौर, अमन वर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने किया।

# बाबा साहब को कई संगठनों ने अर्पित की पुष्पांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते विजय भास्कर व राहुल वर्मा

बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 68वें परिनिर्वाण दिवस पर ग्राम पंचायत चांदपुर में डॉ. बाबा साहब अंबेडकर स्मारक समिति चांदपुर द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बाबा के द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया।

शिवकुमार भास्कर, जयपाल बाबू, जगपाल, ज्ञान सिंह सुमन, धनीराम बौद्ध, नाथू लाल, विजय बहादुर बौद्ध, राजेश नागर, ओमकार सिंह, राहुल भास्कर, मंजू भास्कर, पीयूष भास्कर, प्रदीप कुमार, आयुष भास्कर, बसपा के जिला प्रभारी विजय भास्कर आदि ने परिनिर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं खानपुर स्थित भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर को उनके 68वें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई। खानपुर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। राहुल वर्मा ने कहा है कि बाबासाहेब का निधन 06 दिसबंर 1956 में हुआ था। उनके निधन के बाद से नेताओं ने, विशेष रूप से दलित पृष्ठभूमि वाले लोगों ने, अनुसूचित जातियों, एक प्रभावशाली मतदान समूह और अन्य कमजोर वर्गों को शिक्षा, संवैधानिक आंदोलन और उनके लिए एकीकरण के लिए आंबेडकर के प्रयासों के इर्द-गिर्द एकजुट किया है। इस मौके पर संस्थापक राहुल वर्मा, नितिन गुप्ता, अमित प्रकाश, वैभव सक्सेना, सुमित कुमार, विकास कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।

**आयोजन** प्रधानाचार्या ने बाबा साहब के जीवन एवं कृतित्व पर डाला प्रकाश

# बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर भाषण, प्रतियोगिता का आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर माल्यार्पण करती प्रधानाचार्य मौजूद शिक्षिकायें व छात्रायें

▸ शिक्षिका अंजली ने बाबा साहब के संविधान पर व्याख्यान प्रस्तुत किया

मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 68वें परिनिर्वाण दिवस पर विचार संगोष्ठी का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के सिद्धांतों एवं मूल्यों की आज जरुरत है। उनके द्वारा बनाये गये संविधान को हम सब मानते है। उन्होंने कानून मंत्री रहते देश में आयाम स्थापित किया। बाबा साहब एक अर्थशास्त्री व कानून के ज्ञाता एवं राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने संविधान का निर्माण कर कानून स्थापित किया। आज उनके द्वारा बताये गये मार्ग पर चलने की जरुरत है।

कार्यक्रम का संचालन दर्शना शुक्ला ने किया और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे डीसी मुनेन्द्र मिश्रा, एमआईसी के प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे याद किया। विद्यालय में अंजली व समीक्षा के सहयोग से भाषण, क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शिक्षिकाओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। शिक्षिका अंजली ने बाबा साहब के संविधान पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस मौके पर दर्शना आर्य, सुनीता पाण्डेय ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सभी बच्चों ने बाबा साहब अमर रहे के नारे लगाये। इस मौके पर छात्रा दिव्यांशी कुशवाहा ने बाबा साहब का अद्भुत चित्र बनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिकायें व कर्मचारी मौजूद रहे।

# उत्तराखंड में पहाड़ों पर बदला मौसम ऊपरी इलाकों में हुई जमकर बर्फबारी

एजेंसी



**बागेश्वर।** उत्तराखंड में मौसम बदल गया है। राज्य के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का दौर जारी है। केदारनाथ, बदरीनाथ में बर्फबारी के चलते पहाड़ों पर सफेद चादर बिछ गई है। पहाड़ियां चांदी सी चमक रही हैं। केदारनाथ धाम में तो 1 फीट तक बर्फ जम गई है, जिसके कारण वहां चल रहे निर्माण कार्य को रोकना पड़ा है। इतना ही नहीं केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में रात का तापमान माइनस 8 तक पहुंच गया है, जिसके कारण वहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इसके अलावा उच्च पहाड़ी इलाकों में भी बर्फबारी का दौर जारी है। बागेश्वर जिले में भी बर्फबारी हो रही है। बागेश्वर जिले के कपकोट तहसील के पिंडर घाटी में ऊंचाई वाले स्थानों में बर्फबारी हुई है। बागेश्वर के चिल्ठा चॉप की चोटियां बर्फ से ढक गई हैं।

राज्य में तापमान तेजी से गिरता जा रहा है, मैदानी इलाकों में भी तापमान कम होने लगा है। बारिश के साथ ही हिमपात से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड से बचने के लिए लोगों ने गर्म कपड़े पहनने शुरू कर दिए हैं। साथ ही हीटर और अलाव का भी उपयोग कर रहे हैं। मंगलवार को मौसम विभाग ने पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का अलर्ट जारी किया था। जिसके बाद मंगलवार शाम को आसमान में बादल छाए और रात में सभी क्षेत्रों में बारिश हुई।

कपकोट तहसील में तीन हजार मीटर की उंचाई पर चिल्ठा मंदिर के साथ ही जातोली, बैलुनी बुग्याल, फुरकिया और पिंडारी जीरो प्वाइंट में हिमपात हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि निचले इलाकों में हल्की बारिश हुई है, लेकिन उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। चिल्ठा टॉप बर्फ से पूरी तरह ढंक गया है। यहां स्थित मंदिर परिसर भी बर्फ के आगोश में डूब गया है।

जिला आपदा अधिकारी शिखा सुयाल ने कहा कि मौसम विभाग ने पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी। तहसील कपकोट के उच्च हिमालयी गांवों में बर्फबारी होने के समाचार मिले हैं। उन्होंने बताया कि मौसम को देखते हुए सभी विभागों को अलर्ट पर रखा गया है। खाद्य पूर्ति की व्यवस्था वहां पहले ही की जा चुकी है। बर्फबारी अधिक हुई तो सड़कों को खोलने के लिए जेसीबी मशीनें भी तैनात की जाएंगी।

# महासचिव पद से हटाने को चुनौती देने वाली शशिकला की याचिका खारिज

एजेंसी



**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की करीबी सहयोगी सुश्री वी.के. शशिकला की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने अन्नाद्रमुक के अंतरिम महासचिव पद से हटाए जाने को चुनौती दी थी।

सुश्री जयललिता के 75 दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद पांच दिसंबर 2016 को उनकी मृत्यु के बाद सुश्री शशिकला को पार्टी के अंतरिम महासचिव के रूप में चुना गया था और उन्होंने 2017 के नए साल की पूर्व संध्या पर यह पद संभाला था। इसके बाद राज्य में सत्ता संघर्ष शुरू हो गया और अन्नाद्रमुक दो गुटों में विभाजित हो गई। ओ.पन्नीरसेल्वम की जगह मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद एडप्पादी के.पलानीस्वामी के नेतृत्व में फरवरी 2017 में सुश्री शशिकला खिलाफ विद्रोह हुआ। सुश्री शशिकला को अंतरिम महासचिव के रूप में चुने जाने और विभाजन के बाद श्री पलानीस्वामी को मुख्यमंत्री बनाया गया था। जब श्री पन्नीरसेल्वम ने आरोप लगाया था कि उन्हें विद्रोह के लिए इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। श्री पलानीस्वामी के मुख्यमंत्री बनने के एक सप्ताह बाद ही सुश्री शशिकला को भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी ठहराया गया और चार साल की जेल की सजा सुनाई गई। इस बीच अन्नाद्रमुक के दोनों विरोधी गुटों ने अपने मनमुटाव को दबा दिया और श्री पन्नीरसेल्वम की विलय की प्रमुख मांग (सुश्री शशिकला को पार्टी पद से हटा दिया जाना चाहिए) पर सहमति जताते हुए पलानीस्वामी खेमे में विलय कर लिया।

## खबरें एक नजर में

### लीगलएज करा रहा क्लैट की वन टू वन काउंसलिंग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लीगलएज बाय टॉपरैंकर्स, लखनऊ केंद्र के प्रमुख जतिंदर वोहरा ने कहा। यह वन टू वन सत्र इच्छुक कानून अभ्यर्थियों को क्लैट 2024 परीक्षा के बाद उनके विकल्पों और रास्तों के बारे में मार्गदर्शन करेगा। कानून के क्षेत्र में प्रतिष्ठित वक्ताओं और अनुभवी पेशेवरों की उपस्थिति में, यह कार्यक्रम उपलब्ध विभिन्न कैरियर अवसरों, आगे की पढ़ाई के लिए रणनीतियों और क्लैट के बाद की यात्रा के लिए व्यावहारिक सलाह में अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा। क्लैट 2024, इसके संशोधित पैटर्न के बावजूद, आश्चर्यजनक रूप से 120 प्रश्नों के साथ अपेक्षाकृत अद्यतन अनुभागों में साहित्य-आधारित अंग्रेजी, मार्ग-केंद्रित जीके और प्रबंधनीय कानूनी तर्क के साथ-साथ आसान-से-मध्यम अनुभाग शामिल रहे जैसे क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड और लॉजिकल रीजनिंग ने छात्रों के लिए अनुकूल स्कोर प्राप्त करने के उच्च अवसर प्रदान किए। इच्छुक कानून छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों को क्लैट के बाद के परिदृश्य को समझने और पिछले वर्ष के परीक्षा रुझानों की समीक्षा करने के लिए मार्गदर्शन करने हेतु आज 11 दिसंबर 2023 को शाम 4 बजे क्लैट 2024 के बाद क्या होगा शीर्षक से एक-पर-एक परामर्श सत्र आयोजित करेंगे। इसके लिए छात्र हमारा लीगलएज लखनऊ केंद्र, हजरतगंज,लखनऊ में आ सकते है या 9109108427 / 9109108172 पर कॉल करें।

### आसान से मध्यम रही क्लैट 2024 परीक्षा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** क्लैट 2024 में 120 प्रश्नों के साथ एक अद्यतन परीक्षा पैटर्न था और संशोधित पेपर पैटर्न ने अनिश्चितता के बादल पैदा कर दिए थे, हालांकि, सभी की उम्मीदों के विपरीत क्लैट 2024 का पेपर आसान से मध्यम था। 105 से अधिक प्रयासों की एक अच्छी संख्या है और शीर्ष 3 राष्ट्रीय लॉ स्कूलों के लिए 90 से अधिक एक अच्छा स्कोर है। अनुभागीय विश्लेषण की बात करें तो अंग्रेज़ी अनुभाग आसान था। प्रश्न साहित्य-आधारित और मुद्दे से संबंधित थे और इन्हें समाप्त करके हल किया जा सकता था। कोई शब्दावली प्रश्न नहीं थे। सामान्य ज्ञान सेक्शन आसान था और अधिकांश प्रश्न पेसेज पर आधारित थे। कुछ प्रश्न क्यों पर थे और विश्व के मामलों और राजनीतिक घटनाओं पर प्रश्न थे जैसे जी 20, गाजा स्ट्रिप, इसरो, और जलियांवाला बाग। मात्रात्मक योग्यता अनुभाग आसान से मध्यम था और इसमें बुनियादी मामले थे। जनसंख्या सर्वेक्षण पर आधारित प्रश्न अपेक्षाकृत लंबे थे। अनुपात और समानुपात के बारे में प्रश्न थे। कानूनी तर्क अनुभाग की बात करें तो किशोर न्याय अधिनियम, शून्य और अमान्यकरणीय विवाह, व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक आदि पर छोटे अनुच्छेदों के साथ अनुभाग आसान था। एक प्रश्न केस आधारित था और अनुभाग में ज्यादातर वर्तमान कानूनी ज्ञान पर प्रश्न थे।

### अनैतिक गतिविधि रोकने को पुलिस व ओयो ने चलाया अभियान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पुलिस विभाग ने ओयो के साथ साझेदारी में मानव तस्करी के साथ ही अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ अपनी जंग में एक विशेष अभियान की शुरुआत की है। इस पहल के रूप में, पुलिस उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी, जो ओयो के ब्रैंड का अवैध रूप से उपयोग कर रहे हैं। ओयो ब्रैंड अपने मेहमानों के लिए सुरक्षित प्रवास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यही वजह है कि कंपनी ने इन लखनऊ के होटलों में अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ जंग के लिए पुलिस के साथ साझेदारी में एक सेमिनार का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना, हितधारकों को शिक्षित करना और इसके सहयोग के अनुरूप दृष्टिकोण को बढ़ावा देना रहा। इस सेमिनार में शहर के शीर्ष पुलिस अधिकारियों सहित 50 से अधिक ओयो होटल संचालकों की भागीदारी दर्ज की गई। यह पहल अपने पार्टनर होटल्स में किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधि के खिलाफ ओयो की जीरो टॉलरेंस नीति पर प्रकाश डालती है। उपेन्द्र कुमार अग्रवाल, संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था, लखनऊ, सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राजीव डोगरा, वाइस प्रेसिडेंट और रीजनल हेड, उत्तर और पूर्व, ओयो, ने कहा, लखनऊ में ओयो के 250 से अधिक होटल हैं और इस संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

### भाजपा अध्यक्ष ने की केन्या के राष्ट्रपति से मुलाकात

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज यहां केन्या की सत्तारूढ़ पार्टी यूनाइटेड डेमोक्रेटिक अलायंस (यूडीए) के नेता और वर्तमान में देश के राष्ट्रपति विलियम एस रूतो से मुलाकात की। भाजपा ने यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि श्री नड्डा ने मेहमान राष्ट्रपति को भाजपा के दृष्टिकोण और संगठनात्मक ढांचे के बारे में जानकारी दी जिसमें आर्थिक रूप से वंचितों, महिलाओं और समाज में हाशिए पर रहने वाले समूहों के उत्थान तथा इसके लिए सामाजिक समावेशन में उनके प्रयासों पर प्रकाश डाला गया।

# हॉकी महिला जूनियर विश्व कप में भारत ने न्यूजीलैंड को हराया

एजेंसी

**सैंटियागो।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के अपने चौथे मुकाबला 3-3 से बराबरी पर समाप्त होने के बाद हुए पेनल्टी शूट आउट में न्यूजीलैंड को 3-2 से हरा दिया। भारत की ओर से निर्धारित 60 मिनट में रोपनी कुमारी ने आठवें मिनट में, ज्योति छत्री ने 17वें मिनट, और सुनेलिता टोप्पो ने 53वें मिनट में एक-एक गोल किया। यूजीलैंड की ओर से इसाबेला स्टोरी ने 11वें, मेडलिन हैरिस ने 14वें और रियाना फो ने 49 वे मिनट में गोल किए।

मुकाबला 3-3 की बराबरी से छूटने पर पेनल्टी शूटआउट में साक्षी राणा और प्रीति भारत के लिए मौके भुनाने में सफल रहीं, जबकि मुमताज खान ने सडन डेथ में गोल किया। दूसरी ओर न्यूजीलैंड की हन्ना कॉटर और रियाना फो ही गोल कर सकी। पहले क्वार्टर में रोपनी कुमारी ने आठवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारत को बढ़त दिलाई। हालाँकि उसके बाद न्यूजीलैंड की इसाबेला स्टोरी ने 11 वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर गोल से स्कोर बराबर कर दिया। मैडलिन हैरिस ने 14 मिनट में मैदानी गोल कर न्यूजीलैंड को आगे कर दिया। भारत ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक रुख अपनाया और ज्योति छत्री ने 17 वें मिनट में गोल कर मुकाबले को फिर से बराबरी पर ला दिया। न्यूजीलैंड चौथे क्वार्टर की शुरुआत में पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाते हुए रिआना फो ने 49वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। अंततः इंजेक्टर सुनलिता टोप्पो ने 53वें मिनट में किए गये गोल से मुकाबला 3-3 से बराबरी पर समाप्त हुआ। पेनल्टी शूटआउट में भारत अपने शुरुआती दो शॉट्स को गोल में बदलने में विफल रहा लेकिन टीम की गोलकीपर माधुरी किंडो ने लगातार चार शानदार बचाव किए जिससे उनकी टीम को वापसी करने और पेनल्टी शूट आउट में सडन डेथ में 3-2 से जीत दर्ज करने में मदद मिली।

## कोयले का उत्पादन एक अरब टन होने का अनुमान : प्रह्लाद जोशी

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि देश में कोयले का उत्पादन करीब एक अरब टन होने की संभावना है और आने वाले समय में कोयले का आयात बंद किया जाएगा। केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि पहले देश में 54 करोड़ टन से लेकर 56.50 करोड़ टन तक कोयले का उत्पादन होता था, लेकिन इस बार यह आंकड़ा एक अरब टन का होने वाला है। भारत कोयला उत्पादन के मामले में न केवल आत्मनिर्भर बनेगा बल्कि आने वाले समय में इसका आयात बंद कर दिया जाएगा। श्री जोशी ने एक अन्य पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि देश में वाणिज्यिक कोयला खनन शुरू हो गया है और इस साल ऐसी खदानों से डेढ़ करोड़ टन कोयला उत्पादन होगा। उन्होंने कहा कि देश में वाणिज्यिक कोयला खनन के लिए 91 ब्लॉक की नीलामी की गयी थी और उनमें वाणिज्यिक खनन शुरू हो गया है।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में लखनऊ बार एसो. के अधिवक्ताओं का सम्मान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** कानपुर रोड एलडीए कालोनी के स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की सातवीं सांस्कृतिक संध्या पर बुधवार को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक सुरेश चंद्र तिवारी एवं लखनऊ बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेश पांडेय व आयोजक अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा द्वारा द्वीप प्रज्जवल्लन कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ किया गया।

अधिवक्ताओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस दौरान सांस्कृतिक मंच से लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश पांडेय उपाध्यक्ष प्रसून शुक्ला महामंत्री कुलदीप नारायण मिश्र अधिवक्ता गोविन्द कन्नौजिया अखिलेश जायसवाल ( पूर्व मंत्री सेन्ट्रल बार एसोसिएशन) समेत अन्य अधिवक्ताओ का मंच से आयोजक अरुण प्रताप सिंह एवं गुंजन वर्मा द्वारा पुष्प गुच्छ अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में एसडीएम सरोजनीनगर राजेश विश्वकर्मा एवं भाजपा पार्षद गौरी सावरियां विधायक सरोजनीनगर प्रतिनिधि प्रदीप मिश्रा व वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र सिंह और अंशुमान सिंह उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक मंच से रंगारंग कार्यक्रम के दौरान सखी इस्माइल इण्डिया फाउंडेशन के कलाकारों द्वारा गुनगुन एवं पल्ल्वी ने श्री गणेश देवा पर जुगलबंदी नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों एवं दर्शको का मन प्रफुल्लित कर दिया। इसी क्रम में खुशी गुलाबो प्रिया जान्हवी ने झूमे रे गोरी गाने पर ग्रुप डांस कर सभी का मनमोह लिया। यूपी वाला ठुमका गाने पर अमृतेश ने डांस प्रस्तुत कर दर्शको को ठुमका लगाने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान संस्था संरक्षक समीर शेख व महोत्सव समिति के मनोज सिंह चौहान, हेमू चौरसिया, सचिन गुप्ता,नीरज यादव उपस्थित रहे। महोत्सव के सातवें दिन रंगमंच का संचालन प्रदीप शुक्ला एवं रॉकी गिल ने किया। सांस्कृतिक संध्या प्रभारी विजय गुप्ता ने रंगमंच को संभाला।

# अकेलापन ठीक नहीं



यदि आप अकेलापन महसूस कर रहे हैं तो ऐसे में सेल्फकेयर आपका सबसे अच्छा दोस्त बन सकता है। खुद को अपनी देखभाल में व्यस्त रखें, हेल्दी डाइट लें, नियमित एक्सरसाइज करें, स्किन केयर, हेयर केयर और अपनी अन्य पसंदीदा गतिविधियों में भाग लें। ये सभी गतिविधियां आपको व्यस्त रखते हुए बेहतर महसूस करने में मदद करेंगी। इसके साथ ही ये सभी गतिविधियां मानसिक स्वास्थ्य से लेकर शारीरिक एवं त्वचा स्वास्थ्य के लिए भी कमाल की होती हैं। चाहें तो किसी प्रकार के सोशल वर्क का हिस्सा भी बन सकते हैं। यह आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा रहेगा। सोशल वर्क के दौरान आपको कई ऐसे लोग मिलेंगे जिनके साथ वक्त बिताकर आपको अपना अकेलापन बांटने में मदद मिलेगी। याद रहे कि किसी भी समस्या से बाहर आने के लिए उस समस्या के प्रति पूरी जानकारी होना बेहद महत्त्वपूर्ण है।

20 नवम्बर की एक खबर है कि नोएडा में अकेलेपन की जिंदगी की परेशानियों से हताश होकर युवती ने जिंदगी समाप्त कर ली। यह महिला एक निजी कंपनी में नौकरी करती थी। प्रारंभिक जांच में पिछले कुछ दिनों से महिला के डिप्रेशन में होने की बात सामने आई है। ऐसी अनेक घटनाएं और भी सामने आ रही हैं जहां अकेले रहने वाले कई सेलेब्रिटी और स्टार भी दौलत, शोहरत और रुतबा होने के बावजूद अकेलेपन की मानसिक व्यथा के कारण जिंदगी से मुंह मोड़ रहे हैं। हमारे समाज को इस पर ध्यान देने की तुरंत जरूरत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो अकेलेपन की समस्या दुनिया भर में तेजी से फैल रही है। चिंता की बात यह है कि भारत भी इसमें शामिल है। हम अपने आसपास देखते हैं कि आजकल लोगों को अकेले रहना काफी पसंद आता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि लोगों का मानना होता है कि वे खुद को टाइम दे पाते हैं। इससे नई सोच बेहतर होती है। अगर आप भी उन्हीं लोगों में से हैं जिन्हें अकेलापन पसंद आता है तो आपको सावधान होने की जरूरत है, क्योंकि अकेलापन आपके लिए खतरनाक साबित हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अकेलेपन को सिगरेट पीने जितना नुकसानदायक बताया है। संगठन के मुताबिक 15 सिगरेट पीने से जितना शरीर को नुकसान पहुंचता है, उतना ही नुकसान अकेलेपन से पहुंचता है। अकेलेपन के कारण डिमेंशिया का रोग विकसित होने का खतरा 50 फीसदी तक बढ़ जाता है। इसके अलावा अकेलेपन के कारण कोरोनरी धमनी रोग और स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ जाता है। हम सभी की जिंदगी उतार-चढ़ाव से भरी हुई होती है। जिंदगी में कभी कुछ अच्छा होता है, तो कभी हम जैसा सोचते हैं, जिंदगी वैसे बिल्कुल नहीं चलती है। अक्सर जिंदगी में कुछ ऐसे मोड़ आते हैं, जब हम हिम्मत हार जाते हैं, मायूस हो जाते हैं, अकेलापन महूसस करने लगते हैं। ऐसे वक्त पर खुद को संभालना बहुत जरूरी होता है। कई बार लोगों के बीच में भी आपको अकेलापन महसूस होता है और कुछ लोगों के आसपास उन्हें समझने और सहारा देने के लिए कोई नहीं होता है। ऐसे में वे अकेला महसूस करने लगते हैं। जीवन में किसी लक्ष्य का न होना कई बार अकेलेपन और तनाव की वजह बन जाता है। ऐसे में अपने लिए एक रूटीन सेट करें। एक्सरसाइज, काम, पढ़ाई और रिलेक्स सब कुछ करने के लिए एक टाइम टेबल तय करें। इससे आपको व्यस्त रहने में मदद मिलेगी। जितना जरूरी दूसरों को समझना, उनसे प्यार करना है, उससे भी ज्यादा जरूरी खुद को समझना है। अक्सर हम खुद पर बहुत हार्श हो जाते हैं, खुद को दोष और जजमेंट के जाल में फंसा लेते हैं। ऐसा न करें। जिस तरह मुश्किल वक्त में आप अपने दोस्तों को समझने की कोशिश करते हैं, वैसे ही खुद को भी समझें। अगर आप अकेला महसूस कर रहे हैं, तो अपने इस वक्त को खुद को खोजने में और पर्सनल ग्रोथ में लगाएं। अपने इंट्रेस्ट पर फोकस करें।

# अयोध्या आंदोलन के इतिहास में छह दिसंबर है बेहद खास

फैजाबाद के जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में सुबह 9 बजे पूजा-पाठ चल रहा था। लोग भजन-कीर्तन कर रहे थे। दोपहर 12 बजे के आसपास दोनों ने विवादित ढांचा परिसर का दौरा भी किया था। हालांकि, दोनों ही यह भांपने में नाकाम रहे कि कुछ देर बाद ही वहां ऐसा कुछ भी होने वाला है, जिसे कई दशकों तक याद किया जाएगा। उनके दौरे के कुछ देर बाद वहां का माहौल एकदम बदल गया। दोपहर में अचानक माहौल बदलता चला गया। विहिप ने प्लान बनाया कि राम जन्मभूमि परिसर से एक-एक मुट्ठी बालू ले जाकर सरयू में डालेंगे और प्रतीकात्मक कारसेवा करेंगे, लेकिन कारसेवक इससे सहमत नहीं थे। रामभक्तों ने संकल्प लिया कि मुख्य विवाद की जड़ यह विवादित ढांचा है इसलिए हम इस ढांचे को हटाकर ही मानेंगे। तीस अक्टूबर और दो नवंबर 1990 को अयोध्या में कारसेवकों पर गोलीबारी की घटना को याद कर कारसेवक लगातार उत्तेजित हो रहे थे। फिर क्या था देखते ही देखते कारसेवक बैरीकेटिंग तोड़कर विवादित ढ़ांचे के पास पहुंच गये। मंच से कारसेवकों को रोकने का प्रयास हुआ, लेकिन वह नहीं माने। कारसेवकों ने विवादित ढांचे को घेर लिया। कुछ ऊपर चढ़ने लगे, कुछ अंदर घुस गये।



अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर तेजी से आकार ले रहा है। आगामी 22 जनवरी को रामलला नए मंदिर के गर्भगृह में विराजमान होंगे। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का यह क्षण ऐसे ही नहीं आ गया। इसके लिए करीब पांच सौ वर्षों तक हिंदू समाज को संघर्ष करना पड़ा है। इस संघर्ष में 06 दिसंबर 1992 का दिन विशेष महत्व रखता है। इस दिन कारसेवकों ने जन्मभूमि पर विवादित ढांचा हटाकर राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था। क्योंकि जन्मभूमि से विवादित ढ़ांचा हटाये बिना मंदिर निर्माण की कल्पना नहीं की जा सकती थी।

विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय मंत्री अम्बरीष सिंह ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में कहा कि 06 दिसंबर 1992 की घटना हिन्दू समाज का शौर्यावतार थी। छह दिसंबर 1992 की घटना के बाद हिन्दुओं ने यह संदेश दिया कि अब हम अपने मानबिन्दुओं का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकते। पांचवी धर्मसंसद की घोषणा के अनुसार संतों के आह्वान पर 06 दिसंबर 1992 को लाखों रामभक्त अयोध्या पहुंच गए। हिन्दू हृदय सम्राट अशोक सिंहल, श्रीराम जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष एवं दिगम्बर अखाड़े के महंत रामचन्द्रदास परमहंस के नेतृत्व में दिग-दिगन्त में 'रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे' जैसे नारे गूंज रहे थे। विवादित ढांचे से करीब 200 मीटर की दूरी पर बने विशाल मंच पर कई नेता, साधु-संत बैठे थे। इस मंच पर लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, उमा भारती, कलराज मिश्र और विनय कटियार समेत कई नेता मौजूद थे। फैजाबाद के जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में सुबह 9 बजे पूजा-पाठ चल रहा था। लोग भजन-कीर्तन कर रहे थे। दोपहर 12 बजे के आसपास दोनों ने विवादित ढांचा परिसर का दौरा भी किया था। हालांकि, दोनों ही यह भांपने में नाकाम रहे कि कुछ देर बाद ही वहां ऐसा कुछ भी होने वाला है, जिसे कई दशकों तक याद किया जाएगा। उनके दौरे के कुछ देर बाद वहां का माहौल एकदम बदल गया। दोपहर में अचानक माहौल बदलता चला गया। विहिप ने प्लान बनाया कि राम जन्मभूमि परिसर से एक-एक मुट्ठी बालू ले जाकर सरयू में डालेंगे और प्रतीकात्मक कारसेवा करेंगे, लेकिन कारसेवक इससे सहमत नहीं थे। रामभक्तों ने संकल्प लिया कि मुख्य विवाद की जड़ यह विवादित ढ़ांचा है इसलिए हम इस ढांचे को हटाकर ही मानेंगे। तीस अक्टूबर और दो नवंबर 1990 को अयोध्या में कारसेवकों पर गोलीबारी की घटना को याद कर कारसेवक लगातार उत्तेजित हो रहे थे। फिर क्या था देखते ही देखते कारसेवक बैरीकेटिंग तोड़कर विवादित ढ़ांचे के पास पहुंच गये। मंच से कारसेवकों को रोकने का प्रयास हुआ, लेकिन वह नहीं माने। कारसेवकों ने विवादित ढांचे को घेर लिया। कुछ ऊपर चढ़ने लगे, कुछ अंदर घुस गये। इस बीच सीआरपीएफ के जवानों ने हवाई फायर भी किया। तुरंत बजरंग दल के तत्कालीन राष्ट्रीय संयोजक विनय कटियार ने कहा कि जितने भी सुरक्षाकर्मी हैं अपने स्थान से 10 कदम पीछे हो जायें। फिर तो जय श्रीराम और हर-हर महादेव का नारा लगाते कारसेवक ढ़ांचे को तोड़ने में लग गये। साध्वी ऋतम्भरा ने मंच से बोला कि एक धक्का और दो बाबरी ढांचा तोड़ दो। फिर जिसकी वर्षो से प्रतीक्षा थी, 1528 से हिंदू पौरुष को चुनौती दे रहा कलंक का प्रतीक विवादित ढांचा ढह गया। अशोक सिंघल के कहने पर 06 दिसंबर 1992 को ढांचा ढह जाने के बाद तत्काल बीच वाले गुम्बद के स्थान पर भगवान का सिंहासन और ढांचे के नीचे परम्परा से चला आ रहा विग्रह सिंहासन पर स्थापित कर पूजा प्रारम्भ कर दी गयी। हजारों भक्तों ने रात-दिन लगभग 36 घंटे मेहनत करके बिना औजारों के केवल हाथों से उस स्थान के चार कोनों पर चार बल्लियां खड़ी करके कपड़े लगा दिए। पांच-पांच फीट ऊंची, 25 फीट लंबी, 25 फीट चौड़ी ईंटों की दीवार खड़ी कर दी और बन गया मंदिर। अस्थाई मंदिर का निर्माण बाबा सत्य नारायण मौर्य ने किया था। 08 दिसंबर 1992 को अतिप्रातः सम्पूर्ण अयोध्या में कर्फ्यू लग गया। परिसर केन्द्रीय सुरक्षा बलों के हाथ में चला गया, परंतु केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवान भगवान की पूजा करते रहे। एडवोकेट हरिशंकर जैन ने उच्च न्यायालय में गुहार लगाई कि भगवान भूखे हैं। राग, भोग, पूजन की अनुमति दी जाए। एक जनवरी 1993 को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति हरिनाथ तिलहरी ने दर्शन-पूजन की अनुमति प्रदान की। विहिप के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा कि 06 दिसंबर 1992 को ढांचा गिरने के बाद उसकी दीवारों से शिलालेख प्राप्त हुआ था। विशेषज्ञों ने पढ़कर बताया कि यह शिलालेख 1154 ई. का है। इसमें संस्कृत में 20 पंक्तियां लिखी हैं। ऊं नमः शिवाय से यह शिलालेख प्रारम्भ होता है। विष्णुहरि के स्वर्ण कलशयुक्त मंदिर का इसमें वर्णन है। अयोध्या के सौन्दर्य का इसमें वर्णन है। दशानन के मान-मर्दन करने वाले का वर्णन है।

# सर्दियों में चाय नहीं पीएं दालचीनी का काढ़ा



सर्दियों के मौसम में कई तरह की मौसमी बीमारियों और वायरल फ्लू होने का खतरा रहता है। इस समस्याओं से बचाव के लिए लोग हेल्दी डाइट लेते हैं ताकि इम्यूनिटी स्ट्रांग हो और बीमारी से लड़ने के लिए शरीर में ताकत हो। आप दालचीनी का काढ़ा भी अपनी डाइट में शामिल करें। इस काढ़े को पीने से सर्दी- जुकाम और वायरल जैसी समस्याओं से बचाव होता है। दालचीनी में मौजूद थायमिन, कैल्शियम, नियासिन, विटामिन और पोटेशियम पीने से शरीर अंदर से स्ट्रांग करते हैं। आइए आपको बताते हैं दालचीनी का काढ़ा बनाने पीने के फायदे और इसे बनाने की विधि...

**दालचीनी का काढ़ा पीने के फायदे**

**वेट लॉस**

वजन को कंट्रोल करना चाहते हैं तो दालचीनी और अदरक की चाय के काढ़े का सेवन करें। इसमें मौजूद पोषक तत्व वजन को कंट्रोल करने में मददगार हैं।

**सर्दी-जुकाम**

सर्दी-जुकाम से बचाव के लिए आप दालचीनी और अदरक का काढ़ा पी सकते हैं। इसमें मौजूद एंटी वायरल, एंटी- बैक्टीरियल प्रॉपर्टीज, सर्दी-जुकाम की समस्या को दूर करने में फायदेमंद होती है।

**जॉइंट पेन**

सर्दियों में होने वाले जोड़ों में दर्द और सूजन की समस्या से बचाव के लिए आप दालचीनी और अदरक का काढ़ा पी सकते हैं। इस चाय में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, यहां सूजन को कम करने में मदद करते हैं।

**ऐसे बनाएं दालचीनी का काढ़ा**

**सामग्री**

- दालचीनी- 1 चम्मच
- अदरक- आधा कटा हुआ
- तुलसी के पत्ते- 3-4
- काली मिर्च पाउडर- 1 चम्मच
- मुनक्का- 1 से 2
- लौंग- 3-4

**हल्दी पाउडर- आधा चम्मच**

दालचीनी का काढ़ा बनाने का तरीका

इस काढ़े को बनाने के लिए एक पैन में पानी डालें और उसमें अदरक, दालचीनी, तुलसी का पत्ता, काली मिर्च पाउडर, लौंग, मुनक्का और हेल्दी पाउडर डालें। इसके बाद इस पानी को कम से कम 15- 20 मिनट के लिए उबलने के लिए छोड़ दें। उबल जाने के बाद इस पानी को छान लें और हल्का ठंडा होने दें। स्वाद के लिए शहद मिला लें। तैयार है आपका दालचीनी का काढ़ा।

# सर्दियों में यूं चुटकियों में साफ करें बर्तन

सर्दी के मौसम में लोग पानी से जुड़े कम ही काम करना पसंद करते हैं, क्योंकि पानी ठंडा होता है और हाथ में बर्फ जैसे ठंडे हो जाते हैं। लेकिन बर्तन धोना एक ऐसा काम है जो हर महिला को मजबूरी में करना ही होता है। न चाहते हुए बर्तन साफकरने के लिए ठंडे पानी में हाथ डालना ही पड़ता है। हालांकि अगर सर्दियों में आपका बर्तन धोने का मन बिल्कुल ही करता है और कोई आसान ट्रिक की तलाश में हैं तो ये स्टोरी आपके लिए है...



**ग्लव्स का करें इस्तेमाल**

सर्दियों में साफ बर्तन को धोने के लिए ग्लव्स का इस्तेमाल करना एक बहुत अच्छा ऑप्शन है। इससे आपको ठंड भी कम लगती है और आपके हाथों की सॉफ्टनेस भी बनी रहती है। ऐसे में बर्तन धोने से पहले हाथों में ग्लव्स पहन लें। साथ में सिंक में ढेर सारे बर्तन इक्ट्ठा करने के बजाए थोड़े- थोड़े बर्तनों को धोते रहें।

**गर्म पानी से धोएं बर्तन**

सर्दियों में बर्तनों को चुटकियों में चमकाने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल बेस्ट होता है। ऐसे में बर्तन धोने से पहले सारे बर्तनों को गर्म पानी में भिगो लें। कुछ समय के बाद बर्तनों को निकालकर स्पंज से रह करने से बर्तन जल्दी साफहो जाएंगे।

**जले बर्तनों को ऐसे करें चुटकियों में क्लीन**

सर्दियों में जले बर्तनों को साफकरना काफी मुश्किल काम होता है। ऐसे में नमक की मदद से आप बर्तनों तो आसानी से चमका सकते हैं। इसके लिए स्क्रब पैड पर नमक और डिश वॉश लगाकर बर्तनों को रब करें। इससे जले हुए बर्तन आसानी से साफहो जाएंगे।

**ये है सर्दियों में बर्तन चमकाने का बेस्ट तरीका**

1. सर्दियों में सभी तरह के बर्तनों को मिनटों में क्लीन करने के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खे ट्राई कर सकते हैं।
2. इसके लिए सिंक की नाली बंद करके बर्तनों को इसमें डालें और सिंक में पानी भर दें।
3. अब इस पानी में 2 चम्मच बेकिंग सोडा, 2 चम्मच सिरका, नींबू का रस और 1 कप हाइड्रोजन पेरोक्साइड मिक्स कर दें।
4. 15 मिनट बाद साफपानी से धोने पर बर्तन बिल्कुल नए जैसे चमक जाएंगे।